* ओड़िशा संस्करण

21 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 61

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

कांग्रेस संसदीय दल की बैठक हुई। सोनिया गांधी ने कहा, सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया।






# बगैर बदलाव स्थानीय नीति पास

## 1932 खतियान आधारित ही रहेगी, ओबीसी आरक्षण संबंधित विधेयक भी फिर से पारित

- विधानसभा शीतकालीन सत्र का चौथा दिन
- राज्यपाल ने पहले लौटा दिया था विधेयक

विधानसभा से दोबारा 1932 का स्थानीय नीति परिभाषित करने संबंधी विधेयक पास हो गया है। इसके पहले बीते साल 2022 में 11 नवंबर को विशेष सत्र के दौरान यह विधेयक पारित हुआ था, जिसे राज्यपाल ने कुछ सुझाव के साथ संशोधन के लिए लौटा दिया था। शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को बगैर किसी संशोधिन के विधेयक को फिर से पारित कर दिया गया। वहीं, झारखंड पदों-सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक -2023 भी विधानसभा से पास हो गया। इस विधेयक को भी राज्यपाल ने वापस किया था, जिसे सरकार ने बिना संशोधन के सदन में पेश किया था। इस विधेयक में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार की तरफ से विधेयक पर अपना विचार सदन में रखा। उन्होंने कहा कि विधेयक में संशोधन की जरूरत नहीं है।

## राज्यपाल को संशोधन का अधिकार नहीं: हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीयता में इस राज्य के करोड़ों आदिवासी और मूलवासी की अस्मिता एवं पहचान जुड़ी हुई है। उनकी यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है। उनकी भावना एवं आकांक्षा के अनुरूप पिछले वर्ष 11 नवंबर को इस सदन ने ध्वनिमत से पारित कर इसे राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा था। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जब अलग राज्य की लंबी लड़ाई लड़ी, तो उस वक्त भी यहां के स्थानीय व्यक्तियों का झारखंड राज्य की संपदा और नौकरियों पर हक रहे, इसी जन भावना से वह लंबी लड़ाई लड़ी थी। परंतु दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड बनने के बीस वर्षों तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी।

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्यपाल महोदय ने अपने संदेश के साथ अटॉर्नी जनरल का वैधिक परामर्श भी संलग्न किया है एवं तद्नुसार विधेयक पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है। अटॉर्नी जनरल ने अपने परामर्श की कंडिका- 9 से 15 में स्थानीयता की परिभाषा एवं उसके आधार पर सुविधाएं उपलब्ध कराने को पूरी तरह से जायज ठहराया है एवं राज्य के प्रयास की सराहना की है। परंतु विधेयक की धारा-6 पर परामर्श के लिए अटॉर्नी जनरल ने जिस चेब्रोलु ??लीला प्रसाद राव बनाम आंध्रप्रदेश तथा सत्यजित कुमार बनाम झारखंड राज्य में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को अपना आधार बनाया है, उस संबंध में मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहूंगा कि ये दोनों ही फैसले वर्तमान विधेयक के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक नहीं हैं।

हेमंत सोरेन ने कहा कि दोनों आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दी है कि संविधान की पांचवीं अनुसूची की कंडिका-5 (1) में राज्यपाल को कानून बनाने अथवा उसमें संशोधन करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। संविधान के अनुच्छेद-309 के तहत नियम बनाने की यह शक्ति राज्य की विधानसभा को प्राप्त है। इसी कारण से हम लोगों ने विधेयक बनाने और इस पर विधानसभा की सहमति प्राप्त करने एवं उसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार अटॉर्नी जनरल द्वारा जिन अन्य आदेशों का उल्लेख किया गया है, उनमें से इंदिरा साहनी बनाम भारत का संबंध पिछड़े वर्ग को आरक्षण उपलब्ध कराने से है। दक्षिण रेलवे बनाम रंगाचार का संबंध एससी-एसटी को प्रोन्नति में आरक्षण उपलब्ध कराने से है। अखिल भारतीय शोषित कर्मचारी संघ (रेलवे) बनाम भारत सरकार का संबंध एसटी-एससी वर्ग के लिए आरक्षित पदों की रिक्ति को आगामी वर्षों में कैरी फारवर्ड करने से है। केरल राज्य बनाम एनएम थॉमस का संबंध एसटी-एससी श्रेणी के लोगों को प्रोन्नति देने से है। जबकि इसके विपरीत वर्तमान विधेयक का उद्देश्य स्थानीयता परिभाषित करना एवं उसके आधार पर स्थानीय को रोजगार सहित अन्य लाभ प्रदान करना है। इस प्रकार इन सभी मामलों में पारित आदेश का वर्तमान विधेयक से किसी प्रकार का संबंध स्थापित नहीं होता है। यहां उल्लेखनीय है कि अटॉर्नी जनरल ने अपने परामर्श में यह भी उल्लेख नहीं किया है कि कई राज्यों के द्वारा विभिन्न वर्गों को 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण उपलब्ध कराने का प्रावधान भी नौवीं अनुसूची में शामिल कर लिये जाने के फलस्वरूप ज्यूडिशियल रिव्यू से सुरक्षित हो चुका है।

(शेष पेज 04)



### 1985 कट ऑफ कर लाखों नौकरियां दीं: बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 1932 पर ये लोग सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। इन्हें यहां के लोगों से कोई मतलब नहीं है। हम लोग 1932 के साथ आज भी हैं, कल भी रहेंगे। हम लोगों ने 1985 का कट ऑफ लागू कर के भी लाखों नौकरियां दीं और मैं प्रमाण दे सकता हूं कि 95 प्रतिशत नौकरियां झारखंडियों को मिली हैं। उन्होंने कहा कि 1932 से जुड़े विधेयक पर राज्यपाल ने कुछ सुझाव दिये हैं। अटॉर्नी जनरल से यह सुझाव मंगाया गया है, लेकिन उसे दरकिनार करते हुए बगैर कोई संशोधन के दोबारा से विधेयक लाने का मतलब ये लोग झारखंडियों का भला नहीं चाहते हैं।

### विधानसभा से चार विधेयक को मंजूरी

विधानसभा से 1932 आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने संबंधित विधेयक समेत शाइन नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 और प्रज्ञान इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 कुल चार विधेयक बुधवार को पारित किये गये।

## न्यूज रील्स

### लालू और तेजस्वी को इडी का समन

पटना। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्र बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को समन भेजा है। उन्हें रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में मनी लांड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। तेजस्वी यादव को 22 दिसंबर और लालू को 27 दिसंबर को एजेंसी के सामने पेश होन को कहा गया है।

### प्रधानमंत्री से मिलीं ममता बनर्जी

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने केंद्र की तरफ से बंगाल को मिलने वाला फंड रोके जाने की शिकायत की। इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने ममता बनर्जी से कहा कि राज्य और केंद्र के अधिकारी इस मुद्दे को सुलझायेंगे।

### संजीव को साहित्य अकादमी पुरस्कार

नयी दिल्ली। साहित्य अकादमी सम्मान की बुधवार को घोषणा की गयी। इस वर्ष का साहित्य अकादमी सम्मान संजीव को उनके उपन्यास 'मुझे पहचानो' के लिए दिया जा रहा है। इसकी घोषणा साहित्य अकादेमी के सचिव डॉ के श्रीनिवासराव ने की। संजीव का जन्म 6 जुलाई, 1947 में उत्तर प्रदेश के बांगरकलां गांव में हुआ। कार्यक्षेत्र के रूप में 38 वर्षों तक रासायनिक प्रयोगशाला में कार्य करने के बाद स्वतंत्र लेखन करते रहे, उसके बाद 7 वर्षों तक 'हंस' समेत अनेक पत्रिकाओं के संपादन एवं स्तंभलेखन का कार्य किया।

## तीन नये क्रिमिनल विधेयक लोकसभा में पास

# नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग पर फांसी की सजा

**अग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून भी खत्म**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा से बुधवार को तीन नये क्रिमिनल विधेयक पास हो गये। अब इसे राज्यसभा में रखा जायेगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जायेगा। इसे पेश करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून खत्म किया गया है। नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग जैसे अपराध में फांसी की सजा दी जायेगी।

बिल पर लोकसभा में अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों का बनाया राजद्रोह कानून, जिसके चलते तिलक, गांधी, पटेल समेत देश के कई सेनानी कई बार छह-छह साल जेल में रहे, वह कानून अब तक चलता रहा। क्योंकि अब देश आजाद हो चुका है, लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। यह उनका अधिकार है। अगर कोई देश की सुरक्षा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करेगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर कोई सशस्त्र विरोध करता है, बम धमाके करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, उसे आजाद रहने का हक नहीं, उसे जेल जाना ही पड़ेगा।

**बच्ची से रेप के आरोपी को फांसी की सजा :** अमित शाह ने कहा कि पहले रेप की धारा 375, 376 थी, अब जहां से अपराधों की बात शुरू होती हैं, उसमें धारा 63, 69 में रेप को रखा गया है। गैंगरेप को भी आगे रखा गया है। बच्चों के खिलाफ अपराध को भी आगे लाया गया है। 18 साल से कम की बच्ची के साथ रेप में फिर फांसी की सजा का प्रावधान रखा है।

**गैर इरादतन हत्या को कैटेगिरी में बांटा:** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संगठित अपराध की भी पहली बार व्याख्या की गयी है, इसमें साइबर क्राइम, लोगों की तस्करी, आर्थिक अपराधों का भी जिक्र है। इससे न्यायपालिका का काम काफी सरल होगा। गैर इरातन हत्या को दो हिस्सों में बांटा।




# शमी समेत 26 को अर्जुन अवॉर्ड
# सात्विक और चिराग को खेल रत्न

**राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का एलान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** खेल पुरस्कारों के लिए नाम का एलान हो गया है। भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा। वहीं, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न सम्मान के लिए भारत के दो युवा बैडमिंटन स्टार को चुना गया है। इस साल के लिए खेल रत्न पुरस्कार चिराग शेट्टी और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी को दिया जायेगा। इन दोनों ने दुनिया भर में बैडमिंटन युगल में भारत का नाम रोशन किया है। खेल मंत्रालय ने इन सभी नामों की पुष्टि की है।

सभी खिलाड़ी जनवरी में सम्मानित किये जायेंगे और इसके लिए विशेष आयोजन होता है। उसी दौरान यह खेल पुरस्कार दिये जायेंगे। खिलाड़ी राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किये जायेंगे। खेल मंत्रालय के मुताबिक 26 एथलीट्स अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित होंगे। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों का चयन उस साल उनके प्रदर्शन को देख कर किया जाता है। खेल विभाग उनके नाम की सिफारिश करता है। अर्जुन अवॉर्ड्स पाने वालों कि लिस्ट में लंबी कूद के एथलीट श्रीशंकर, स्टार पैरा एथलीट शीतल देवी, स्टार महिला हॉकी प्लेयर सुशीला चानू समेत 26 एथलीट्स शामिल हैं।




### खेल रत्न अवॉर्ड

चिराग शेट्टी (बैडमिंटन), सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी (बैडमिंटन)

### अर्जुन अवॉर्ड

ओजस प्रवीण देवताले (तीरंदाजी), आदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (बॉक्सिंग), आर वैशाली (शतरंज), मोहम्मद शमी (क्रिकेट), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानु (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), सरीन (खो-खो), पिंकी (लॉन बॉल्स), ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर (शूटिंग), ईशा सिंह (शूटिंग), हरिंदर पाल सिंह ( स्क्वैश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (रेसलिंग), अंतिम (रेसलिंग), रोशी बिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा आर्चरी), अजय कुमार (ब्लाइंड क्रिकेट), प्राची यादव (पैरा कैनोइंग)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# उप राष्ट्रपति की मिमिक्री, राहुल की वीडियोग्राफी और विपक्षी सांसदों का हंसना शेमफूल एक्ट है

## यह उप राष्ट्रपति का नहीं, भारत की महान संवैधानिक परंपरा का अपमान है

आजाद सिपाही विशेष

भारतीय संसद, जिसे दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित और महान संसद का दर्जा हासिल है, मंगलवार को एक बार फिर शर्मसार हुई। संसद के मकर द्वार पर जिस तरह विपक्षी सांसदों ने देश के उप राष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाया, उनकी भोंदा नकल उतारी, उससे न केवल देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान हुआ, बल्कि भारत की महान संवैधानिक परंपरा भी अपमानित हो गयी। ऐसा करते समय वे भूल गये कि वे माननीय सांसद हैं। एक तरफ जहां टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी जिस भौंडे आचरण का प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के तपस्वी और युवराज राहुल गांधी जिस तरह मजा लेकर, सांसद की भोंडी हरकत की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे थे और विपक्ष के बाकी सांसद हंस रहे थे, तालियां मार रहे थे, दरअसल वह अपने मानसिक दिवालियेपन का नमूना पेश कर रहे थे। वहीं बात-बात पर लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देनेवाले राजद से राज्यसभा सांसद मनोज झा भी कपार पकड़ कर हिलते-हिलते हंस रहे थे। उस वक्त उन्हें लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की बात याद न आयी। शर्म आ रही है लिखने में भी, लेकिन लिखना तो पड़ेगा। इन सांसदों का आचरण देख कर कहीं से ऐसा नहीं लग रहा था कि ये देश के नीति निर्धारक हैं और देश चलाना चाहते हैं। दरअसल, विपक्ष के पास मोदी का काट नहीं बचा। अब उसके पास स्टैंडअप कॉमेडी का ही काम बचा है, जिसे वह बखूबी कर रहा है। जिस तरह से कांग्रेस का हिंदी पट्टी राज्यों से सफाया हो रहा है, जिसमें अहम योगदान राहुल गांधी का माना जा रहा है। इधर राहुल गांधी की वीडियोग्राफी को लेकर जाट नाराज हो गये हैं। लोकसभा चुनाव के चार-पांच माह बाद ही हरियाणा में विधानसभा चुनाव हैं। मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में वहां पर कांग्रेस पार्टी, मजबूत स्थिति में बतायी जाती है। जाट समुदाय से आने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सत्ता वापसी के लिए दिन रात एक किये हुए हैं। ऐसे में अब उपराष्ट्रपति धनखड़ की मिमिक्री और राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो बनाना, इन सब बातों ने जाट समुदाय को नाराज कर दिया। मतलब फिर से किये कराये पर पानी फेरने का काम हो गया है। विपक्ष का यह आचरण न केवल अनुचित और गलत है, बल्कि इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाये, कम है। देश की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक ने इस घटना पर दुख जताया है। विपक्षी सांसदों का यह आचरण भारत की महान संसदीय परंपरा का वह काला अध्याय बन चुका है, जिसे कोई याद नहीं रखना चाहेगा। यह भी तय है कि बदनामी के इस कलंक को भारत की 140 करोड़ जनता कभी भूल नहीं सकेगी। संसद भवन परिसर में हुई इस शर्मनाक घटना के क्या हैं कारण और क्या होंगे परिणाम, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

### कम से कम राहुल गांधी से यह अपेक्षा नहीं थी

भारत की संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है और हमारे देश के सम्मान और स्वाभिमान की प्रतीक भी है। संसद भवन कोई इमारत मात्र नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं की पूर्ति करनेवाला पवित्र स्थल भी है। संसद से हर भारतीय गहरा भावनात्मक लगाव रखता है, लेकिन जिस तरह से संसद के कुछ सदस्य ही संसद की मर्यादा और सम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं, वह सचमुच आहत करनेवाला है। देखा जाये तो विपक्ष के बड़े नेता विदेशी धरती पर जाकर तो भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाते ही हैं, अब उन्होंने देश में भी संसदीय लोकतंत्र का उपहास उड़ाना शुरू कर दिया है। अमर्यादित आचरण के चलते सदन से निलंबित किये गये विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद को संविधान की कब्रगाह बताते हुए इसकी तुलना उत्तर कोरियाई सदन से कर हर भारतीय का दिल दुखाया है। शिरोमणि अकाली दल की नेता और सांसद हरसिमरत कौर बादल को संसद संविधान की कब्रगाह नजर आयी, तो दूसरी ओर तमाम तरह के आर्थिक अपराधों के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने दावा कर दिया कि संसद जल्द ही उत्तर कोरियाई सदन की तरह हो जायेगी। कार्ति चिदंबरम ने कहा कि हम उत्तर कोरियाई सदन की तरह बनने वाले हैं और केवल एक चीज की कमी है कि जब प्रधानमंत्री सदन के अंदर आयें, तो सब साथ मिल कर तालियां बजायें। कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह एक सांकेतिक सदन बननेवाला है। मामला यहीं रुक जाता, तो एक बात थी। विपक्षी सांसदों ने संवैधानिक मर्यादा की सारी सीमाएं ही नहीं तोड़ीं, उन्होंने संवैधानिक पद का मजाक भी उड़ाया। उन्होंने संसद भवन परिसर में इकट्ठा होकर वह सब किया, जो किसी भी शिष्ट और शरीफ भारतीय को शर्मसार करने के लिए काफी था। निलंबन के बाद विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार की सीढ़ियों पर जमा हुए। पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर से टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति सह देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतार कर उनका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। उनकी इस हरकत पर तमाम विपक्षी सांसद हंस रहे थे, ठहाके लगा लगा रहे थे। हद तो तब हो गयी, जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस घटना की वीडियो बनाने लगे। राहुल गांधी से ऐसी उम्मीद नहीं थी। ऐसा करते समय वह यह भूल गये कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर के सदस्य हैं, जो देश पर शासन करने का दावा करते हैं। उनका यह आचरण उस सड़क छाप जैसा था, जो अपने घर के बड़े-बुजुर्गों को इसी तरह सरेआम बेइज्जत करता है।




### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी दुखी

विपक्षी सांसदों का यह आचरण देश को पूरी दुनिया में बदनाम कर गया है। इसलिए यह मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा इसे लेकर विपक्ष को घेर रही है। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्षी सांसदों की हरकत की आलोचना की है। राष्ट्रपति ने उप राष्ट्रपति के अपमान को गलत बताया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसी मुद्दे पर उप राष्ट्रपति धनखड़ को फोन किया और विपक्षी सांसदों की हरकत को लेकर दुख जताया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने धनखड़ की विपक्ष की हरकत पर निराशा जतायी है।

उन्होंने लिखा है कि जिस तरह से उप राष्ट्रपति का अपमान किया गया है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। चुने हुए प्रतिनिधि अपनी बात कहने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन अभिव्यक्ति भी गरिमा के अनुसार होनी चाहिए। हमें अपनी संसदीय परंपरा पर गर्व है और देश की जनता भी इस परंपरा को बनाये रखने की उम्मीद कर रही होगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी विपक्ष के इस आपत्तिजनक व्यवहार को लेकर दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि वह भी इस तरह की बेइज्जती पिछले 20 साल से झेल रहे हैं। लेकिन देश के उप राष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ, और वह भी संसद में, ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने उप राष्ट्रपति से सहानुभूति जताते हुए जो कुछ कहा है, वह मात्र उनके समर्थन में खड़ा होना नहीं है, बल्कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के शब्दों से उनके मन की पीड़ा और चिंता की भी झलक मिलती है।

### उप राष्ट्रपति ने इसे संविधान का अपमान बताया

इसके अलावा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को यह भी कहा था कि यह एक किसान और एक समुदाय का अपमान मात्र नहीं है, यह राज्यसभा के सभापति के पद का निरादर है। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने राज्यसभा में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा था कि वह व्यक्तिगत रूप से आहत हैं, क्योंकि उनकी किसान और जाट पृष्ठभूमि को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा था, कल्पना कीजिए कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी, जब आपके वरिष्ठ नेता ने एक संसद सदस्य द्वारा सभापति का मजाक उड़ाये जाने की वीडियोग्राफी की।

### विपक्षी सांसदों की चौतरफा भर्त्सना

बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने की होड़ चल पड़ी है और हमारे संवैधानिक संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है, वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। कभी प्रधानमंत्री के लिए तानाशाह, हिटलर, नीच या कोई अन्य अपमानजनक शब्द का उपयोग किया जाता है, तो कभी देश की राष्ट्रपति का अपमान कर दिया जाता है। अब उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह अपमान किया गया, उसने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। यहां यह भी ध्यान रखने योग्य बात है कि राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू हों, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों, ये सभी साधारण और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इन सभी को राजनीति विरासत में नहीं मिली, बल्कि ये जीवन में अभावों और संघर्षों पर विजय हासिल करते हुए यहां तक पहुंचे हैं, लेकिन लगता है कि दिल्ली पर दशकों तक राज करने वाले राज परिवार के लोगों को यह सब भा नहीं रहा। इसलिए सुनियोजित तरीके से शीर्ष पदों पर बैठे लोगों पर हमले किये और करवाये जा रहे हैं।

### विपक्षी नेताओं की आदत में शुमार है विरोध करना

विपक्ष ने ऐसा ही रवैया न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थानों के प्रति भी अपनाया हुआ है। कोई फैसला अपने मन मुताबिक नहीं आये, तो न्यायपालिका पर सवाल उठा देना, चुनाव हार गये, तो इवीएम पर सवाल उठा देना, नोटिस मिल जाये तो आयकर विभाग या इडी पर सवाल उठा देना और पूछताछ के लिए बुला लिया जाये, तो सीबीआइ पर राजनीतिक हमला कर देना अब विपक्षी नेताओं की आदत में शुमार हो चुका है। लेकिन यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ये जो पब्लिक है, ये सब जानती है और जनता की अदालत हर चुनाव में त्वरित न्याय करती है। बहरहाल, उपराष्ट्रपति के समर्थन में जाट नेताओं की ओर से जिस तरह प्रदर्शन किया जा रहा है, उससे यह मुद्दा अब बड़ा राजनीतिक तूल पकड़ता हुआ भी नजर आ रहा है। पश्चिमी उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में जाटों की बड़ी आबादी निवास करती है। यदि प्रदर्शन इसी तरह बढ़ते रहे, तो कांग्रेस और इंडी अलायंस में शामिल दलों को सियासी नुकसान होना तय है।

---

## सरकार के चार साल पूरे होने पर मोरहाबादी मैदान में होगा समारोह

### मिलेगी नौकरी और बंटेंगी परिसंपत्तियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के चार साल पूरे होने पर 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में सरकारी समारोह का आयोजन किया जायेगा। राज्य सरकार स्तर से इसकी तैयारी प्रारंभ की गयी है। रांची उपायुक्त को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस दिन राज्य के करीब 9000 युवाओं को नियुक्ति पत्र का भी वितरण करेंगे, परिसंपत्तियां का भी वितरण होगा। सड़कों और भवनों का उद्घाटन-शिलान्यास होगा। नयी दिल्ली स्थित बने झारखंड भवन का भी उद्घाटन इसी दिन कराने की योजना है। 15 नवंबर से शुरू हुई आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का समापन भी 29 दिसंबर को ही होना है। ऐसे में इस दिन बड़े पैमाने पर योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास होगा। लोगों को अबुआ आवास योजना से आवास स्वीकृत किया जायेगा। राज्य सरकार ने कार्यक्रम की सफलता के लिए भू- राजस्व सचिव अमिताभ कौशल, महिला बाल विकास सचिव कृपानंद झा, पीआरडी निदेशक राजीव लोचन बक्शी को अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी है।



---

### अमित अग्रवाल को झटका

## सीबीआइ कोर्ट ने की जमानत याचिका खारिज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीआइएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से कैश के लेन-देन के अभियुक्त कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर रांची सीबीआइ की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई।

बुधवार को सीबीआइ और अमित अग्रवाल के अधिवक्ता की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दिया। दरअसल पीआइएल मैनेज करने से जुड़े केस की जांच इडी कर रही है। इडी ने जो केस दर्ज किया है, उसमें झारखंड हाइकोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार भी आरोपी हैं। उन्हें कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार भी दिया था। इडी द्वारा दर्ज केस को सीबीआइ ने हाइकोर्ट के आदेश पर टेकओवर करते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। मनी लॉन्ड्रिंग के केस में अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र भी दायर हो चुका है।

---

### हाइकोर्ट को राज्य सरकार ने बताया

## हजारीबाग में नाबालिग को एसिड पिलाये जाने के मामले में आरोपी की भूमिका नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाये जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरोपी के पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट गुजरात, गांधीनगर से आ गयी है। पॉलीग्राफिक टेस्ट की रिपोर्ट में आरोपी लड़के की पीड़िता को एसिड पिलाने या टॉयलेट क्लीनर पिलाने में कोई भूमिका नहीं पायी गयी है।

इस पर हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को जल्द अनुसंधान पूरा करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2024 के दूसरे सप्ताह में निर्धारित की। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की।

#### क्या है मामला




दरअसल, वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी, तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गयी थी। बाद में एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाये जाने से दो महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। मामले को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था, जिसके बाद एक समाचार पत्र में छपी खबर के आधार पर हाइकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.2 °c | 9.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.25 बजे |



## शीतकालीन सत्र: हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित, स्पीकर के व्यवहार का किया विरोध

# काली पट्टी लगाकर पहुंचे भाजपा विधायक

**बाउरी ने तीनों विधायकों का निलंबन वापस लेने का आग्रह किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में चौथे दिन यानी बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने स्पीकर रबींद्रनाथ महतो से तीनों विधायकों का निलंबन वापस लेने का आग्रह किया।

इसके बाद भाजपा के सभी विधायक वेल में पहुंच गये। कहा कि आसन निलंबन मामले में न्याय करे। भाजपा विधायक वेल में ये सरकार निकम्मी है...के नारे लगाये। हंगामा के बीच प्रश्नकाल चला, लेकिन सिर्फ 16 मिनट सदन चल सका। स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12.30 तक स्थगित कर दी। दोबारा कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर वेल में आकर फिर विरोध शुरू कर दिया। नारेबाजी करने लगे। इस पर स्पीकर ने कहा कि रणधीर सिंह अच्छा नहीं कर रहे हैं। इस पर प्रदीप यादव बोले कि ऐसे लोगों को सदन बर्दाश्त नहीं कर सकता। इन पर कार्रवाई की जाये। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गयी।





## विधानसभा परिसर में तख्ती के साथ धरना-प्रदर्शन

# निलंबित विधायक बोले : रोजगार के सवाल से भाग रही राज्य सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विपक्ष के विधायकों ने विधानसभा परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। विपक्ष की तरफ से नियोजन नीति और सत्ता पक्ष की तमाम योजनाओं का विरोध किया गया। विधायक हाथों में तख्ती लिये हुए नारेबाजी कर रहे थे। बताते चलें कि मंगलवार को स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने विपक्ष के तीन विधायक बिरंची नारायण, जेपी पटेल और भानूप्रताप शाही को पूरे सत्र से निलंबित कर दिया था। इसके बाद विपक्ष का रुख और कड़ा हो गया।




निलंबित भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही, बिरंची नारायण और जेपी पटेल सदन के बाहर धरने पर बैठे रहे। इस दौरान बिरंची नारायण ने सरकार और स्पीकर के रवैये पर सवाल उठाया। तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। कहा कि सरकार युवाओं के रोजगार, नियोजन नीति के सवालों से भाग रही है। स्पीकर भी ऐसे सवालों पर विधायकों को निलंबित कर रहे हैं। अब तो सीएम के पास कोई केवल युवा कह दे, तो वे भड़क जा रहे हैं। जेपी पटेल ने कहा कि मंगलवार को लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे थे। इसके बावजूद स्पीकर ने उन्हें निलंबित कर दिया। यह तानाशाही है।

## खरसावां डिग्री कॉलेज में घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति: मंत्री

विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के 17 पद सृजित हैं, जबकि कॉलेज सिर्फ प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहा है। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सरकार ने 281 नियमित और 34 बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों के पद पर नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजी है। जब तक नियुक्ति नहीं होती है, तब तक कॉलेज में घंटी आधारित शिक्षकों से पढ़ाई करायी जायेगी। एक महीने में घंटी आधारित शिक्षक नियुक्त करने का आश्वासन दिया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग से नये पद-अधिकार प्राप्त होगा। |
| वृष | बनते कार्य में रूकावटे खड़ी होगी, जहां तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें। |
| मिथुन | व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा, कामकाज अच्छा चलेगा, कर्ज की स्थिति में सुधार होगा। |
| कर्क | परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी, मानसिक चिंता रहेगी। |
| सिंह | अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे, किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है। |
| कन्या | आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होग। |
| तुला | आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा, किसी काम से आपको पैसा मिलेगा। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष के लिये खर्च होगा.यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जाएगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि। |
| धनु | रोजी-रोजगार में सफलता,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो। |
| मकर | उच्चस्तरीय लोगों से आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा। |
| कुंभ | आवश्यक कामोंमें आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है। |
| मीन | आपने जिस पर भी भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको कई नुकसान नहीं होगा। |

**आमने - सामने**

# प्रश्नकाल क्यों बाधित कर रहे हैं : इरफान

हंगामे से बौखलाये कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि जनता को गुमराह करने के लिए ये लोग ऐसा कर रहे हैं। अगर जनहित की बात होती, तो वे शून्यकाल को क्यों बाधित कर रहे थे, जिसमें विधायक जनता के हित के सवालों को उठाते हैं। नेता प्रतिपक्ष दलित हैं, इसलिए भानु प्रताप शाही और रणधीर सिंह अमर बाउरी का विरोध करते हैं।



# झारखंड युवाओं के विषय में फेल: बाउरी



नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति जताते हुए कहा कि इरफान अंसारी मेरा नाम लेकर सहानुभूति दिखा रहे हैं। ये आदिवासी-दलित के प्रति इनका दिखावा है। ये हमारी चिंता न करें, अपने दल की चिंता करें। मंगलवार का विषय युवाओं का था और झारखंड युवाओं के विषय में फेल हो गया है। विधायकों का निलंबन वापस कर दिया जाये। प्रश्नकाल तो चलता ही रहेगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-टी14-जीएस-एफयूआरएन-एचटीई-एचएस,दिनांक 19.12.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** 1) गोला रोड एवं मायल के गुड्स शेड में क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना, 2) हटिया रेलवे अस्पताल की नव निर्मित पहली मंजिल पर दूरसंचार सुविधा (टॉक-बैक सिस्टम, टेलीफोन तथा रेलनेट कनेक्टिविटी) का प्रावधान, 3) वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/रांची के कार्यालय तथा यूनिट कार्यालय में कार्यालय उपकरणों की खरीददारी, 4) कोचिंग डिपो/हटिया में एसपीएआरटी एवं 140टी बीडी क्रेन को ठहराने के लिए एकीकृत अच्छादित शेड के निर्माण के संबंध में एसएंडटी कार्य का निष्पादन। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 37,32,023.77; **बयाना राशि:** रु. 74,700। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 12.01.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 29.12.2023, **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौरा:** www.ireps.gov.in (कार्य निविदा)। (PR-943)

# केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने देखी कार्यवाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को झारखंड विधानसभा के चल रहे शीतकालीन सत्र में सदन की कार्यवाही देखने आये केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ धुर्वा के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इन विद्यार्थियों को विधानसभा के महत्व और संचालन से जुड़ी जानकारी दी। इस मौके पर विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र और विधानसभा को लेकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रियता से लोकतंत्र को और मजबूती दी जा सकती है।



## निलंबन का आदेश ज्यादा कठोर : अमित मंडल



सदन में अमित मंडल ने कहा कि तीन विधायक को निलंबित कर दिया गया है, जबकि उनकी कोई गलती नहीं थी। तीनों राज्य के बेरोजगार युवाओं की बात सदन में रखने की कोशिश कर रहे थे। निलंबन का आदेश कुछ ज्यादा ही कठोर हो गया। इसलिए उन तीनों विधायकों का निलंबन वापस लिया जाये।

## हजारों आदिवासियों की जा रही जान : ढुल्लू महतो



विधायक ढुल्लू महतो ने सूचना देते हुए कहा कि झारखंड में जो परिस्थिति है, विशेष रूप से धनबाद में अवैध माइनिंग की, इससे हजारों आदिवासियों की जान जा रही है। इसमें जो लोग लिप्त हैं, वे जबरन आदिवासियों को अवैध खनन के लिए भेजते हैं। इसमें हजारों मौत होती है। अब तक कितनी जानें गयी हैं, इसकी स्वतंत्र एजेंसी से जांच करायी जाये।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## विधानसभा अध्यक्ष के व्यवहार से बिफरे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, कहा

# विधानसभा अध्यक्ष के दुर्भावना से प्रेरित व्यवहार से आहत, अपमानित हुआ हूं : बाबूलाल मरांडी

- अध्यक्ष का व्यवहार अलोकतांत्रिक एवं राजनीति से प्रेरित
- स्थानीयता और नियोजन नीति पर हेमंत सरकार की मंशा साफ नहीं
- भाजपा राज्य की जनभावनाओं का सम्मान करती है
- कैबिनेट से निर्णय लेकर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करे हेमंत सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय का मीडिया के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया। श्री मरांडी ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति पर राज्य सरकार द्वारा सदन में पेश किये गये बिल के संबंध में मुझे दो शब्द भी बोलने नहीं देना सदन के एक वरिष्ठ सदस्य के प्रति अपमान है।

उन्होंने कहा कि मैं केंद्र में मंत्री, सांसद भी रहा हूं। लोकसभा और राज्यसभा में यदि कोई वरिष्ठ सदस्य बोलने के लिए हाथ उठाते हैं तो उन्हें बोलने का अवसर जरूर दिया जाता है। लेकिन आज राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दा स्थानीय, नियोजन नीति से संबंधित बिल पर तीन बार हाथ उठाने के बाद भी अध्यक्ष ने बोलने का अवसर नहीं दिया।

कहा कि यदि सदन के नेता और नेता प्रतिपक्ष दोनों के बोलने के बाद किसी सदस्य को यदि विधानसभा अध्यक्ष ने बोलने का अवसर नहीं दिया होता तो मैं समझ सकता था लेकिन केवल मेरे साथ अपमानजनक व्यवहार करना यह अध्यक्ष की निष्पक्षता नहीं बल्कि दुर्भावना से प्रेरित राजनीतिक व्यवहार है। कहा कि मैं आज इसलिए भी दुखी और पीड़ित महसूस कर रहा हूं कि भले विधानसभा अध्यक्ष मुझे भाजपा का नहीं मानते, लेकिन एक विधायक के नाते मैं राज्य के महत्वपूर्ण विषय पर अपनी राय देने का हकदार हूं। आखिर क्षेत्र की जनता ने मुझे इसीलिए तो चुना है।



**स्थानीय नीति, नियोजन नीति पर राजनीति नहीं करे हेमंत सरकार :** सदन में राज्यपाल द्वारा सुझाओं के साथ लौटाये गये स्थानीय और नियोजन नीति बिल को सदन में हुबहू पुनः पेश किये जाने पर मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार केवल राजनीति कर रही। इसकी मंशा साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की जन भावनाओं का पूरा सम्मान करती है। इसका बड़ा उदाहरण अलग झारखंड राज्य का निर्माण है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 तक 10 वर्ष केंद्र में यूपीए का शासन रहा तथा राज्य में भी अधिकांश समय राष्ट्रपति शासन रहा। साथ ही हेमंत सोरेन उपमुख्यमंत्री रहे, स्थानीय नीति के मुद्दे पर ही अर्जुन मुंडा की सरकार गिराकर मुख्यमंत्री भी बने। लेकिन कभी भी नियोजन नीति को लेकर कोई पहल नहीं की।

उन्होंने कहा कि नियोजन और स्थानीयता तय करना राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। उनकी सरकार ने तो कैबिनेट में निर्णय लेकर नियुक्तियां की थीं। अर्जुन मुंडा की सरकार ने भी नियुक्तियां की और फिर रघुवर दास की सरकार ने 2016 में नीति बनाकर नियुक्तियां कीं।

कहा कि राज्य गठन से लेकर 2019 तक भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने ही नियुक्ति की। हेमंत सरकार तो नियमावली के नाम पर केवल युवाओं को धोखा दिया है। विधानसभा के पटल पर आये जवाब में हेमंत सरकार द्वारा की गयी नियुक्ति केवल नाममात्र की है। जो नियुक्ति हुई भी वे रघुवर सरकार द्वारा निकाले गये विज्ञापनों की है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार यदि युवाओं को नौकरी देने का इरादा रखती है तो स्थानीय नीति को उलझाने से बचना चाहिए।

## शून्यकाल में विधायकों ने उठायी मांग

- **शिल्पी नेहा तिर्की-** श्यामा प्रसाद मुखर्जी का झारखंड के लिए कोई योगदान नहीं रहा। फिर भी उनके नाम पर रांची यूनिवर्सिटी का नामकरण हुआ। सरकार वीर बुधू भगत के नाम पर इस यूनिवर्सिटी का नामकरण करे।
- **पूर्णिमा नीरज सिंह-** धनबाद में बीसीसीएल द्वारा दामोदर नदी को प्रदूषित किये जाने और एनजीटी की गाइडलाइन का उल्लंघन हो रहा है। कार्रवाई हो।
- **दीपिका पांडेय सिंह-** शिक्षा विभाग की सहमति के बावजूद पारा शिक्षकों को अब तक वेतनमान और इपीएफ सुविधा नहीं मिली है।
- **राजेश कच्छप-** ओरमांझी के प्लस टू स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक नहीं होने से परेशानी हो रही है। सरकार इस पर ध्यान दे।
- **विनोद सिंह-** हजारीबाग पूर्वी और गिरिडीह वन प्रमंडल में हाथियों द्वारा फसल नुकसान का मुआवजा साल भर से लंबित है। क्यूआरटी का गठन भी किया जाये।
- **विक्सल कोनगाड़ी-** प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में जनजातीय भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति नहीं से पढ़ाई प्रभावित हो रही है।
- **लंबोदर महतो-** रामगढ़ और बोकारो में वन अधिकार के तहत 225 से अधिक लंबित पट्टे संबंधी आवेदन पर सरकार अविलंब कार्रवाई करे।
- **दशरथ गगराई-** पश्चिमी सिंहभूम के स्कूलों में पूर्ववत मिड डे मील व्यवस्था की जाये।
- **अनंत ओझा-** राजमहल में इंडोर स्टेडियम की कमी है। इसके निर्माण की मांग सरकार से करते हैं।
- **भूषण बाड़ा-** पंचायत स्वयंसेवकों को बकाया मानदेय देने और स्थायी किये जाने पर सरकार विचार करे।
- **इरफान अंसारी-** फाजिल और आलिम स्नातकों को भी केंद्र और राज्य सरकार की नौकरियों में मान्यता दिया जाये।

लेख्य प्रमाणक महोदय, चतरा

**शपथ पत्र**

मैं अब्दाल हुसैन (ABDAL HUSSAIN) पिता स्व अब्दुल गफुर (LATE ABDUL GAFUR), उम्र 73 वर्ष, जाति - कलाल एराकी, धर्म - इस्लाम (मुस्लीम), पेशा - कृषि, राष्ट्रीयता- भारतीय, पता ग्राम मिश्रौल, पो. - खद्दैया, थाना-टण्डवा, जिला- चतरा (झारखंड), पिन कोड - 825321 शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि -

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पैन कार्ड सं. BBQPH8872M एवं आधार कार्ड संख्या - 9536 9199 8893 में मेरा नाम अब्दाल हुसैन (A B D A L HUSSAIN) पिता अब्दुल गफुर (ABDUL GAFUR) है। जो मेरा एवं मेरे पिता का वास्तविक नाम है।
3. यह कि मेरा वास्तविक जन्मतिथि 01.01.950 है, जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में अंकित है।
4. यह कि मेरी पत्नी का नाम अशरुननिशा (ASHRUNNISA) है।
5. यह कि मेरे पासपोर्ट सं. H3883829 एवं पासपोर्ट फाईल नं. RCHA00867009 में भूलवश मेरा नाम अब्दुल हुसैन (A B D U L HUSSAIN) मेरे पिता का नाम अब्दुल गौर (ABDUL GAUR) एवं पत्नी का नाम असारुन निशा (ASARUN NISHA) हो गया है।
6. यह कि मेरे उपोक्त पासपोर्ट में मेरा जन्मतिथि भी भूलवश 12.06.1946 अंकित हो गया है।
7. यह कि मैं अपने उपरोक्त पासपोर्ट में मेरा नाम अब्दाल हुसैन (A B D A L HUSSAIN), मेरे पिता का नाम अब्दुल गफुर (ABDUL GAFUR) एवं मेरी पत्नी का नाम अशरुननिशा (ASHRUNNISA) करने हेतु यह शपथ पत्र तैयार कर रहा हूं।

शपथ पत्र संख्या 2141/13.12.23

## राम जन्मभूमि से पहुंचे अक्षत कलश को ध्वजाधारी धाम में किया स्थापित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत कलश को बुधवार कोडरमा ध्वजाधारी धाम स्थित हनुमान मंदिर में विधि विधान से स्थापित किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों की मौजूदगी में बड़ी संख्या में लोग अक्षत कलश के दर्शन के लिए पहुंचे। बता दें कि अयोध्या में भगवान राम मंदिर में स्थापित करने से पहले राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र समिति ने यह कलश लोगों के दर्शन और पूजन के लिए भेजा है। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष संजीव समीर और मंत्री आरके बसंत ने बताया कि जनवरी 2024 में भगवान राम अपने मंदिर में विराजमान होंगे। लोकार्पण से पूर्व तीर्थ क्षेत्र समिति ने देश के सभी राज्यों में अक्षत कलश भेजा है। कुछ दिनों पूर्व झुमरीतिलैया स्थित श्री राम मंदिर में हुई बैठक में पूजन कार्यक्रम की रणनीति बनाई गई थी। वहां से पूजित अक्षत कलश को हनुमान मंदिर कोडरमा लाया गया जिसके बाद बुधवार को पूजन के बाद यह अक्षत कलश ध्वजाधारी आश्रम स्थित हनुमान मंदिर में लोगों के दर्शनाथ रखा गया है। अक्षत कलश के ध्वजाधारी धाम पहुंचने पर महंत श्री सुखदेव दास ने भी कलश का स्वागत करते हुए दर्शन किया। मौके पर विहिप के नगर उपाध्यक्ष रवि शंकर, नगर मंत्री आरके बसंत, विकास कुमार, सहदेव पांडेय, महादेव पांडेय, अधिवक्ता संतोष कुमार, मुकेश सिंह, राजेश पांडेय, चंदन, मनीष, टिंकू, रवि, विष्णु, दीपक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्तर पर लहराया डीएवी कोडरमा का परचम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** पीवीएस डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया के बच्चों ने भारत को जानो क्वीज प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर अपने ज्ञान का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय पूर्वी क्षेत्र स्तर पर आयोजित प्रतिष्ठित भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल ने भाग लिया। जिसमें पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी प्रिंस कुमार, कक्षा 7 बी और उदय शंकर यादव, कक्षा 8ई ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर तथा ट्रॉफी जीत कर पूरे डीएवी को गौरवान्वित किया। इस क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन राउरकेला, ओडिशा में प्रमुख संगठन भारत विकास परिषद द्वारा किया गया था। इन बच्चों को दिशा निर्देशित करने एवं इनके ज्ञान को बढ़ाने में विद्यालय के शिक्षक दिनेश कुमार दुबे ने अहम भूमिका निभाई। नेशनल लेबल पर हमारे विद्यालय के बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह बहुत प्रसन्न हुए। प्राचार्य ने कहा कि यह जीत हमारे लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण एवं गौरव की बात है। झारखंड जोन एफ के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी निशिकांत कर ने उदय शंकर यादव तथा प्रिंस कुमार को मेडल व शील्ड दिया और बधाई देते हुए कहा कि इन बच्चों ने ज्ञान दीप, डीएवी भूवनेश्वर, कलिंगा डीएवी जैसे बड़े से बड़े स्कूल के बच्चों से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल कोडरमा डीएवी बल्कि पूरे झारखंड के डीएवी को गौरवान्वित किया है।

## गौ रक्षा को लेकर संगठनों ने की बैठक

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोहाल पंचायत अंतर्गत ग्राम गोहाल दुर्गा मंदिर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी, गौ रक्षा के संगठन को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता जय प्रकाश पांडेय ने किया। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर निर्माण होने के पश्चात आगामी 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है, जिसको लेकर 30 दिसंबर को दुर्गा मंदिर जयनगर दिन शनिवार 10 बजे अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं राम मंदिर का चित्र वितरण किया जाएगा। इस निमित्त प्रखंड के सभी पंचायत के लोगों से पहुंचने के लिए आग्रह किया। सर्वसम्मति से विश्व हिंदू परिषद का अध्यक्ष धानेश्वर चौधरी, उपाध्यक्ष जय प्रकाश पांडेय, मंत्री अवधेश कुमार यादव, बजरंग दल संयोजक प्रवीण चौधरी, मातृशक्ति प्रमुख कलावती देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका नीलम देवी, सह संयोजिका ममता देवी, सत्संग प्रमुख मनोज सिंह, गौ रक्षा प्रमुख प्रकाश पंडित, गौ रक्षा सह प्रमुख उमेश यादव को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से विजय राणा, सीता देवी, चंदन पासवान, भीखी यादव, गजाधर यादव, सतीश यादव, प्रदीप राणा, उमेश यादव, अजय यादव, बालेश्वर राणा, ब्रह्मदेव राणा, नंदलाल ठाकुर, हरेंद्र सिंह, कुंती देवी, दिनेश कुमार, सचिन यादव, दीपक यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद में स्वेटर वितरण

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ककरचोली पंचायत के हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 26 में उप मुखिया हाशिम खान के द्वारा बच्चों के बीच 62 स्वेटर का वितरण किया गया। वहीं उप मुखिया हाशिम खान ने कहा कि पंचायत में आए योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठंड में बच्चों के बीच स्वेटर वितरण करने से बच्चे लोग उत्साहित दिखे। मौके पर वार्ड सदस्य दशरथ साव, सेविका संगीता देवी, सहायिका मुन्नी देवी, सलमा खातून सहित कई लोग मौजूद थे।

## सीजे नंदी जिला जूनियर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में डिवाइन के बच्चों का शानदार प्रदर्शन



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्व सीजे नंदी जिला जूनियर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप मे पदक जीतकर स्कूल समेत प्रखंड का नाम रौशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन हजारीबाग स्टेडियम मे हुआ। उच्ची कूद मे विद्यालय के प्रभाकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 60 मीटर रेस मे कामरान आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉर्ट पुट थ्रो और डिसकस थ्रो मे अभिषेक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाही रिले रेस मे पुरुषोत्तम, तुलेश्वर, रुपेश और प्रभाकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर रेस मे रुपेश ने प्रथम स्थान और 300 मीटर रेस मे प्रभाकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे हजारीबाग जिलें मे डिवाइन पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीन प्रतियोगिताओ मे पादक जीतने के बाद प्रभाकर ने कहा की उच्च स्तर पर पदक जीतने से आत्म विश्वास बढ़ता है। स्कूल निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती और प्राचार्या स्वाति ने पदक विजेता छात्रों को संयुक्त रूप से सम्मानित किया। इन छात्रों के सफलता मे खेल शिक्षक हेमंत कुमार और पूनम कुमारी का कठिन अभ्यास रहा। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सफल बच्चो को बधाई दी और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अवैध महुआ शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग ने की छापामारी

### 150 लीटर अवैध जावा को किया नष्ट

धीरज पुरी

**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के इरगा मे बुधवार की शाम अवैध महुआ शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग ने छापामारी किया। इस छापामारी की भनक लगते ही अवैध महुआ शराब बनाने वाले लोग अपने घरों मे ताला लगाकर फरार हो गये। इस अभियान मे एक घर से पुलिस ने 150 किलो अवैध महुआ जावा को जप्त कर नस्ट कर दिया । इस अभियान का नेतृत्व उत्पाद विभाग के दारोगा सुमितेश कुमार अपनी टीम के साथ कर रहे थे। इस बारे मे उन्होंने बताया की महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा।



## ग्रामीणों की सहमति के बगैर खनन कार्य न हो : अंबा प्रसाद

### अंबा ने विधानसभा में उठाया मामला कहा- बगैर गोंदलपुरा के ग्रामीणों की सहमति के खनन कार्य नहीं किया जाये, आमसभा की जांच हो

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने पुनः गोंदलपुरा का मामला सदन में उठाया एवं सरकार से मांग की कि बगैर गोंदलपुरा के ग्रामीणों की सहमति के खनन कार्य नहीं हो तथा आमसभा की जांच हो। इस दौरान विधायक ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा में अडानी इंटरप्राइजेज कोयला खनन के निमित्त ग्राम वासियों की कथित आमसभा करा कर खनन कार्य करने की कोशिश कर रही है जबकि उक्त क्षेत्र के ग्रामीण परियोजना के विरोध में तथा काफी महीनों से आंदोलनरत है। विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की कि अडानी इंटरप्राइजेज द्वारा करायी गयी आमसभा की जांच कर बगैर गोंदलपुरा के ग्रामीणों की सहमति के खनन कार्य नहीं किया जाये। विदित हो कि विधायक के द्वारा पूर्व में भी सदन में कई बार मामले को उठाया गया और ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया है। विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि किसी भी प्रकार से ग्रामीणों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा।

## राउतपारा व रुदी में अवैध कोयला खदानों की डोजरिंग

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव वन विभाग द्वारा बुधवार को देर शाम मे बड़कागांव वन क्षेत्र के राउत पारा एवं रुदी में 10 अवैध संचालित कोयला खदानों में छापमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 10 कोयला खदानों को डोजरिंग किया गया।एंव दो ट्रैक्टर अवैध उत्खननित कोयला को जप्त किया गया।इधर बड़कागांव में अवैध कोयला कारोबारो मैं हड़कम मच गयी।मौके पर एसीएफ एके परमार ने कहा कि अवैध कोयला कारोबार करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है, जो भी अवैध कोयला कारोबार में पकड़े जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।बुधवार की देर शाम को अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग करने में मुख्य रूप से एसीएफ ए के परमार ,फॉरेस्टर रामचंद्र प्रसाद, वन आरक्षी सन्तु कुमार, विनोद बेसरा, अशोक महतो, अजय यादव, चंदन सिंह के अलावा कई लोग शामिल थे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने होटलों का किया निरीक्षण



**बरही (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गीं ने बरही के विभिन्न होटलो का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने होटल की साफ सफाई, खाना की गुणवत्ता, फूड लाइसेंस आदि का जांच किया। वहीं जिन होटलों में कुछ कमी पाई गई उसे जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही रसोई घर को साफ सुथरा रखने व जिन दुकानों ने फूड लाइसेंस नहीं लिया था उसे 10 दिनों के अंदर लाइसेंस लेने का भी निर्देश दिया। मौके पर सहायक खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी विकास शर्मा भी मौजूद थे। वहीं जिन दुकानों व होटल का निरीक्षण किया गया उसमें चंदन लड्डू दुकान बरकट्ठा, मिडिल स्कूल बरसोत, प्लस टू हाई स्कूल करियातपुर, करियातपुर बाजार, बरकट्ठा बाजार, बरही के श्री परिवार होटल, रसिया धमना में निमकी फैक्ट्री, रिलैक्स इन होटल, फूड प्लाजा आदि शामिल है।

## बेलकपी पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** बेलकपी पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ श्रीकांतलाल मांझी,उपप्रमुख सुरजी देवी मुखिया ललिता देवी पंसस बिनीता कुमारी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मंडल बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय,जिप प्रतिनिधि सीके पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर में अबुवा आवास, बिरसा कूप संवर्धन, मनरेगा, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, सर्वजन पेंशन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन, केसीसी, सोना सोबरन योजना, जाति, आय, आवासीय, मृत्यु प्रमाणपत्र, भूमि सुधार, राशनकार्ड सुधार, सामुदायिक वन पट्टा, जनजातीय कल्याण, लगान रशिद निर्गत, स्वास्थ्य जांच समेत 35 स्टॉल लगाए गए। वहीं छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल क्रय हेतु राशि,



कंबल, धोती साड़ी समेत कई तरह के परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। बताया कि 80 वर्ष के वृद्ध स्वयं शिविर में पहुंचकर सर्वजन पेंशन के लिए आवेदन जमा किया। सरकार आपके द्वार शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। शिविर में सबसे अधिक अबुवा आवास योजना को लेकर फॉर्म जमा के लिए लोगो की भीड़ लगी।अबुवा आवास योजना के लिए 464,आयुष्मान कार्ड 9,मनरेगा 128,गुरुजी क्रेडिट कार्ड में 5 सर्वजन पेंशन 84,सावित्रीबाई फुले 65,केसीसी 2,पशुधन योजना 6 समेत 1801 आवेदन जमा लिए गए।जिसमें 1156 आवेदनों का निष्पादन किया गया।वहीं 164 छात्र,छात्राओं के बीच साइकिल क्रय के लिए डीबीटी के माध्यम से 45 सौ रुपये राशि दी गई।वहीं जरूरतमंदों के बीच धोती साड़ी, कंबल आदि परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बीडीओ रोशमा डूंगडुंग,एमओ मिंटू रजक,बीईईओ किशोर कुमार, शिक्षक छत्रु प्रसाद,बिजय कुमार जितेंद्र चंद्रवंशी समेत कई कर्मी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## फहिमा अकादमी में 23 को रक्तदान शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** स्वर्गीय रफीक अंसारी के ग्यारहवी पुण्यतिथि पर 110 बच्चियों को नर्सरी से बारहवी तक की निःशुल्क शिक्षा सीबीएसई एफिलिएटड स्कूल फहिमा अकादमी में देने का निर्णय लिया गया। फहिमा प्राचार्या फरहा फातमी ने प्रेस वार्ता कर ये कहा की उनका ये निर्णय उनके दादा स्वर्गीय रफीक अंसारी के लिए एक श्रद्धांजली है साथ ही 23




दिसम्बर दिन शनिवार को स्कूल प्रांगण में ब्लड डोनेशन कैंप, मुफ्त चिकित्सा शिविर, और 250 कम्बल एवं 250 गर्म टोपियों का वितरण जरुरतमंदो के बीच किया जायेगा। प्राचार्य ने कहा की स्वर्गीय रफीक अंसारी का सपना था लड़कियों के शिक्षा को बढ़ावा देना, इसलिए उन्होंने हर धर्म जाति के लड़कियों के लिए एक निःशुल्क शिक्षा का मौका प्रदान कर उनके सपने को पूरा करने की छोटी सी कोसिस की है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा की उनके उज्जवल भविष्य के लिए और उनके सपने को पूरा करने के लिए स्कूल उनकी हर संभव मदद करेगा। उन्होंने लोगो से अपील किया है की वे वैसे जरूरतमंद बच्चियों को मुफ्त शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करे। स्कूल ने 23 दिसंबर से 30 जनवरी 2024 तक जरूरतमंद 110 बच्चियों के एडमिशन का समय सीमा तय किया है। स्कूल के शिक्षको ने भी स्कूल प्रबंधन के इस निर्णय की काफी सराहना की।

## देशव्यापी हड़ताल पर रहे मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

### जुलूस निकाल किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों, चार लेबर कोड और दवाईयों पर जीएसटी के खिलाफ एफ एम आर ए आई के देशव्यापी आह्वान पर सीटू से सम्बद्ध बिहार झारखंड स्टेट सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन (बीएसएसआरयू) के बैनर तले एक सौ से ज्यादा एमआर देशव्यापी एकदिवसीय हड़ताल पर रहे और डॉक्टरों से विजिट करना बंद रखा। हड़ताल के समर्थन में यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता एवं सचिव दिलीप कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कला मंदिर से एक जुलूस




निकाला गया। जो ओवरब्रिज होते हुए गौरीशंकर मुहल्ला, राजगढ़िया रोड, डॉक्टर गली, स्टेशन रोड से झंडा चौक पहुंचकर प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो गया। जिसमें केन्द्र सरकार होश में आओ, दवाओं पर जीएसटी बंद करो, समान काम का समान वेतन लागू करो, न्यूनतम 26 हजार वेतन देना होगा आदि जोशिले नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा नीतियों में बदलाव करके देश की जनता तथा मजदूरों को असहाय बना दिया है, उनके अधिकारों को कुचला जा रहा है। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि आम जनता के हित में लड़ाई लड़ते हैं। देश की गरीब जनता के लिए दवा का दाम तथा उस पर लगे टैक्स और जीएसटी को कम करने की मांग सरकार से लगातार कर रही है। कार्यक्रम में सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति, निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश, मुकेश कुमार, भरत राज, रविशंकर, सिंटु, गुलाब, प्रमेन्द्र, बबलू, मंटु वर्णवाल, सन्नी मोदी, अमित, पप्पू, राहुल, उपदेश, प्रकाश, कामेश्वर पण्डित, संतोष, सोनू, प्रवीण, ज्ञानदीप, श्रीकांत, अर्जुन, कुन्दन, प्रकाश रंजन, अभिषेक, राजन, लवकुश, पंकज, अमित आनंद, दीपक, मनीष, अनील, सुभाष, अभिजीत आदि शामिल थे।

## महेश पांडेय का द्वादश श्राद्ध कार्यक्रम



**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भराजो पंचायत के अमनारी में महेश पांडेय के द्वादश श्राद्ध कार्यक्रम में झारखंड कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा और कान्यकुब्ज ब्राह्मण संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक शामिल हुए स्वर्गीय पांडेय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया प्रदेश अध्यक्ष केदार पंडा ने कहा की बहुत ही सुखद घटना है जो बेटा आज बूढ़े पिता का सहारा बनता आज इनपर अपने बहू का सहारा बनना पड़ रहा है समाज इस परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहेगी जो द्वादशा के बाद इस परिवार की पीड़ा और दुख दर्द को समझे और मदद करे वही परिवार और समाज है। इस अवसर पर, स्व पांडेय के पिता कुलेश्वर पांडेय धानेश्वर तिवारी राम लखन पांडेय महेश पांडेय , कौलेश्वर मिश्रा, मनोज पांडेय, तुलेश्वर पांडेय उपेंद्र पांडेय , कामेश्वर पांडेय, राजू पांडेय मथुरा पांडेय विनय पांडेय ,सचिन पांडेय पप्पू पांडेय सुरेश पांडेय। संजय पांडेय,सत्यानंद पांडेय ज्योतिष पंडा गंगा धर पंडा,रामू पांडेय अरविंद पांडेय केदार पांडेय, रंजित पांडेय सुबोध पांडेय सहित अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक एकेडमी, इचाक में क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन विकास केंद्र हजारीबाग के निदेशक फादर टॉमी एवम सिस्टर अरुणा थी। इस अवसर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम जैसे संगीत ,नृत्य तथा प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव पर आधारित बहुत ही खूबसूरत नाटक की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद ने 'कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ साथ अच्छे आचरण एवम अच्छी संस्कार देने की जरूरत है तभी वह अच्छा इंसान बनेगा। फादर टॉमी ने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा और प्रेम से ही समाज में शांति एवं प्रगति हो सकती है। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के आदर्शों एवं उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। मौके पर सिस्टर अरुणा ने भी बच्चों द्वारा की प्रस्तुति की प्रसंशा करते हुए क्रिसमस एवं न्यू इयर की शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्राचार्या सुरभि वर्मा ने भी क्रिसमस को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन आभा गुप्ता तथा शिक्षक आरिफ हुसैन ने किया।

## अनंत ज्ञान ने लिखी 101 बाल कविताओं की पुस्तक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बाल साहित्य पर बहुत कम ही रचनाकार अपना सृजनात्मक परिचय रख पाते हैं, ऐसे में हजारीबाग के हिंदी एवं खोरठा के युवा कवि अनंत ज्ञान ने बाल मन का अध्ययन करते हुए एक सौ एक बाल कविताओं की पुस्तक लिख डाली है। पुस्तक का नाम ३फूल से सुंदर बच्चे हैं३ और यह शुभदा प्रकाशन, साहिबाबाद से प्रकाशित हो रही है। इस पुस्तक की खास बात यह है की इस पुस्तक की सभी कविताओं के लिए चित्रकारी स्वयं अनंत ज्ञान के द्वारा की गयी है। विभिन्न चित्रों सहित संदेशात्मक, मनोरंजक, प्रेरक छोटी-बड़ी कविताओं की यह पुस्तक बच्चों को अवश्य पसंद आएगी। इस पुस्तक को लिखने का ध्येय बताते हुए अनंत ज्ञान कहते हैं की बच्चे आज पुस्तकों से दूर होते जा रहे हैं। यदि हम बच्चों को मोबाइल की दुनिया से निकाल कर पुस्तकों की दुनिया में ला सकें तो इससे हम नई पीढ़ी को जीवन मूल्य, संस्कार, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ सकते हैं जिसकी आज नितांत आवश्यकता है बाल साहित्य के द्वारा बच्चों के बाल मन को साहस, बलिदान, त्याग, परिश्रम, परोपकार जैसे गुणों से सींचने का कार्य किया जा सकता है। अनंत ज्ञान का यह पहला एकल संग्रह प्रकाशित हो रहा है इसके पूर्व उनकी आठ साझा संकलन प्रकाशित हो चुकी हैं। इसका लोकार्पण जल्द ही संस्कार भारती के बैनर तले जनवरी माह में किया जाएगा। सिविल कोर्ट, हजारीबाग में कार्यरत अनंत ज्ञान की इस उपलब्धि पर सिविल कोर्ट कर्मी, संस्कार भारती के सदस्यगण व अन्य साहित्यकारों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं ।

## सीमा सिंह जिला प्रभारी के रूप में हजारीबाग प्रवास पर आयीं

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय महिला मोर्चा प्रवास के दौरान 19 और 20 दिसंबर को महाराष्ट की महिला मोर्चा की प्रवक्ता सह राष्टीय प्रवासी एवं प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह जिला प्रभारी के रूप में हजारीबाग प्रवास में आयीं। प्रवास के दौरान सदर विधानसभा के विभिन्न मंडलों में बैठक की जिसमें आंगनबाड़ी सेविका संघ, जलसहिया की बहने, उसके बाद कमल मित्र की बहने के साथ बैठक किया। फिर लाभार्थियों के साथ बैठक, प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक हुई। बुधवार को नरसिंह बाबा के दर्शन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। साथ-साथ खपरिवां पंचायत में बुथ की बहनों से बैठक, मंडल की बहनों से बैठक और नव मतदाता यूवती सम्मेलन लॉ कॉलेज में किया गया। साथ मांडू विधानसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधि बहनों के साथ बैठक एवं उज्जवला बहनों के साथ बैठक संपन्न हुआ। प्रवास के दौरान महाराष्ट से चलकर आई रंजू झा ने सभी को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी की योजनाओं की जानकारी दी। प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह ने बहनों से आवाहन कीया की 2024 के चुनाव में हम सभी बहनें अपने भागीदारी को निभाएं और 400 पार सीटों से नरेंद्र मोदी को विजयी बनावे।

## पेज 01 का शेष

## राज्यपाल को संशोधन का ...

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने भी एससी-एसटी एवं पिछड़े श्रेणी के लोगों का आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ा कर 67 प्रतिशत करने से संबंधित विधेयक विधानसभा से पास कराकर राज्यपाल के पास भेजा हुआ है। मैं पूरे सदन की ओर से आरक्षण बढ़ाने से संबंधित उक्त विधेयक पर भी शीघ्रतिशीघ्र सहमति प्रदान करने का माननीय राज्यपाल से आग्रह करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटॉर्नी जनरल ने अपने परामर्श में वर्ग 4 के लिए तो विधेयक के प्रावधान को संवैधानिक प्रावधानों के अनुकूल पाया है, परंतु वर्ग 3 के मामलों में उनकी राय ऐसी नहीं है। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि सभी प्रांतों में और राष्ट्रीय स्तर पर भी सामान्यतः वर्ग 3 और वर्ग 4 की श्रेणी की नौकरियों को एक श्रेणी में रखा जाता है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने वर्तमान स्थानीयता संबंधित विधेयक को नौवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रावधान भी विधेयक में किया हुआ है, जिससे की इसे ज्यूडिशियल रिव्यू के विरुद्ध सुरक्षा कवच उपलब्ध हो सके। आश्चर्य की बात है कि अटॉर्नी जनरल ने इस तथ्य को अपना परामर्श प्रदान करने में कहीं भी संज्ञान में नहीं लिया है। उपरोक्त सभी तथ्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि अटॉर्नी जनरल द्वारा दिया गया परामर्श युक्तिसंगत एवं तर्कसंगत नहीं है।

हेमंत सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं कि राज्य सरकार ने झारखंड राज्य के महाधिवक्ता से इस विषय पर परामर्श प्राप्त किया। इसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से परामर्श दिया है कि विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को संसद के द्वारा नौंवी अनुसूची में शामिल कराया जा सकता है एवं तत्पश्चात संविधान के अनुच्छेद 31(बी) के अंतर्गत उस विधेयक को संविधान के पार्ट-3 अथवा यदि वह किसी न्यायालय के आदेश के प्रतिकूल भी हो तो भी उसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इन बातों के आलोक में वर्तमान विधेयक में किसी तरह के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है और इसे वर्तमान स्वरूप में ही पुनः पारित कराने का आग्रह करता हूं।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## कोयला तस्करी, रामगढ़ पुलिस और वन विभाग ने किया खुलासा

# अवैध कोयला लदा पिकअप जब्त, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के मांडू थाना क्षेत्र में कोयले का अवैध कारोबार जमकर हो रही है। कोयला तस्कर छोटे वाहन से अवैध कोयला लेकर ओरमांझी जा रहे है। जिसका खुलासा रामगढ़ क्यूआरटी (पुलिस) और वन विभाग ने किया है। दोनों टीमों ने अलग अलग जगहों से रांची के ओरमांझी जा रही अवैध कोयला लदा पिकअप वैन को जब्त किया है। साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है। इधर, मामले को लेकर दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज किया गया है। गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात एसपी पीयूष पांडेय को गुप्त सूचना मिली कि मांडू थाना क्षेत्र से पिकअप वैन संख्या जेएच 02बीएल 8280 पर अवैध कोयला लोडकर कोयला तस्कर रांची की ओर ले जा रहे है। जिसके बाद उन्होंने अपनी क्यूआरटी को उक्त वाहन को पकड़ने का निर्देश दिया। आदेशानुसार टीम ने उक्त वाहन को ओरमांझी टोल प्लाजा के समीप पकड़ लिया। साथ ही चालक इटखोरी चतरा निवासी राहुल कुमार यादव पिता मुनेश यादव को गिरफ्तार कर रामगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड संख्या 283/23 धारा 379/ 414/34 आईपीसी एंड 30(11) कॉल माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दी गयी है। इस मामले में मांडू थाना क्षेत्र के कुजू ओपी निवासी कोयला व्यापारी अजय कुमार एवं ओरमांझी तिरला स्थित मां तारा कोल भट्ट के मालिक विजय कुमार साव पर मामला दर्ज की गयी है।

### वन विभाग ने कोयला लदा पिकअप वैन पकड़ा

वही, दूसरी ओर कुज्जू वन क्षेत्र पदाधिकारी केदार राम को भी सूचना मिली अवैध कोयला लेकर पिकअप वैन संख्या जेएच02 बीके7998 रांची की ओर जा रही है। जिसके बाद उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ छापामारी कर उक्त वाहन को ओरमांझी टोल प्लाजा के निकट पकड़ लिया। साथ ही चालक निर्मल कुमार यादव चौपारन को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही कारोबारी अजय उरांव के साथ चालक पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया।

## अवैध खनन को लेकर छापामारी अभियान चलाया , पांच ट्रैक्टर जब्त

# अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों को चिह्नित कर की जायेगी कार्रवाई : नितेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के उद्देश्य से डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न भागों में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अवैध बालू खनन, परिवहन और भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में खान निरीक्षक राहूल कुमार एवं पुलिस बल के द्वारा पतरातू थाना अंतर्गत छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से बालू का परिवहन करते पांच ट्रैक्टरों को जब्त किया गया एवं वाहन मालिक, चालक एवं सभी संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता ने कहा है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि डीसी के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में खान निरीक्षक के द्वारा पतरातू थाना अंतर्गत छापेमारी की गयी। बिना चलान के बालू ले जाते पांच टैक्टर को जब्त किया गया है एवं वाहन मालिक, चालक एवं सलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत किया जा रहा है एवं सभी पर कार्रवाई की जायेगी।

# बंजारी इलेवन ने किरमानी इलेवन को हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज ग्राउंड में बुधवार को रामगढ़ प्रीमियर लीग 2023 का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन रणंजय कुमार उर्फ कुंटू ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा का प्रर्दशन करने का मौका मिलता है। जिससे वे आगे चलकर स्टेट व नेशनल लेवल के मैच में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से हार-जीत की भावना से नहीं, बल्कि सीखने के उदेश्य से खेलने को कहा। **बंजारी इलेवन ने किरमानी इलेवन को 18 रन से हराया :** टॉस जीतकर बंजारी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बंजारी इलेवन के खिलाड़ियों ने निर्धारित 12 ओवर में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने सभी विकेट खोकर 118 रन बनाये। वहीं, जवाबी पारी खेलते हुए किरमानी इलेवन की टीम ने 12 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 98 रन ही बनाये। इसी के साथ बंजारी इलेवन 18 रन से मैच जीत लिया। मैच के समापन के बाद मैन ऑफ दि मैच का अवार्ड बंजारी इलेवन के खिलाड़ी विकास कुमार को आजसू नेता धर्मेंद साव भोपाली ने दिया। मैच में अम्पायर के रूप में अजय और प्रतिक थे।



### ये थे उपस्थित

लीग मैच के उदघाटन के मौके पर जीतेंद्र गिरी, रामगढ़ प्रीमियर लीग आयोजन समिति के अध्यक्ष अभय गुप्ता, उपाध्यक्ष रोहित जैन, सचिव बालाजी, सह सचिव हर्ष आनंद, रवि कुशवाहा, रमेश रजवार, अभिजीत टुबूल, खेमन कुमार, अरूण महतो, प्रतिक गोस्वामी, विशाल भदानी सहित कई लोग शामिल थे।

## आहार और चारा विकास को लेकर मांडू में प्रशिक्षण का आयोजन

# किसानों को दिये गये कई टिप्स

**बीमार पशुओं को देखभाल और इलाज संबंधी जानकारी प्रशिक्षण में लोगों को दी गयी।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के तत्वाधान में राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत आहार और चारा विकास को लेकर कृषि विज्ञान केंद्र मांडू, रामगढ़ में बुधवार को बीज विक्रेताओं के बीच एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नाबार्ड रामगढ़ के डीडीएम उपेंद्र कुमार साह, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड पटना के संतोष कुमार, प्रमुख गुण नियंत्रण विजय सिंह मिठरवाल, प्रमुख उत्पादन आशीष कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने आहार एवं चारा विकास को लेकर कृषकों और एफपीओ के प्रतिनिधियों को बीज उत्पादन एवं रखरखाव में गुण नियंत्रण संबंधी कई टिप्स दिये। साथ हैं बीज उत्पादन विपणन और विक्रेता बनने संबंधी कई जानकारी विस्तार पूर्वक दी गयी। इसके अलावा पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने को लेकर सावधानियां, चारा की गुणवत्ता के साथ साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने को लेकर कई जानकारियां दी गयी। वहीं बीमार पशुओं को देखभाल एवं इलाज संबंधी मूलभूत जानकारी प्रशिक्षण में आये लोगों को दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता केवीके के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ सुधांशु शेखर ने किया। कार्यक्रम में प्रक्षेत्र प्रबंधक सन्नी कुमार, जिले के कृषक के अलावे एफपीओ, लैंप्स एफपीसी एवं बीज विक्रेता मौजूद थे।




## महत्वपूर्ण खबरें

### यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 35वां शाखा सम्मेलन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** यूनाईटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने बुधवार को रिभर साईड भुरकुंडा स्थित यूनियन कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कांफ्रेंस में शाखा अध्यक्ष नरेश मंडल, शाखा सचिव लखेन्द्र राय, विकास कुमार, अनुज कुमार, रंजीत कुमार, सुनील कुमार सिंह, मंजूर अंसारी, संतोष कुमार, नागेन साव, मंगल नायक आदि ने बताया की यूनाईटेड कोल वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा कोलियरी का 35वां शाखा सम्मेलन यूनियन कार्यालय रीवर साइड भुरकुंडा में 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। उन्होंने बताया की सम्मेलन के मुख्य अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के महामंत्री रमेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि एरिया अध्यक्ष कॉ कन्हैया सिंह, एरिया सचिव कॉ बिंध्याचल सहित सभी शाखा के अध्यक्ष और सचिव अतिथि के रूप में भाग लेंगे। साथ ही इस सम्मेलन में भुरकुंडा कोलियरी से सैकड़ों मजदूर प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे।

### केवि भुरकुंडा में एलुमनी मीट 24 को, तैयारी शुरू



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा का एलुमनी मीट (पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का मिलन समारोह) 24 दिसंबर को आयोजित होगा। इसे लेकर भुरकुंडा रिवरसाइड स्थित स्कूल के पुराने भवन परिसर में जोरदार तैयारी चल रही है। जिसकी मॉनेटरिंग के लिए प्रतिदिन दर्जनों पूर्ववर्ती विद्यार्थी जुट रहे हैं। 24 दिसंबर को आयोजित समारोह में स्कूल के 200 से अधिक पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का जुटान होगा, जो देश के विभिन्न राज्यों से शिरकत करेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे आरंभ हो जायेगा। इधर बुधवार को स्कूल के पूर्ववर्ती विद्यार्थी डॉ प्रदीप भट्टाचार्य, संजय खंडेलवाल, जिबू सैनी, देवेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, उमेश उपाध्याय, मो वसीम, सचिदानंद सिंह, संजय गुप्ता, सुनील सिन्हा, संजय कुमार रवि, सुदीप चौधरी, दुर्गेश नंदन तिवारी, रामाशंकर पांडेय, रश्मि झा और शिवानी झा के साथ एसके झा, आयुष झा, सार्थक झा ने स्कूल पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया।

### फुटबॉल टूर्नामेंट में पिठोरिया ने छापर को हराया



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा नगर दुंदुवा मैदान में बुधवार से भगवान बिरसा मुंडा मेमोरियल फुटबॉल टुर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टुर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि चोरधरा पंचायत के मुखिया राम नारायण कुमार, विशिष्ट अतिथि आरकेएमयू के भुरकुंडा परियोजना सचिव नौशाद हुसैन, सह सचिव प्रेम पासवान, आरडब्लूएस भुरकुंडा के प्रोजेक्ट ऑफिसर अजहर खान, केंद्रीय सरहुल पूजा समिति के पाहन देवलाल मुंडा, किरण मांझी व भारतीय थल सेना के दीप मुंडा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टुर्नामेंट को सफल बनाने में साहिल करमाली, आशीष डोडराई, कृष्णा नायक, दीपु मुंडा, अविनाश, बादल करमाली, करन, अर्जुन, आषीष, रूद्र मुंडा, सतीष्र मुंडा, सन्नी भुंइया, राजमुंडा, रिशु नायक, रोहन नायक, अभय नायक, अरब नायक, रोहित भुंइया आदि जुटे हैं।

## भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय प्रवक्ता का जेएम कॉलेज में हुआ आगमन

# प्रवक्ताओं ने विद्यार्थियों को विकास योजनाओं की दी जानकारियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय प्रवक्ता विनीता हरिहरण का बुधवार को पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में महिला सदस्यों के साथ आगमन हुआ। इसमें मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी, कोषाध्यक्ष स्नेहा गुप्ता, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, जिला कोषाध्यक्ष खुशबु देवी, परमजीत कौर उपस्थित थीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ विद्यानंद तिवारी के नेतृत्व में कॉलेज प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रवक्ता विनीता हरिहरण को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, जगतार सिंह, अमरेश सिंह, संतन सिंह, प्रह्लाद पांडेय ने किया राष्ट्रीय प्रवक्ता को बुके देकर स्वागत करते हुए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता विनीता हरिहरण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों और युवाओं को रोजगार, स्व-रोजगार से जोड़ने वाली योजनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने 18 साल आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं से वोटर पहचान पत्र बनाने के साथ आने वाले चुनावों में बढ़-चढ़कर अपने मतों का प्रयोग कर भारत के विकास में योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ताओं ने विद्यार्थियों को पीएम आवास योजना, हर घर जल योजना, पीएम कुसुम, पीएम मुद्रा, केसीसी योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, स्वास्थ्य सहित दर्जनों योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए देश के विकास में कार्य करने व जागरूगता फैलने की बात कही। वक्ताओं के संबोधन से छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी ने भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया। मंच संचालन डॉ अरविंद कुमार सिंह ने किया। मौके पर प्राचार्य डॉ विद्यानंद तिवारी, डॉ अरविंद सिंह, प्रो. ज्ञानेन्द्र दुबे, डॉ अनिल कुमार, डॉ. रामप्रमोद सिंह, डॉ शिवशंकर सिंह, डॉ अवधेश कुमार सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार पाठक, प्रो सुब्रतो घोष, गिरधर पाठक, डॉ बीके सिंह के अलावे पम्मी कुमारी, कुसुम, मून, तनिशा, आशा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं और षिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थें।



## राष्ट्रीय एकता शिविर से लौटने पर तन्वी प्रिया का जेएम कॉलेज में हुआ स्वागत



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएम कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एक की स्वयंसेविका तन्वी प्रिया के राष्ट्रीय एकता शिविर से लौटने पर बुधवार को महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ विद्यानंद तिवारी ने तन्वी प्रिया को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा की तन्वी प्रिया के अथक परिश्रम और मेहनत का फल है जो सर्टिफिकेट और मेडल लाकर कॉलेज का नाम रोशन किया। डॉ शीला सिंह ने बताया की तन्वी प्रिया बीआइटी पटना में आयोजित 2 से 8 दिसंबर तक राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लेकर लौटी हैं। इस आयोजन में तन्वी प्रिया ने सर्टिफिकेट और मेडल प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। मौके पर तनु प्रिया ने अपने शिविर के अनुभव को सांझा किया। तन्वी प्रिया के सर्टिफिकेट व मेडल जीतने पर कॉलेज के प्राचार्य विद्यानंद तिवारी, डॉ अरविंद सिंह, डॉ प्रमोद सिंह, डॉ अरुणजय सिंह, इंद्र विजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद, डॉ अनिल सिंह सहित शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## बिहार के सीएम नीतीश कुमार के जोहार कार्यक्रम को लेकर रामगढ़ जिला कमेटी जदयू ने की बैठक

# कमेटी का गठन, प्रचार प्रसार पर रहेगा फोकस

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** आगामी 21 जनवरी 2024 को जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रामगढ़ आगमन पर आयोजित नीतीश जोहार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जदयू जिला कमेटी ने नयामोड़ स्थित पार्टी जिला कार्यालय में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू व संचालन प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव राजू महतो व जगदीश महतो, जिला प्रभारी मिथलेश सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मो अख्तर खान शामिल रहे। बैठक के दौरान नीतीश जोहार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही, तैयारी समिति गठन कर प्रचार-प्रसार करने, दिवार लेखन, जगह-जगह पर बैनर-पोस्टर लगाने, पंचायतों में जाकर बैठक व नुक्कड़ सभा करने का निर्णय लिया गया। वही, आयोजित कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गयी। मौके पर युवा जिलाध्यक्ष भूषण उरांव, जिला महासचिव मेघनाथ प्रसाद, जिला सचिव उमेश प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी अकबर, मनोज राय, राजेश महतो, महेंद्र किशोर महतो, रोहन महतो, धनेश्वर महतो, असमत इमाम, वीके तांती, रौशनलाल महतो, सुखेदव महतो, रामाकांत पटेल, रामचंद्र राम, श्रवण कुमार रवि, इम्तियाज अंसारी मौजूद रहे।



## बिरहोरों के बीच कंबल का वितरण



**रामगढ़।** जिले में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी व अंचलाधिकारी ने दोहाकातू के बिरहोर परिवार के सदस्यों के बीच कंबल का वितरण किया।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन का जायजा लेने चतरा पहुंचे झारखंड के प्रधान सचिव प्रवीण टोप्पो

# लाभुकों के बीच योजनाओं के स्वीकृति पत्र, चेक का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** सदर प्रखंड के दारियातु पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का जायजा लेने कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग झारखंड के प्रधान सचिव प्रवीण टोप्पो एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। उनके चतरा आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने पूष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम स्थल आगमन पर पारंपरिक रूप से उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु लगाये गये स्टॉलों का एक-एक कर निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया और कहा कि यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शत प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित करना है। उन्होंनें शिविर में आये सभी योग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर उन्हे लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मौके पर लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र, धोती-साड़ी, कंबल व जेएसएलपीएस दीदीयों के बीच आत्मनिर्भर बनाने हेतु चेक के माध्यम से राशि का वितरण किया। वहीं आदिम जनजाति परिवारों के बीच बर्तन और चौकी का भी वितरण किया गया। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम स्थल से जिला मुख्यालय लौटने के क्रम में युवाओं के लिए बनायें गये जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम और इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर स्टेडियम व इंडोर स्टेडियम का सराहना किया और कहा जिले के युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम एवं इंडोर स्टेडियम वरदान साबित होगा। इस दौरान कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, सदर अनुमण्डल पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य, सदर प्रखंड प्रमुख समेत अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।



## खेलकूद की विजेता टीम को किया गया पुरस्कृत



**हंटरगंज / चतरा।** प्रखंड के दंतार कलस्टर के पल्लहा के समीप खेल मैदान में बुधवार को लिंग आधारित खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीएलएफ सुनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के सभी सदस्यों के बीच लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध खेल में भाग लिया। कार्यक्रम में सीसी सुनील पासवान, पीआरपी तेज नारायण प्रसाद, बीएपी अलका, अभिषेक कुमार, ए डब्लु सविता देवी, रेनु देवी, रेशमी देवी और हंटरगंज के सभी सीएलएफ सदस्य उपस्थित थे।

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय नायब तहसीलदार जशपुर जिला- जशपुर, (छ.ग.)
मामले का विषय- खाता का बंटवारा कराने बावत्
ऑन लाईन रा.प्र.क्र.- 202308031500011
आवेदक लुटयू राम पिता महिन्दर जाति चीक निवासी ग्राम रनपुर तहसील- जशपुर, जिला- जशपुर. (छ.ग.)
दावा
अनावेदकगण चामीन पुत्री बघेरनी, अन्य-03 सभी जाति चीक निवासी ग्राम रनपुर तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ0ग0)

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक लुटयू राम महिन्दर जाति चीक निवासी ग्राम रनपुर तहसील- जशपुर जिला- जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम-रनपुर स्थित भूमि स्वामी हक की शामिल खाते की कुल ख.नं 09 रकबा 3.217 हे0 कृषि स्थित है। जिसका वर्तमान में बंटवारा किया जाना है। जिसमें अनावेदक क्रमांक 02- सूरज नाथ, पिता महिन्दर 03 निरंजन राम पिता महिन्दर एवं 04 गणेश राम पिता महिन्दर को पेपर प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया किया जा रहा है। उक्त मामले की सुनवाई दिनाक 18.01.2024 को दिन के 11:00 बजे तहसील न्यायालय, जशपुर में होगी। अतः उक्त के संबध में यदि किसी व्यक्ति अथवा खातेदार को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वे अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 15.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, जशपुर
जिला- जशपुर (छ.ग.)

# दुर्भाग्यपूर्ण गतिरोध

संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार और मंगलवार को जिस तरह से सामूहिक रूप में विपक्षी सांसद निलंबित किये गये, वह अभूतपूर्व है। दो दिनों में कुल 141 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। निश्चित रूप से देश के लोकतांत्रिक इतिहास में इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के रूप में देखा जायेगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध के पीछे मूलतः पिछले सप्ताह संसद की सुरक्षा में हुई चूक है। इसमें कहीं कोई दो राय नहीं कि यह गंभीर मसला है। सवाल सिर्फ यह है कि आखिर इस गंभीर मसले पर सदन के अंदर चर्चा की कोई राह दोनों पक्ष क्यों नहीं निकाल पा रहे? जहां विपक्षी दल पिछली परंपराओं का वास्ता देते हुए इस बात पर अड़े हैं कि कानून व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर मसले पर केंद्रीय गृह मंत्री को बयान देना चाहिए, वहीं सरकार का कहना है कि संसद के अंदर की सुरक्षा स्पीकर की जिम्मेदारी होती है और इसलिए इस पर गृह मंत्री का बयान देना उचित नहीं होगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर के उदाहरण से साफ है कुछ विपक्षी सांसदों ने जान-बूझ कर ऐसी स्थिति पैदा की, जिससे उनका निलंबन हो जाये। थरूर ने निलंबन से चंद मिनट पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि अपने संसदीय जीवन में पहली बार वह प्लेकार्ड लेकर वेल में घुसे और अब निलंबन की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। उनकी दलील है कि निलंबित सांसदों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए उन्होंने ऐसा किया। विपक्षी सांसदों के ऐसे व्यवहार को उचित बताना मुश्किल है। दूसरी तरफ सत्तारूढ़ पक्ष भी इस मामले में कोई खास गंभीरता नहीं दिखा पा रहा। अगर 2001 में हुए संसद हमला मामले में संसद में चर्चा हुई थी, तो कोई कारण नहीं कि इस बार भी ऐसा सुनिश्चित न किया जा सके। अगर ऐसा नहीं हो रहा, तो इसके पीछे कहीं न कहीं लोकसभा चुनावों के मद्देनजर अपनी पोजिशनिंग ठीक रखने की भावना है। इस गतिरोध के चलते संसद के शीत सत्र के बचे हुए दिनों में भी सुचारू ढंग से कामकाज होने के कोई आसार नहीं दिख रहे। ध्यान रहे, अगले आम चुनाव से पहले यह मौजूदा लोकसभा का आखिरी पूर्ण सत्र है और इसमें कई अहम बिलों पर चर्चा होनी है, लेकिन पक्ष-विपक्ष का जो रवैया है, उसे देखते हुए यही लगता है कि विपक्ष की गैरमौजूदगी में और बिना किसी चर्चा के ही इन बिलों को पास घोषित करना पड़ेगा। यह सचमुच निराशाजनक है कि जब दलीय राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत थी, तब विपक्ष सत्तारूढ़ दलों पर आरोप लगाने में और सत्ता पक्ष विपक्षी सदस्यों को संसद से बाहर करने में अपनी ऊर्जा लगा रहे हैं।

**दो दिनों में कुल 141 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। निश्चित रूप से देश के लोकतांत्रिक इतिहास में इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के रूप में देखा जायेगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध के पीछे मूलतः पिछले सप्ताह संसद की सुरक्षा में हुई चूक है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**डॉ अरविंद कुमार का कहना है कि फेफड़ों में इन काले धब्बों के चलते निमोनिया, अस्थमा और फेफड़ों के कैंसर के मामलों में भी तेजी आयी है। पहले ऐसी बीमारियां अधिकतर 50-60 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को होती थीं, परंतु अब यह पैमाना घट कर 30-40 वर्ष की आयु वर्ग में होने लगा है। पहले के मुकाबले महिला रोगियों की तादाद भी बढ़ रही है। इतना ही नहीं महिला मरीजों की तादाद 40 प्रतिशत तक है, जिनमें से अधिकतर महिलाएं धूम्रपान नहीं करती हैं।**

# प्रदूषण से बढ़ता फेफड़ों के कैंसर का खतरा

**विनीत नारायण**



पाठकों को यह जानकर हैरानी होगी कि देश की राजधानी दिल्ली में रहने वाले हर व्यक्ति के फेफड़ों में काले रंग के धब्बे मौजूद हैं। जैसे किसी सिगरेट पीने वाले के फेफड़ों में होते हैं। आश्चर्य और चिंता की बात तो यह है कि दिल्ली में रहने वाले किशोरों में भी यह विकृति पाई जा रही है। यह चौंकाने वाला खुलासा किया है दिल्ली के मशहूर छाती रोग विशेषज्ञ (चैस्ट सर्जन) डॉ अरविंद कुमार ने। उनका कहना है कि, वे तीन दशकों से अधिक समय से दिल्ली में चैस्ट सर्जरी कर रहे हैं। बीते कुछ वर्षों से उन्होंने दिल्ली के मरीजों के फेफड़ों में एक बड़ा बदलाव देखा है। जहां 1988 में अधिकतर फेफड़ों का रंग गुलाबी होता था, वहीं बीते कुछ वर्षों में फेफड़ों में कई जगह काले-काले धब्बे दिखायी दिये हैं। पहले ऐसे काले धब्बे केवल धूम्रपान करने वालों के फेफड़ों में ही पाये जाते थे।

किंतु अब हर उम्र के लोगों में, जिसमें अधिकतर किशोरों में, ऐसे काले धब्बे पाये जाने लगे हैं, यह बड़ी गंभीर स्थिति है। इन काले धब्बों का सीधा मतलब है कि जो लोग धूम्रपान नहीं करते उनके फेफड़ों में यह धब्बे विषैला जमाव या टॉक्सिक डिपोजिट है। डॉ अरविंद कुमार का कहना है कि फेफड़ों में इन काले धब्बों के चलते निमोनिया, अस्थमा और फेफड़ों के कैंसर के मामलों में भी तेजी आयी है। पहले ऐसी बीमारियां अधिकतर 50-60 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को होती थीं, परंतु अब यह पैमाना घट कर 30-40 वर्ष की आयु वर्ग में होने लगा है। पहले के मुकाबले महिला रोगियों की तादाद भी बढ़ रही है। इतना ही नहीं महिला मरीजों की तादाद 40 प्रतिशत तक है, जिनमें से अधिकतर महिलाएं धूम्रपान नहीं करती हैं। सबसे अहम बात यह है कि 1988 में ऐसे रोगियों में 90 प्रतिशत वह लोग होते थे, जो धूम्रपान करते थे, परंतु अब यह आंकड़ा बराबरी का है।

**आज दिल्ली में प्रतिदिन 7000 टन मिश्रित कूड़ा इनसिनिरेटर्स में जलाया जाता है।**

डॉ कुमार बताते हैं कि, जो केमिकल सिगरेट में पाये जाते हैं वही केमिकल आज की हवा में भी हैं। यानी कैंसर के मुख्य कारक माने जाने वाले जो केमिकल सिगरेट के धुएं में पाये जाते हैं, यदि वही केमिकल हमें दूषित हवा में मिलने लगें, तो हम धूम्रपान करें या न करें हमारे फेफड़ों के अंदर यह जहर खुद-ब-खुद प्रवेश कर ही रहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि दूषित हवा से हमारे फेफड़ों में कैंसर होने के आसार भी बढ़ गये हैं। कुछ वर्ष पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी यह माना कि दूषित हवा भी कैंसर का कारण हो सकती है।

एक महत्वपूर्ण तर्क देते हुए डॉ अरविंद कुमार ने यह भी बताया कि पहले जब फेफड़ों के कैंसर के मरीजों में इस बीमारी को पकड़ा जाता था, तब उनकी उम्र 50-60 के बीच होती थी, क्योंकि कैंसर के केमिकल को फेफड़ों को अपनी गिरफ्त में लेने के लिए तकरीबन 20 वर्ष लगते थे, परंतु आज जहां दिल्ली की दूषित हवा का एयर क्वालिटी इंडैक्स 500 से अधिक है, तो ऐसी दूषित हवा में जन्म लेने वाला हर वो बच्चा इन केमिकल का सेवन पहले ही दिन से कर रहा है, इस खतरे का शिकार बन रहा है।

आम भाषा में कहा जाये तो दूषित हवा में सांस लेना 25 सिगरेट के धुएं के बराबर है। तो यदि कोई बच्चा अपने जन्म के पहले ही दिन से ऐसा कर रहा है, तो जब तक वो 25 वर्ष की आयु का होगा उसके फेफड़ों में और धूम्रपान करने वाले के फेफड़ों में कोई अंतर नहीं होगा। इसीलिए डॉ अरविंद कुमार को इस बात पर कोई अचंभा नहीं होता, जब वे कम उम्र के मरीजों में फेफड़ों के कैंसर के लक्षण देखते हैं। उल्लेखनीय है कि जहां दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 से अधिक है, वहीं लंदन और न्यूयॉर्क में यह आंकड़ा 20 से भी कम है। यह बहुत भयावह स्थिति है, चाहे-अनचाहे दिल्ली का हर निवासी इस जहरीले गैस चैंबर में घुट-घुट कर जीने को मजबूर है। हवा के मानकों में 0-50 के बीच एक्यूआइ को अच्छा, 51-100 को संतोषजनक, 101-200 को मध्यम, 201-300 को खराब, 301-400 को बहुत खराब और 401-500 को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

लगातार चुनाव जीतने की राजनीति में जुटे रहने वाले दल प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दों पर भी आरोप-प्रत्यारोप लगाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। इस समस्या के हल के लिए केंद्र या राज्य की सरकार कोई ठोस काम नहीं कर रही। पराली जलाने को लेकर इतना शोर मचता है कि ऐसा लगता है कि पंजाब और हरियाणा के किसान ही दिल्ली के प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि असली कारण कुछ और है।

दिल्ली से निकलने वाले गंदे कचरे, कूड़ा-कर्कट को ठिकाने लगाने का पुख्ता इंतजाम अब तक नहीं हो पाया। सरकार यही सोचने में लगी है कि यह पूरा का पूरा कूड़ा कहां फिंकवाया जाये या इस कूड़े का निस्तार यानी ठोस कचरा प्रबंधन कैसे किया जाये। जाहिर है इस गुत्थी को सुलझाये बगैर जलाये जाने लायक कूड़े को जलाने के अलावा और क्या चारा बचता होगा? इस गैर-कानूनी हरकत से उपजे धुएं और जहरीली गैसों की मात्रा कितनी है, इसका कोई हिसाब किसी भी स्तर पर नहीं लगाया जा रहा है।

दिल्ली में 1987 से यह कूड़ा जलाया जा रहा है, जिसके लिए पहले डेनमार्क से तकनीक का आयात किया गया था। पर यह मशीन एक हफ्ते में ही असफल हो गयी, क्योंकि इसकी बुनियादी शर्त यह थी कि जलाने से पहले कूड़े को अलग किया जाये और उसमें मिले हुए जहरीले पदार्थों को न जलाया जाये। इतनी बड़ी आबादी का देश होने के बावजूद भारतीय प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही इस कदर है कि आज तक कूड़े को छांट कर अलग करने का कोई इंतजाम नहीं हो पाया है। आज दिल्ली में प्रतिदिन 7000 टन मिश्रित कूड़ा इनसिनिरेटर्स में जलाया जाता है। जिसे जल्दी ही 10000 टन करने की तैयारी है। इस मिश्रित कूड़े को जलाने से निकलने वाला जहरीला धुआं ही दिल्ली के प्रदूषण का मुख्य कारण है। जबकि इसी मशीन से सिंगापुर में जब कूड़ा जलाया जाता है, तो उसमें से जहरीला धुआं नहीं निकलता, क्योंकि वहां सभी सावधानियां बरती जाती हैं।

वैसे केवल सरकार को दोष देने से हल नहीं निकलेगा। दिल्ली और देश के निवासियों को अपने दैनिक जीवन में तेजी से बढ़ रहे प्लास्टिक एवं अन्य किस्म के पैकेजिंग मैटीरियल को बहुत हद तक घटाना पड़ेगा जिससे ठोस कचरा इकट्ठा होना कम हो जाये। हम ऐसा करें ये हमारी जिम्मेदारी है, ताकि हम अपने बच्चों के फेफड़ों को घातक बीमारियों से बचा सकें। मशहूर शायर कैफी आजमी ने क्या खूब कहा, शोर यूं ही न परिंदों ने मचाया होगा, कोई जंगल की तरफ शहर से आया होगा। पेड़ के काटने वालों को ये मालूम तो था, जिस्म जल जायेंगे जब सर पे न साया होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2023 का शुभारंभ आज

**जितने वाले खिलाड़ी को मिलेगा 3 करोड़ का इनाम, प्रतियोगिता में भारतीय गोल्फ का बड़े नाम के खिलाड़ी होंगे शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** लौहनागरी जमशेदपुर में टाटा स्टील ग्रुप व पीजीटीआई के द्वारा बेल्डीह व गोलमुरी गोल्फ मैदान में चार दिवसीय टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप का गुरुवार को शुभारंभ किया जायेगा। बेल्डीह और गोलमुरी दोनों गोल्फ कोर्स को हरे-भरे, सुंदर और बहुत अच्छी तरह से बनाये गये हैं। जिनकी पृष्ठभूमि में आकर्षक दलमा पहाड़ियाँ हैं।बेल्डीह गोल्फ कोर्स लंबे फेयरवेज का प्रदर्शन करता है। गोलमुरी गोल्फ कोर्स एक छोटा, हरा-भरा, बुटीक कोर्स है जो गोल्फर्स को गलती की कोई गुंजाइश नहीं देता है। इस बार के गोल्फ टूनार्मेंट में पीजीटीआई की सबसे बड़ी इनामी राशि 3 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता में 75 एलिट प्रोफेशनल्स भाग लेंगे।

टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2023 टाटा स्टील पीजीटीआई का सीजन एंडिंग इवेंट है। टूर्नामेंट 72-होल स्ट्रोक-प्ले चैंपियनशिप है। इसमें कोई कट लागू नहीं होगी। सभी प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार राशि की गारंटी है। टूर्नामेंट से पूर्व 19 दिसंबर को प्रो-एम इवेंट खेला गया था। टूर्नामेंट के सभी चार राउंड में आधे खिलाड़ी अपने पहले नौ होल गोलमुरी में और बाकी के नौ होल बेल्डीह में खेलेंगे। जबकि बाकी आधे खिलाड़ी अपने पहले नौ होल बेल्डीह में व बाकी के नौ होल गोलमुरी में खेलेंगे। दूसरे राउंड से लीडरबोर्ड का लीडिंग फ्रंट हाफ ऑफ द लीडर बोर्ड स्कोर के अनुसार पहले नौ होल गोलमुरी में व दूसरे नौ होल बेल्डीह में खेलेंगे। रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि टाटा स्टील के एमडी टी वी नरेंद्रम शामिल होकर 3 करोड़ के विजेता को पुरस्कृत करेंगे। टाटा स्टील के द्वारा आयोजित शानदार टूर्नामेंट में भारतीय गोल्फ के सबसे बड़े नाम में 2020 के चैंपियन गगनजीत भुल्लर, एसएसपी चौरसिया, 2022 में टाटा स्टील पीजीटी आई रैंकिंग चैंपियन मनु गंडास, चैंपियन चिक्कारंगप्पा एस, 2023 के टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर ओम प्रकाश चौहान, करणदीप कोचर व वीर अहलावत शामिल होंगे। सभी खिलाड़ी टूनार्मेंट 2023 में टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन का फैसला करेंगे। इस दौड़ में करीबी मुकाबला होने की संभावना है। 2023 पीजीटीआई नंबर 1, 2024 सीजन के लिए डीपी वर्ल्ड टूर पर फुल कार्ड अर्जित करेंगे। टाटा स्टील रॉ मटेरियल डिवीजन के वाइस प्रेसिडेंट सह जमशेदपुर गोल्फ कैप्टन डी बी सुंदरा रामम ने कहा ₹जमशेदपुर आगामी टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप के लिए उत्साह से भरा हुआ है। इस साल का टूर्नामेंट 2023 सीजन के लिए एक रोमांचक समापन की ओर अग्रसर है। पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडी ने कहा, 'टाटा स्टील व पीजीटीआई के बीच लंबे समय से जुड़ाव रहा है। टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में नंबर 1 स्थान के लिए प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी है। डीपी वर्ल्ड टूर पर एक स्थान हासिल करने के लिए खिलाड़ी तैयार है। उन्होंने कहा भारतीय पेशेवर गोल्फ में विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए टाटा स्टील को धन्यवाद देते हैं।

# शहीद निर्मल महतो जयंती समारोह में जमशेदपुर पहुंचेंगे सीएम हेमंत सोरेन

**उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण**

**सुरक्षा और विधि व्यवस्था को लेकर दिये सख्त निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड के अलग राज्य को लेकर आंदोलन करने वाले शहीद निर्मल महतो की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को जमशेदपुर के कदमा के उलियान स्थित समाधि स्थल में सभा आयोजित है, इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हो सकते है। इसको लेकर जमशेदपुर के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभा स्थल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा किया।

मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, डीसीएलआर रविंद्र गगराई, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, तकनीकी विभागों के अभियंता और अन्य उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मौके पर आयोजकों से कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी ली। सभा में आने वाले आगंतुकों के संबंध में चर्चा की गयी। क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उलियान स्थित समाधि स्थल की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, माल्यार्पण स्थल पर स्टेज निर्माण और मुख्य सभा स्थल पर मंच निर्माण की जांच को लेकर जरूरी निर्देश दिये। सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए भी सभी एहतियातन कदम उठाने का निर्देश दिया गया। आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, बैरिकेडिंग आदि की भी समीक्षा कर सभी को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया।

# गोरू खुटांव प्रतियोगिता सह समारोह आयोजित, कहा-संस्कृति ही हमारी पहचान



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** चाकुलिया नगर पंचायत के पुरनापानी-तरंगा गांव में कुड़मी समाज द्वारा आयोजित गोरू खुटांव प्रतियोगिता सह समारोह आयोजित हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राकेश महंती उपस्थित थे। श्री महंती ने पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाकर बैलों को नचाया। मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राकेश महंती ने कहा कि झारखंडी संस्कृति की रक्षा के लिए इस तरह के आयोजन सराहनीय है। कमेटी ने कार्यक्रम आयोजित कर अपनी संस्कृति को संरक्षित करने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है और युवा इसे संगठित होकर संस्कृति का संरक्षण करें। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख धनंजय करूणामय, नपं के पूर्व पार्षद सतदल महतो, बलराम महतो, कमेटी के मनोज महतो, महावीर महतो, सुरज महतो, अनिमेष महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

## कुणाल षाड़ंगी ने झारखंड खाद्य आयोग के अध्यक्ष से की मुलाकात

# समस्याओं से कराया अवगत, समाधान का मिला भरोसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा के पूर्व विधायक सह भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने झारखंड खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी से बुधवार को रांची में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने 1 जनवरी से राज्यभर के पीडीएस डीलर के हड़ताल पर जाने, आयुष्मान भारत योजना के लाभ हेतु राशन कार्ड बनने में हो रही परेशानी, मिड डे मील की गुणवत्ता एवं ग्रीन कार्डधारियों को राशन ना मिलने जैसे मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया। प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने बताया एक जनवरी से प्रदेश के 24 जिलों के 26 हजार पीडीएस डीलरों ने हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। ऐसी स्थिति में क्या सरकार ने सुचारू राशन वितरण के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था या योजना बनायी है। उन्होंने आयोग से आग्रह करते हुए सरकार से इस विषय पर बात करने की अपील की। साथ ही पूरे प्रदेश में ग्रीन कार्ड पर राशन नही मिल रहा है। ऐसे में इस कार्ड का औचित्य क्या है। यह स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। राज्य के विद्यालयों में मिलने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन में आयोग प्रखंड स्तर पर नोडल अफसरों के माध्यम से धरातल पर बेहतर मॉनिटरिंग की व्यवस्था करे।साथ ही मिड डे मील में अंडे व फलों की उपलब्धता लगातार सुनिश्चित हो। कुणाल षाड़ंगी ने आयुष्मान योजना में राशन कार्ड की अनिवार्यता की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड की लिंकिग में जो विसंगतियां हैं उन्हें मिशन मोड पर लेकर सुधार किया जाये। जिससे समय पर जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने राशन कार्ड बनने में हो रही परेशानियों की निगरानी कर समाधान करने की मांग की। झारखंड खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने सभी बातों पर गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेने व मुख्यमंत्री से बात कर जरूरी पहल करने का भरोसा दिया।

# बीएड विभाग ने मनाया क्रिसमस महोत्सव



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर स्थित ग्रैजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वूमेन के बीएड विभाग में बुधवार को क्रिसमस महोत्सव मनाया गया। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वीणा प्रियदर्शी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसके बाद बीएड की कोऑर्डिनेटर प्रो डोरिस दास ने फूल का पौधा देकर प्राचार्या का स्वागत किया। इस अवसर पर बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ विशेश्वर यादव ने कोऑर्डिनेटर को फूल का पौधा देकर उनका स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि हमारे देश में अनेक धर्म के लोग रहते हैं और सभी धर्मों का आदर करना हम सभी देशवासियों का कर्तव्य है, हम सभी मिलकर सभी त्योहार मनाते हैं और उनके खुशियों में शामिल होते हैं। उन्होंने सभी छात्राओं और कर्मचारियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन अंजना सिंह और दीप्ति केरकेट्टा ने किया। समारोह में विभागाध्यक्ष डॉ विशेश्वर यादव, डॉ पूनम ठाकुर, डॉ श्वेता बागडे, जया शर्मा, प्रीति सिंह, रानी सिंह, मोइत्री, सरिता गगराई के अलावा दोनों सेमेस्टर की छात्राओं ने शिरकत की।

## लायंस क्लब ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया




गढ़वा (आजाद सिपाही)। कड़ाके की ठंड को देखते हुए लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी की ओर से रात्रि में घूम घूम कर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सड़कों के किनारे ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ गढवा सिटी के अध्यक्ष सुशील केशरी, पूर्व अध्यक्ष लायन दयाशंकर गुप्ता, लायन रामनारायण प्रसाद, लायन लखन कश्यप, लायन दीपक कुमार, लायन राजमणि प्रसाद, लायन शिव कुमार गुप्ता, आदि ने काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस अवसर पर अध्यक्ष सुशील केसरी ने बताया कि कड़ाके की ठंढ पड़ रही है और पीड़ित मानवता की सेवा करना ही लायंस क्लब का उद्देश्य है। आज से कंबल वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ है और यह ठंड के मौसम तक जारी रहेगा। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी प्रतिवर्ष इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा।

## भाजयुमो जिला गढ़वा की बैठक 21 को



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी जिला गढ़वा की बैठक 21 दिसंबर दिन गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में रखा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर बैठक आहूत किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता और जिला पदाधिकारी मंडल और जिला संगठन प्रभारी मंडल अध्यक्ष सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बैठक में सम्मिलित होंगे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा हर गांव तक के कामगारों को उक्त लाभ उपलब्ध कराना है। बैठक 12:00 बजे से जिला कार्यालय में रखा गया है। जिला महामंत्री संतोष दुबे ने बताया की बैठक के पश्चात भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के द्वारा पूरे राज्य में हेमंत हटाओ और झारखंड बचाओ विरोध प्रदर्शन दोपहर 2:00 बजे जिला कार्यालय से चलकर उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन के साथ समाप्त होगा।

## डीडीसी ने अबुआ आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। उप विकास आयुक्त राजेश कुमार प्रखंड कार्यालय में बुधवार को कर्मियों के साथ बैठक कर अबुआ आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में विशेष रूप से अबुआ आवास योजना को लेकर चर्चा की गयी। उन्होंने कहा राज्य में गढ़वा जिला का भवनाथपुर प्रखंड अबुआ आवास सत्यापन में सबसे पिछे है। कर्मियों को निर्देश दिया कि जांच दल गठित कर सभी पंचायतों में 28 दिसंबर तक आवास का सत्यापन कर प्राथमिकता के आधार पर ग्रामसभा के माध्यम से सुची बनायी जाये। इसके अलावे आंगनबाड़ी, मनरेगा, सहित अन्य योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी ली। इस अवसर पर बीडीओ नंद जी राम, बीपीओ तहमिद अंसारी, जेई विजय शंकर राय, श्याम चौधरी, पंचायत सचिव अजित सिंह, सतीश सिंह, भुवनेश्वर सिंह, पीएम आवास समन्वयक अशोक रोजगार सेवक परमानंद ठाकुर सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लातदाग गांव स्थित एनएच 75 पर शिवनंदन फ्यूल सेंटर परिसर में मंगलवार की शाम में मानस मंडली गढ़वा द्वारा 468वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। आचार्य पंडित अमरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा आयोजक अजय कुमार द्विवेदी और सुधा द्विवेदी के साथ पूजा अर्चना कराया गया। इसके बाद मंडली के लोगों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात सभी लोगों के बीच सुंदरकांड पुस्तिका का वितरण किया गया। मंडली के मुख्य गायक अरुण कुमार मिश्र द्वारा हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। धार्मिक आयोजन में मानस मंडली के सदस्यों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मंडली संयोजक द्वारिका नाथ पांडे, आत्मा पांडे, ब्रजेश पांडे, मनीष कुमार गुप्ता, कैलाश नाथ मिश्र, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, अशोक पटवा, अयोध्या दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## एआइएमआइएम के पूर्व प्रत्याशी डॉ एमएन खान ने मेराल प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सह गढ़वा -रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एम एन खान ने मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने मेराल प्रखंड के हासनदाग, लोवादाग, राजहरा, मेराल, बाना, गेरूआ सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया। दौरा के क्रम में वहां के लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना। साथ ही लोगों की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कई लोगों ने एआईएमआईएम पार्टी में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। लगातार लोग एआईएमआईएम से जुड़ रहे हैं। इस बार पूरी तरह से बदलाव की बयार बह रही है। झारखंड में आदिवासियों का सरकार होने के बावजूद आदिवासियों को हक और अधिकार नही मिल पा रहा है। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष इस्तखार अहमद, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, मेराल युवा के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अली उर्फ लाला भाई आदि उपस्थित थे।

## परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी



मेराल (आजाद सिपाही)। स्थानीय एस डी मेमोरियल एकेडमी में बुधवार को परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जहां विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अभिभावकों से विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखायी की गतिविधि से संबंधित चर्चा की गयी तथा आवश्यक सुझाव दिये गये तथा अभिभावकों से भी विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखायी और उनकी गतिविधि को लेकर सुझाव मांगे गये। विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र तथा प्रधानाध्यापक अरुण कुमार द्वारा अभिभावकों को विद्यार्थियों की घर में पढ़ाई लिखाई की रूटीन, गृह कार्य पूरा करने बच्चों की खेलकूद को लेकर अवश्य के दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर शिक्षक अमरेंद्र कुमार मिश्र, श्याम देव पांडे, देव कीर्ति टोप्पो, अनिमा कुजूर, उपासना रजक, नसरीन खातून, निशा कुमारी, मृत्युंजय पांडे, जयप्रकाश पांडे, अंशु कुमारी आदि उपस्थित थे।

### सेना भर्ती के लिए छात्र छात्राओं को दी गयी महत्वपूर्ण जानकारी

# झारखंड में बहादुर सैनिकों की कमी नहीं: कर्नल विकास

**जनवरी माह से आर्मी में बहाली के लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन प्रारंभ होगी, इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन कर एग्जाम दे सकते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** वन प्रमंडल परिसर में अवस्थित वन भवन में बुधवार को अग्निपथ योजना से संबंधित मोटिवेशनल व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेना भर्ती कार्यालय, रांची के निदेशक, कर्नल विकास भोला द्वारा अग्निपथ योजना से संबंधित मोटिवेशनल व्याख्यान छात्र छात्राओं के बीच दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कर्नल संग उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय और क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में कर्नल ने मोटिवेशनल सेशन प्रारंभ करते हुए कहा कि पहले सेना में केवल पुरुष की ही भर्ती होती थी। परंतु वर्तमान में महिलाओं को भी सेना में भर्ती किया जा रहा है। झारखंड में बहादुर सैनिकों की कोई कमी नहीं है, पूर्व में भी झारखंड के कई बहादुर सोल्जर भारतीय सेना में योगदान दे चुके हैं। सेना में दो प्रकार से भर्ती होती है, पहला ऑफिसर रैंक और दूसरा सोल्जर रैंक। कक्षा आठवीं पास से लेकर 10वीं और 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को सेना में भर्ती का अवसर दिया जाता है। एनसीसी कैडेट, स्पोर्ट्स एक्टिविटीज समेत अन्य एक्स्ट्रा एक्टिविटी वाले छात्र-छात्राओं को भी सेना भारती में विशेष छूट दी जाती है। उन्होंने कहा कि कॉमन एंट्रेंस एग्जाम के लिए गढ़वा और पलामू में परीक्षा केंद्र नहीं है, केवल धनबाद रांची हजारीबाग और जमशेदपुर में ही परीक्षा केंद्र है। जिसे लेकर बच्चों को परीक्षा देने में समस्या होती है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर गढ़वा या पलामू में एक परीक्षा केंद्र खुलवाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि जनवरी माह से आर्मी में बहाली के लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन प्रारंभ होगी, इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन कर एग्जाम दे सकते हैं। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ, आर्मी मिलिट्री के हाईएस्ट ब्रेवरी अवार्ड, इंडियन आर्मी किसके आदेश पर कार्य करती है, झारखंड स्टेट में सन 1971 में परमवीर चक्र किसे मिला जैसे प्रश्न पूछे गए। जिसका उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले से कम से कम 10% युवा सेना भर्ती में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर देश की सेवा करें, यही मेरी कामना है। आज के दौर में कंपटीशन अधिक है हर एक मार्क्स काफी महत्वपूर्ण है इसलिए पूरी तरह से ध्यानपूर्वक तैयारी में जुटे, आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी।

# बाबू दिनेश सिंह विवि में भारतीय ज्ञान परंपरा और नयी शिक्षा नीति 2020 विषय पर परिचर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के गुरुपद सम्भव राम सभागार कक्ष में ह्यभारतीय ज्ञान परंपरा और नई शिक्षा नीति 2020 विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो. (डॉ.) एमके सिंह और मुख्य वक्ता श्री सुरेश गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुरेश गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नयी दिल्ली ने अपने उद्बोधन में नयी शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 को विश्वविद्यालय स्तर पर लागू किया जा रहा है और विवि के सभी प्राचार्यो और प्राध्यापकों को पढ़ने और पढाने का आवश्यक निर्देश प्रदान किए। विवि के कुलपति ने नई शिक्षा नीति का विस्तार से वर्णन करते हुए भारत की प्राचीन गौरवशाली ज्ञान परंपरा के विविध पक्षों का वर्णन करते हुए उनके पुनर्स्थापन पर बल दिया। कार्यक्रम में विवि परिसर में स्थित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, प्राध्यापकगण और छात्र-छात्रा उपस्थित रहे, जिसमें डॉक्टर उमाशंकर मिश्रा, डाक्टर पीडी तिवारी, नीतिश पाठक, शिव शंकर ओझा, एनके प्रसाद, कमलेश तिवारी, डॉ बासव राज कलाली, डॉक्टर ए. के. सिन्हा, डॉ अभिषेक नायर आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन, कार्यक्रम की संयोजक तथा दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता जी के द्वारा संपन्न किया गया तथा मंच संचालन बीएड प्राध्यापक जनार्दन शुक्ल के द्वारा दिया गया।

### मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

# झामुमो सरकार भ्रष्टाचार करने में लगी हुई है: रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजयुमो मेराल दक्षिणी मंडल अध्यक्ष ज्ञान रंजन चौबे की अध्यक्षता में मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार ऐतिहासिक भ्रष्टाचार करने में लगी हुई हैं चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है हेमंत सरकार में बैठे मंत्री विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने और बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर ठग कर सत्ता में आने वाली हेमंत सरकार युवाओं के साथ छलावा कर रही है, बहाली निकालकर रद्द कर दिया जा रहा है सरकार में बैठे मंत्री विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बालु के बिना आम गरीब जनता का घर मकान तक नहीं बन पा रहा है बालु का टेंडर नहीं होने से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक मौन है आनेवाले दिनों में ऐसे मंत्री विधायक को जनता सत्ता से बेदखल करने के लिए कमर कस चुकी है। उन्होंने कहा कि मंडल सशक्तिकरण अभियान में युवाओं को नमो ऐप सरल ऐप विद्या कमल ऐप डाउनलोड करना है और भाजपा और केंद्र सरकार के योजनाओं सहित देश विदेश के विभिन्न कार्यक्रम से अपडेट रहना है। जिला मिडिया प्रभारी सह मंडल विस्तारक लक्ष्मीकांत पांडेय ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने के लिए लग जायें। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता रामप्रताप साव आलोक साह, चंदन कुमार, अभिषेक कौशल, संत कुमार, अवधेष पाल, संजय सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में

# आदित्य बिड़ला ने बीएसकेडी को और जेपीएस ने डीएवी मॉडल को हराया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे हैं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन जूनियर वर्ग में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को 84 रनों से जेपीएस स्कूल ने डीएवी मॉडल को 54 रनो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में टॉस जीतकर आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 8 विकेट होकर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसमें सिद्धार्थ का 39 और नमन का 45 रन शामिल है। बीएसकेडी की ओर से विशाल और प्रतीक ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएसकेडी की टीम 76 रनों पर ही सिमट गयी, टीम की ओर से अनूप ने सर्वाधिक 17 और राहुल ने 13 रन बनाएं आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला की ओर से सिद्धार्थ ने पांच, नमन और अरबाज ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। वहीं दूसरे मैच में जेपीएस स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अजमल के 44, रेहान के 43 रनो के सहयोग से निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 173 रनो का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी डीएवी मॉडल की टीम आर्यन के 26 ओर दीपक के 25 रनो के सहारे 118 रन ही बना पायी। जेपीएस की और से कुंदन ने तीन विकेट लिया। मैंने ऑफ द मैच मैच का पुरस्कार आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला के सिद्धार्थ को और जेपीएस स्कूल के अजमल को मिला। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू ने कहा कि इस प्रतियोगिता में पहुंचकर उन्हें अपने स्कूली जीवन की याद ताजा हो गयी। मौके पर मैच आयोजन समिति के पदाधिकारियों सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य डॉ कायनात काजी ने मरीजों के बीच फल वितरित किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य डॉ कायनात काजी का गढ़वा आगमन पर गढ़वा सदर अस्पताल में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी की अध्यक्षता में और मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में मुख्य अतिथि डॉ कायनात काजी के हाथों से फल वितरण का कार्य किया गया। अस्पताल के महिला वार्ड और पुरुष वार्ड में लगभग 100 मरीजों के बीच वितरण किया गया। दो दिवसीय प्रवास पर आये हैं डॉक्टर कायनात काजी मेराल, बरडीहा, भवनाथपुर सहित अन्य जगहों पर महिला मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता से मिलकर केंद्र की योजनाओं को बताने का कार्य कर रही हैं। साथी महिलाओं से आग्रह कर रही हैं कि सभी योजना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियां को बताने का कार्य करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पलामू लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी जवाहर पासवान, उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, इंद्रमणि धर दुबे, विनय चौबे, प्रभारी रूपा सिंह, अनीता देवी, बिना पाठक, पार्वती सिंह, लक्ष्मी पांडेय, नवीन जायसवाल अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया



रंका (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के तत्वाधान में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया। इस अवसर पर सगठन के लोगों ने राज्य सरकार का ध्यान अल्पसंख्यक समुदाय की ओर आकर्षित करने और समाज की समस्याओं से अवगत कराने के लिए एक प्रतिनिधिमण्डल का गठन किया गया। इस मौके पर जिला संरक्षक आफताब आलम ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़े मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। इधर झारखंडी अल्पसंख्यक वर्तमान समय में अपने अधिकारों के प्रति काफी जागरूक भी हुआ है। ऐसे में राज्य की हेमंत सरकार को अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम उठानी चाहिए। इस अवसर पर मानपुर पंचायत के मुखिया हासिम अंसारी, पंचायत के बीडीसी असमुदीन अंसारी, पंचायत के पूर्व मुखिया असमुदीन अंसारी, झामुमो प्रखंड सचिव इरफान, हसिब सहित काफी संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोग उपस्थित थे।

## पत्रकार की मां के निधन पर ने शोक



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पत्रकार संजीव शर्मा की वृद्ध माता लगन देवी उम्र (95 )का निधन मंगलवार की देर रात हो गयी। उनके निधन पर दिवंगत आत्मा को जिले भर के पत्रकारों के अतिरिक्त प्रबुद्ध लोगों ने श्रद्धांजलि दी तथा उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार विवेकानंद उपाध्याय, विनोद पाठक, विजय प्रताप देव, शंभू दुबे, धीरेंद्र कुमार चौबे, अनुज चौबे, आनंद सिन्हा, लव दुबे, प्रताप, संजीव, आशुतोष, चंदन समेत कई पत्रकारों के साथ-साथ बड़ी संख्या में सामाजिक व राजनीतिक दल से जुड़े लोग शामिल हैं।

## द्वितीय जिला स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता शुरू



गढ़वा (आजाद सिपाही)। द्वितीय गढ़वा जिला स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता का रामासाहू खेल के मैदान में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत और झारखंड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने हरी झंडी दिखाकर खेल की शुरूआत की। इस अवसर पर जिला स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें 20 बालिका 50 बालक खिलाड़ी शामिल है, 6 कैटेगरी में खिलाड़ी ने अपना प्रतिस्पर्धा दिखाया, बालिका जूनियर, सब जूनियर, बालक में सीनियर, जूनियर, सब जूनियर और यूथ केटेगरी में शामिल प्रतियोगियों ने भाग लिया। मौके पर गढ़वा जिला वालीबाल संघ सचिव ओम प्रकाश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि खेल-कूद सह गढ़वा साइकिलिंग संघ कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, शारीरिक शिक्षक सुशील तिवारी आदि उपस्थित थे।

## जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत शीतलहरी और ठंड के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा असहाय और गरीबों के बीच नगर पंचायत परिसर में कंबल का वितरण किया। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 1 और 2 के गरीब असहाय महिला और पुरुष शामिल थे। कंबल वितरण के दौरान स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नजीर अमित कुमार पाठक और नगर पंचायत के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद ने भंडारा का आयोजन किया



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं के जन सहयोग से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक राजेश प्रताप देव और अधिवक्ता राजेश कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप खिचड़ी को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक अनवरत चलता रहा। इस मौके पर विहिप के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडे ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद व स्थानीय युवा समाजसेवियों के जन सहयोग से प्रत्येक मंगलवार को वीर हनुमान जी के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया जायेगा। वहीं संध्या में महा आरती का कार्यक्रम होगा। भंडारा कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलू चौबे, सुशील मिश्रा, विवेक सिंह, विकास कुमार, पिंटू कुमार, शुभम जायसवाल, राहुल जायसवाल, उत्कर्ष, बादल कुमार, अरविंद पासवान, बिट्टू तिवारी आदि ने अपना-अपना योगदान दिया।

# स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: राजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका/ लातेहार ।** जुंगुर पंचायत अंतर्गत स्थित टोंगरी टोला में बन रहे सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में भारी लापरवाही करने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है ग्रामीणों के शिकायत पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष छोटू राजा योजना स्थल पर जांच करने पहुंचे। मौके पर जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि संवेदक घटिया पदार्थ का प्रयोग कर मोटी रकम डकारने की फिराक में है। इसी शिकायत पर योजना स्थल में देखने से साफ प्रतीत हुआ कि पूरे भवन निर्माण में लोकल छड़ कामधेनु, सिस्कॉन और नॉन ग्रेट सीमेंट का उपयोग एवं लाल पेटी ईंट का लगाया जा रहा है, दिखावा के लिए केवल कहीं कहीं ब्रांडेड पदार्थ का प्रयोग किया गया है। ऐसे में बिल्डिंग को जो गुणवत्ता मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल पाया है इस संबंध में मैंने जिला के उच्च अधिकारियों व जेई को भी अवगत कराया है उच्च अधिकारियों एवं जेई ने जांच कर संवेदक के ऊपर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि अगर योजना निर्माण का जांच नहीं होता है तो सांसद सुनील कुमार को भवन निर्माण में लापरवाही के सभी बिंदुओं से अवगत करवाकर योजना निर्माण की जांच करवाई जाएगी। संवेदक योजना में लिपापोती करने में लगे हुए हैं जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे क्षेत्र में बन रहे स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन गरीबों के कल्याण के लिए है ।

# गरीबों की सेवा विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य कार्य

## बेसहारा लोगों को चिन्हित किया गया कंबल वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार ।** कड़ाके के ठंड और गिरते हूए तापमान को देखते हुए झालसा राची के निदेर्शानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार लातेहार में जरूरतमंदों (गरीब, वंचित, दिव्यांग, बेसहारा लोग) के बीच कबंल का वितरण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव स्वाति विजय उपाध्याय एवं अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार द्वारा किया गया।

इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर रहने वाले जरूरतमंदों की सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार हमेशा तत्पर है। लातेहार जिला के वैसे जरूरतमंद लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण कड़ाके के ठंड में ठिठुरने के लिए विवश हैं और किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर कबंल का वितरण पुरे जिले में किया जा रहा है। अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार ने कहा कि गरीबों को मदद करना बड़ा ही पुण्य का कार्य है। इस ठंड में कबंल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी से खिल उठे। इस मौके पर प्राधिकार के सहायक आदित्य कुमार, एलएडीसी के अधिवक्तागण और पीएलवी, समेत कई लोग मौजूद थे।

# लोहरदगा बीएस कॉलेज में जल्द शुरू करायी जाये बीएड की पढ़ाई : अभाविप

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा पहुचे रांची यूनिवर्सिटी रांची के वाइस चांसलर अजीत सिन्हा को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने चार सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बीएस महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। ज्ञापन में पांच वर्षों से छात्र संघ का चुनाव नहीं होने की स्थिति में इस वर्ष छात्र संघ का चुनाव आवश्यक रूप से कराया जाने, बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा में बीएड की पढ़ाई शुरू कराने, महाविद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कराने, महिला कॉलेज बरही में गृह विज्ञान की पढ़ाई इसी शैक्षणिक सत्र में प्रारंभ कराने व सभी विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति तुरंत करने समेत अन्य मांग शामिल हैं। उपरोक्त ज्ञापन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा,गुमला, सिमडेगा, गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार ने सौपी। इस मौके पर बलदेव साहू महाविद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार प्रसाद गुप्ता, कॉलेज के प्रोफेसर डॉ शशि गुप्ता, अभाविप गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार, आयुष कुमार, विनय उरांव आदि शिक्षक विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

# तालीम से ही तरक्की मुमकिन : हाजी शकील



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कोई भी समाज तभी तरक्की करता है जब वह शिक्षित होता है। उपर्युक्त बातें हाजी शकील ने उर्दू विकास मंच के तत्वाधान में आयोजित मुफ्त कोचिंग सेंटर का उद्घाटन समारोह में कहा। हाजी शकील ने कहा कि आज के इस दौर में पढ़ाई के बदौलत करियर को बनाया जा सकता है। होनहार लोगों के लिए समाज भरसक प्रयास करेगी। अंजुमन इस्मालिया के सदर अफसर कुरैशी ने मौके पर युवाओं को अच्छे इंसान बनने की नसीहत दिया। शिक्षक नेता मुमताज अहमद ने निःशुल्क तालीम देने के लिए आगे आने वालों की तारीफ किया और कहा कि आज के इस भौतिक वादी युग में अच्छे और नेक सोच वाले ही ऐसी पहल करते हैं। इस दौरान टाना भगत कॉलेज के प्रो अरशद मोमीन, इमा कॉलेज के प्रिंसिपल मोहम्मद एजाज, कमरुज्जमा कुरैशी, मोहिबुल्लाह अंसारी, मास्टर हाजी तौहीद, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रऊफ अंसारी, अंजुमन के पूर्व सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू, उर्दू विकास मंच सेक्रेटरी फिरोज रही ने संबोधित किया। उद्घाटन के वक्त शिक्षक शैलेन्द्र सुमन, पूर्व सदर सऊद आलम ,गुलाम मुतुर्जा, वार्ड पार्षद फारूक कुरैशी, अली हसन खान औरंगजेब अहमद आदि मौजूद थे। प्रोग्राम का संचालन अफरोज कुरैशी मुन्ना एवं धन्यवाद ज्ञापन मोहिबुल्ला अंसारी ने किया।

# वन विभाग जल्द करे हाथियों को भागने का काम: लक्ष्मण

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत शेरेगड़ा पंचायत के बागोता ग्राम में बीते रात 18-20 की संख्या में आए हाथियों के झुंड ने कई एकड़ में लगे धान के फसल को चट कर गए। घटना बीते रात की जब किसान बालकू भुइयां अपने खेत से लगे फसल को हाथियों के झुंड ने धान आलू कतारी अनाज एवम 10 एकड में लगे धान खेती को डोमन साव दीपक साव कैलाश साव कूटू साव झारी साव समेत दर्जनों किसानों के खेत में लगे अनाज को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा घटना स्थल पर पहुंच नुकसान का जायजा लेते हुए बालूमाथ वन विभाग के पंचायत प्रभारी धनंजय जी को पीड़ित किसानो के हुए फसल नुकसान का मुवावजा जल्द से जल्द दिलवाने की बात कही। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा की सरकार द्वारा हाथियों को इस रेड जोन से भागने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जल्द से जल्द हाथियों को भागने एवम लंबित मुआवजा को देने का मांग किया है। वही वन विभाग अधिकारी ने पीड़ित किसानो को आश्वासन दिया की उन्हे जल्द ही सरकार द्वारा उचित भुक्तान किया जाएगा।

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा रमेश भुइयां बालकू भईया दिनेश उरांव जयराम उरांव संतोष उरांव महेंद्र उरांव रामजी उरांव समेत कई ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

# सेन्हा में चलाया गया वाहन जांच अभियान

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विशेष जांच अभियान के तहत सेन्हा थाना क्षेत्र अरु से हेसवे डाँडू पथ और जोगना मोड़ के समीप पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर एस आई गणेश कुमार यादव के नेतृत्व में शस्त्र बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही वाहन जांच के दौरान दो पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक को रोक कर हेलमेट तथा वाहन सम्बन्धित कागजातों का जांच किया गया। जिन मोटरसाइकिल चालक बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते हुए पाये गये। वैसे लोगो को कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट पहनकर वाहन चलाने और गाड़ी का कागज साथ लेकर चलने के लिये निर्देश देते हुए कड़ी चेतावनी दिया गया। मौके पर एसआई गणेश यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच किया गया स्वेटर वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा कामता पंचायत के ग्राम चटुआग आंगनबाड़ी केंद्र में तीस बच्चों के बीच पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर प्रसाद, वार्ड सदस्य सावन परहैया, सेविका मीना देवी ने संयुक्त रूप से स्वेटर का वितरण किया।

इस अवसर पर सेविका और जन प्रतिनिधियों ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को प्रत्येक दिन सेंटर भेंजे, अभी सरकार बच्चों को स्वेटर दे रही है आने वाले समय में ड्रेस भी देने की तैयारी सरकार कर रही है।

मौके पर राजेन्द्र लोहरा, रेखा देवी, कृति देवी, बसंती देवी, कबुतरी देवी, सुलेखा देवी, शोभा देवी, शुशीला देवी, बिनीता देवी, रीना देवी, दासो देवी, खुशबु देवी, सरहुलीया देवी, सुनैना देवी, लक्ष्मी देवी, मीना देवी, जीतनी देवी, भागमुनी देवी, सरीता देवी, फुलो देवी, सरीता देवी, प्यारी देवी समेत कई लोग मौजूद थे

# राम लला का पूजित अक्षत कलश कैरो पहुंचा, रामभक्तों ने बैंड बाजे से किया स्वागत



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 20 दिसंबर बुधवार को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से श्री राम लला का पूजित अच्छ्त कलश कैरो मुख्यालय पहुँच गया है। इस अवसर पर अच्छ्त कलश लेकर आये विहिप प्रदेश मार्गदर्शक मंडल सयोंजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी,लोहरदगा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिनोद उराँव, जिला सह मंत्री ब0दल रंजीत साहू,उमेश कुमार सिंह,राज साहू,भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकु, को कैरो ग्रामीणों ने बैंड बाजे-गाजे के साथ अक्षत कलश का पूजन व आम्र पल्लव व पुष्प से स्वागत किया। इस अवसर पर विहिप के कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी ने बताया की 30 दिसंबर से श्री राम जन्मभूमि से पूजित अक्षत प्रखंड के सभी गाँवो मे पहुंचेगा। उक्त अवसर पर आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी, डा0 भोला प्रसाद, राजेन्द्र सोनी, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, बालेश्वर साहू, गंगा प्रसाद, जितवाहन महतो, सुरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, राजेन्द्र महतो, विवेक प्रजापति, मनोज साहू, मुरारी सोनी, सुजीत प्रसाद, राधेश्याम साहू इत्यादि बड़ी संख्या मे राम भक्त श्री राम लला जन्मभूमि से पूजित अक्षत स्वागत समारोह में उपस्थित थे।

# झारखंड का विकास भाजपा के नेतृत्व में ही संभव : शिरींग डोलमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के तहत अरुणाचल प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष शिरींग डोलमा लोहरदगा पहुची। केंद्र सरकार की कार्यों को लेकर शिरींग डोलमा ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा अनेकों कार्यों का निष्पादन किया गया है। जिसका सीधा-सीधा लाभ लाभुक को मिल रहा है। इसके कई उदाहरण है विशेष कर महिलाओं के लिए मोदी जी ने बहुत सारी योजनाओं को दिया जिससे कि वह सशक्त हो पाए। तीन तलाक से मुक्ति, महिला आरक्षण, जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तब महिलाओं के नाम 1 में जमीन रजिस्ट्री, कई केंद्र की योजनाओं को निष्पादन करने में महिलाएं अपनी भूमिका भी निभा रही हैं और स्वालंबी होने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

झारखंड में ऐसा देखने को मिल रहा है कि केंद्र सरकार की योजनाओं राज्य सरकार के द्वारा सही से मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। यहां पर लाभुक भ्रष्टाचार के शिकार हो रहे हैं। सीधा-सीधा लाभान्वित होने के बजाय बाधा उत्पन्न किया जा रहा है जो कि किसी भी राज्य के लिए बहुत ही शर्मनाक होती है। झारखंड में वर्तमान परिस्थितियों और आकड़ो को देखते हुए हम कह सकते हैं कि महिलाएं बहुत ही असुरक्षित हैं । उन्हें कई तरह की भय हैं जैसे लगातार बढ़ती हत्या, दुष्कर्म, घटनाएं वर्तमान सरकार को महिलाओं की सुरक्षा को लेकर इतना बेफिक्र होना अच्छी बात नहीं है। मुझे पूर्ण विश्वास है आने वाले दिनों में जिस प्रकार से हेमंत सरकार कि झूठ और फरेब की बनी सरकार को महिलाएं जवाब अपने मत से देगी। भाजपा की दोबारा सरकार झारखंड में बनेगी क्योंकि झारखंड का विकास भाजपा के नेतृत्व में ही संभव है यह जनता समझ गई है।

# पीएम के नेतृत्व में तीव्र गति से विकास कर रहा देश: दिव्या गूंजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** बिहार महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष दिव्या गूंजन अपने दो दिवसीय दौरे पर लातेहार में हैं। उनके साथ भाजपा की मीडिया प्रभारी नीलम चौधरी भी प्रवास पर हैं। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम का नेतृत्व लातेहार महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शीला देवी कर रही हैं। इस अवसर पर पत्रकारों को सबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश में महिलाओं के लिए जो कार्य पीएम मोदी ने कर दिया है। देश ही नहीं विदेशों में भी भारत का ढंका बज रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा देश तीव्र गति से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। वहीं मीडिया प्रभारी नीलम ने कहा कि बिहार की नीतिश सरकार ने जिस तरीके से महिलाओं का अपमान आर महिलाओं के प्रति अपशब्द कही है और वाले लोकसभा चुनाव में बिहार की महिलाएं और बेटियों बता देंगी की।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में होगा महिलाओं का उत्थान: शीला**

इस अवसर पर लातेहार जिलाध्यक्ष शीला ने कहा कि महिलाओं का उत्थान हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में होगा। पीएम ने महिलाओं के लिए जितनी योजनाएं लायी है उससे महिलाओं को काफी फायदा हुआ हैं।

मौके पर भाजपा जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह, जिला महामंत्री पंकज सिंह, बंशी यादव , एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष मंगलदेव भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जिला परिषद् सदस्या प्रियंका कुमारी, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, महिला जिला महामंत्री अर्पणा सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंजू देवी, रीना देवी सिंह, मनोज साव, आनंद सिंह समेत कई भाजपा कार्यकता मौजूद रहे।

# अबुआ आवास निर्माण के लिए पंचायतों में लाभुकों का हुआ भौतिक सत्यापन

**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत भंडरा, उदरंगी, जमगाई, गड़रपो आदि पंचायत में बुधवार को स्थानीय मुखिया, पंसस, वार्ड एव स्वय सेवक के नेतृत्व में अबुआ आवास योजना को लेकर जियो टैगिंग का कार्य शुरू किया गया। मौके पर लाभुकों की जमीन का का भौतिक सत्यापन करते हुए आश्वासन दिया गया कि प्राथमिकता के आधार पर योजना की स्वीकृति दी जाएगी। इस संबंध में भंडरा पंचायत के मुखिया इंदरदेव उरांव ने बताया कि पिछले दिनों पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोगों ने आवेदन पत्र जमा किया था। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया इन्द्रदेव उरांव, पंचायत समिति प्रतिमा उरांव, स्वयंसेवक बाबर अंसारी, संदीप, जनसेवक दिलीप कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# पोते और बेटे को न्याय दिलाने के लिए भटक रही है महिला, नहीं मिल रहा न्याय

रूपेश कुमार अग्रवाल



**लातेहार।** कहते हैं समय बीता जाता और लोग घटना दुर्घटनाओं को भूल जाते हैं। पर जिस परिवार पर यह बीतता है वही जानता है कि आखिर पीड़ा क्या होती है। इस पीड़ा के बोझ लिए एक मां जो अपने पोते को तो खो चुकी पर बेटे को न्याय दिलाने के लिए सरकारी दफ्तरों की चक्करें काट काट कर थक चुकी है।

**बात करते करते रोने लगी एक मां मुलिया:** आज जब हमारे संवाददाता न्यूज संक्लन के लिए लातेहार समाहरणालय परिसर जा रहे थे कि तभी एक महिला दिखी। जो अपने आंशुओं को पोछते और धीरे धीरे समाहरणालय परिसर की ओर कदम बढ़ाते बढ़ रही थी। तभी संवाददाता की नजर उस पीड़ित पर पड़ी। जब हमारे संवाददाता ने पुछा क्या हुआ, तो वह फफक कर रोने लगी। महिला ने रोते रोते कहा कि बापु हम न्याय के लिए भटकत ही पर कोई भी नखे सुनते। हमर पोता तो दुनिया छोड़ देलक, पर बेटा की भी स्थित ठीक नइखे। हम डीसी से मिले आईल ही न्याय के गुहार लगावे।

**क्या है मामला:** महिला मुलिया देवी ने बताया कि बेटा (आदित्या मांझी) और पोता (रौशन कुमार) को 27 मार्च को चकला स्थित अभिजीत पॉवर प्लांट के मेन गेट से निकल रहे हाइड्रा ने धक्का मार दिया। जिसमें हमारा बेटे और पोता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने कंपनी हेड को घेर लिया। ग्रामीणों और स्थानीय वेंटरों के बीच वार्ता में तय हुआ कि दुर्घटना में घायलों के इलाज का पुरा खर्च उठाया जाएगा और तत्काल कुछ मुआवजा राशि दिया गया। अब जब मुआवजा देने के बारी आई तो कुछ नहीं मिला।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 25 वर्ष की सजा

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय सह स्पेशल न्यायाधीश, पोक्सो एक्ट अमित कुमार की अदालत ने अभियुक्त राजेश उरांव के मामले की सुनवाई करते हुए आरोप को सत्य पाया। स्पेशल पोक्सो अभियोजन पदाधिकारी के अनुसार 17 जनवरी 2020 को लातेहार थाना में प्राथमिक दर्ज की गई थी। इसमें बताया गया था कि पीड़िता के साथ चार माह पूर्व आरोपी ने खुखड़ी चुनने के बहाने जंगल में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया था। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषी को 25 वर्ष सश्रम कारावास का आदेश दिया।

# पीएम के नेतृत्व में केंद्र सरकार कर रही है विकास कार्य: आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा राँची से घाघरा गुमला जाने के क्रम में रांची की मेयर सह भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा का स्वागत किया गया। छतीसगढ़ विधानसभा चुनाव में सरगुजा जिला प्रभारी के तौर पर पार्टी की जीत का बधाई दिया गया। भाजपा नेत्री सह मेयर आशा लकड़ा ने कार्यकताओं से कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार अनेकों कल्याणकारी योजनाएँ चला रही जिसे देश के आम जनता को लाभ मिल रहा है। साथ ही कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देश मे विकास की देन है। जिसे मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी जीत का परचम लहरा कर पूर्णबहुमत की सरकार बनी है। मौके पर महाबीर प्रसाद साहु, नरेश महतो, राजकुमार साहु, शंकर ठाकुर, नन्दलाल सोनी, उदित महतो, अर्जुन महतो, राजकुमार महतो, रामलाल महतो सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गुमला के रॉबिन मिंज को गुजरात टाइटंस ने 3.60 करोड़ में खरीदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला के रॉबिन मिंज को मुंबई इंडियंस ने ट्रायल के लिए बुलाया था। उसने ट्रायल में भाग भी लिया, लेकिन अब गुजरात टाइटंस ने रॉबिन को तीन करोड़ 60 लाख रुपये में खरीद लिया है। अब रॉबिन क्रिकेट की दुनिया में अपना जलवा बिखेरने को तैयार है। गुमला के रोबिन मिंज विस्फोटक बल्लेबाज व विकेट कीपर है। पिछले आइपीएल में ही रॉबिन को दिल्ली टीम ने बुलाया था, लेकिन वे दुर्भाग्यवश टीम का हिस्सा नहीं बन सके थे। बेहद खुशी की बात है कि रॉबिन का चयन गुजरात की टीम ने किया हैं।



**रिटायर्ड मिलिट्री मैन हैं रॉबिन के पिता :** रॉबिन मिंज बागबाना डुंबरटोली का निवासी है। उसका एक घर सिलम करंजटोली भी है। उसके पिता फ्रांसिस जेवियर मिंज रिटायर्ड मिलिट्री मैन व माता एलिस मिंज गृहिणी हैं। रॉबिन मिंज की शिक्षा रांची में चल रही है। क्रिकेट प्रेमी बाघंबर ओहदार ने बताया कि रोबिन की अद्भुत क्रिकेट कौशल को बाल्यकाल में ही इनके पिता ने पहचाना और अपनी तरफ से खेल कौशल के प्रोत्साहन में बढ़ चढ़कर मदद की। रॉबिन पिछले छह वर्षों से गुमला डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं।

**गॉड गिफ्टेड प्लेयर है रॉबिन:** रॉबिन की क्रिकेट की स्किल पर पिछले छह वर्षों से अपनी निगाह रखने वाले और क्रिकेट की बारीकियां सिखलाने में अहम भूमिका अदा करनेवाले पूर्व क्रिकेटर सह वर्तमान गुमला डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव जितेंद्र कुमार सिंह व मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि रॉबिन एक गॉड गिफ्टेड प्लेयर है। पहले सीजन में ही हमें अंदाजा हो गया कि यह स्पेशल प्लेयर है। रॉबिन में जो बात है। वह बिरले ही इस उम्र के बच्चों में दिखता है।

**देवघर में लगाये थे बैक टू बैक दो शतक :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में रॉबिन की विस्फोटक बल्लेबाजी ने अनेक मौकों पर हमें गौरवान्वित होने का अवसर दिया। पिछले पांच वर्षों में रोबिन के बल्ले से एक से बढ़कर एक पारियां आयी हैं। देवघर में उसने बैक टू बैक दो शतक लगाये थे। पिछले आइपीएल में ही रॉबिन को दिल्ली टीम ने बुलाया था, लेकिन वे दुर्भाग्यवश टीम का हिस्सा नहीं बन सके थे। बेहद खुशी की बात है कि रॉबिन का चयन गुजरात की टीम ने किया है।

# कृषि अर्थव्यवस्था का आधारभूत स्तंभ: आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर ।** हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत आज चैनपुर के मालम पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मालम पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों सहित भाजपा चैनपुर मंडल के पदाधिकारी शामिल रहें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हर गांव गांव में केन्द्र सरकार के द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर लोगों को लाभान्वित करना है। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर आशा लकड़ा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की कल्पना हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने की थी जो आज धरातल पर मील का पत्थर साबित हो रहा है । आज उनके नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए नित नए आयाम को छू रहा है। आगे उन्होंने कहा



कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का आधारभूत स्तंभ है। यह न केवल भारत की जीडीपी में केवल पंद्रह प्रतिशत का योगदान करती है। बल्कि देश की आधी आबादी रोजगार के लिए कृषि पर आधारित है। इन्ही सब बातों के मद्देनजर रखते हुए सरकार वैसे किसानों को चिन्हित कर जो आर्थिक रूप से सबल नहीं है। उसे केसीसी लोन देकर उनके कृषि को बढ़ावा देने का कार्य मोदी सरकार कर रही है। आज किसान अपने खेतों में ड्रोन के सहायता से दवा एवं किटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं । वहीं भाजपा के जिला महामंत्री मिशीर कुजूर ने कहा कि आजादी के बाद भी कई सरकारें आई मगर हमारी मां बहनों के सम्मान में जितना कार्य मोदी सरकार ने किया उतना किसी सरकार ने नही किया। चाहे वह मातृ वंदन योजन हो या उज्वला योजना उन्होंने इनके दर्द को समझा और हर घर में चूल्हा और नल जल के माध्यम से पानी की सुविधा उपलब्ध कराया। वहीं मौके पर उपस्थित चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डा शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प योजना निश्चित ही किसान भाइयों के लिए मील का पत्थर साबित होगा । मोदी जी का उद्देश्य है कि किसान सरकार की लाभकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर अपनी आय दुगुनी कर सकते हैं। इधर कार्यक्रम उज्जवला योजना के तहत कई महिलाओं को गैस सिलेंडर प्रदान किया गया वहीं बुजुर्गों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। वहीं मालम की मुखिया गुंजन मार्था को बेहतर प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि आशा लकड़ा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाइक, महामंत्री अमित किशोर पाण्डेय, बुधराम नायक, शिवम केशरी, कौशल केशरी, दीपक रजक बैगा, उपाध्यक्ष शिवम केशरी, मालम पंचायत के पंचायत सचिव कुंवर राम मोची, पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी, मनरेगा बीपीओ कांति कुमारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फीस के लिए छात्रों को प्रताड़ित करने वाले को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** गुमला जिला के छापर टोली गांव में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचे लोहरदगा रोड धोबी मोहल्ला निवासी पवन कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप शहर के एक निजी स्कूल स्टार डीपीएस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में पवन ने कहा है कि मेरा पुत्र शौर्य कुमार गोकुल नगर स्थित स्टार डीपीएस स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ाई करता था। इसके अलावा मेरी दो बेटियां भी इसी विद्यालय में पढ़ती थी। तीन महीने का फीस बकाया होने के कारण मेरे पुत्र को 18 दिसंबर को विद्यालय अवकाश के समय विद्यालय प्रबंधक संदीप कुमार प्रसाद ने आवेश में आकर दो-तीन थप्पड़ जड़ दिया। वही विद्यालय प्रबंधक संदीप कुमार



और प्रिंसिपल साजिया खातून से बात करने पर उन लोगों के द्वारा अव्यवहारिक तरीके से जवाब दिया गया। जिसकी पुष्टि स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे से की जा सकती है। आगे बताया तीन नंबर को स्टार डीपीएस स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप से बिना कोई सूचना दिए प्रिंसिपल साजिया खातून के द्वारा रिमूव कर दिया गया। इसके बाद मेरे बच्चे बहुत डरे सहमे है और 21 अक्टूबर से अब तक शिक्षा से वंचित हैं। एक अभिभावक होने के नाते उनकी सुरक्षा व शिक्षा के साथ भविष्य की चिंता उसे सता रही है।

मामले को लेकर गुमला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक गुमला, बाल अधिकार संरक्षण आयोग को कार्रवाई हेतु आवेदन दिया गया है। बावजूद मामला अभी तक लंबित है। सारे सबूत व साक्ष्य होने के बावजूद भी अब तक कार्रवाई नहीं हो रही है और बिना प्रॉपर रजिस्ट्रेशन के स्कूल और हॉस्टल प्रशासन के नाक के नीचे धड़ले से चलाए जा रहे हैं। कुछ व्यापारी और अधिकारियों की मिली भगत से मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा।

# राशन वितरण करने और ऑनलाइन वितरण पर्ची देने का डीलरों को दिया गया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड सभागार में बुधवार को डीएसओ प्रीती लता किस्कू ने भरनो व सिसई के डीलरो के साथ बैठक किया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों को समय से शत प्रतिशत राशन वितरण करने व आंनलाईन वितरण पर्ची देने का डीलरों को निर्देश दिया, वहीं उन्होंने राशन वितरण में धांधली की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकान को निलंबित व जुमार्ना लगाने के साथ साथ लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दिया है। क्लोजिंग बैलेंस में स्टॉक राशन के अनुपात में कटौती कर पूरी राशन आपूर्ति के बाद भी कई डीलरों के द्वारा गोदाम से कम अनाज मिलने का हवाला देकर लाभुकों को कम अनाज देते है ऐसी भी शिकायत मिली है ऐसी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। वहीं मोबाइल



व आधार साइडिंग करने,मृत व शादी होकर बाहर जाने वालों का कार्ड से नाम कटवाने के लिए कहा है। मास्टर रजिस्टर रखने और उसमें एसटी, एससी कार्डधारकों की संख्या, उज्जवला योजना व आयुष्मान कार्ड धारकों की विस्तृत जानकारी रखने की सलाह दिया है।

वहीं डीलरों ने अपवाद रजिस्टर के माध्यम से वितरण किए राशन की भरपाई नही मिलने,नेटवर्क के कारण मशीन धीमी चलने व सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बंटे गए साड़ी,धोती लुंगी का डीलरो से सूची नहीं मांगने की शिकायत की गई। जिस पर डीएसओ ने नाजीर को बुलाकर वितरण किए गए साड़ी, धोती लुंगी का सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

मौके पर सिसई एमओ सह सीओ नितेश रौशन खलखो, गुमला एमओ सुशील कांडीर, डीलर संघ जिलाध्यक्ष अरकितानंद देवघरिया, सिसई प्रखंड अध्यक्ष मकीन अंसारी, रवि साहु, सुनील केशरी, जोहन एक्का, अनुज साहु, रामेश्वर साहु, अनिल साहु, रहमान खान, ईश्वर महतो, हरिहर जायसवाल, बेरनादित लकड़ा, पुनम देवी, लक्ष्मी कुमारी सहित दोनों प्रखंडों के डीलर उपस्थित थे।

# 103 बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों के बीच कंबल का किया गया वितरण



**चैनपुर (आजाद सिपाही) ।** चैनपुर पंचायत भवन में ठंड को देखते हुए बुधवार को चैनपुर पंचायत मुखिया शोभा देवी एवं पंचायत सचिव संतोष यादव ने 103 बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों के बीच कबंल का वितरण किया गया मौके पर उपस्थित स्थानीय मुखिया शोभा देवी ने कहा कि इस समय शीतलहरी और सर्द हवाओं कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए सैकड़ो असहाय गरीबों जरूरतमंदों के बीच कबंल का वितरण किया जा रहा है वही विधवा बुजुर्ग विकलांग की संख्या अधिक है वही मुखिया ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए असहाय एंव लाचार गरीबों के बीच कबंल वितरण जारी रहेगा सिर्फ मेरी कानों तक या बात पहुंचनी चाहिए उन्होंने कहा कि मैं हमेशा सरकार की योजना को लाभुकों के बीच पहुंचने का काम कर रही हुँ वही ठंड से राहत के लिए लोगों के बीच जब कबंल मिला तो उनके चेहरे खुशी से खिल गई लोगों ने कहा कि उन्हें सर्दी से कुछ राहत मिलेगी साथी मुखिया ने ग्रामीणों से अपील की की ठंडी से बचें गर्म कपड़े का उपयोग करें चैनपुर मुखिया के द्वारा पंचायत के विभिन्न जगहों पर अलाव की भी व्यवस्था की गई है मौके पर मुख्य रूप से उप मुखिया तेरासा वार्ड सदस्य मोनिका धान, रश्मी भारती टोप्पो, उमा भगत, रेखा तिर्की, गंगी कुमारी क्रिस्टोफर लकड़ा के साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

# बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** नेतरहाट थाना अंतर्गत पठार के समीप बोलेरो के टक्कर से स्कूटी सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र बिशनपुर ले जाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं सदर अस्पताल में दोनों घायलों का इलाज चल रहा था लेकिन इलाज के क्रम में बिशनपुर थाना अंतर्गत जान्हू पाट निवासी छन्नू नगेसिया की सदर अस्पताल में मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल नेतरहाट निवासी दीपक नगेसिया को इलाज के उपरांत डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों रिश्ते में साला जीजा है और स्कूटी से नेतरहाट बाजार घूमने गए थे। वहीं



वापसी के क्रम में पठार के समीप एक बोलेरो पीछे से टक्कर मार दिया घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं बोलेरो चालक बोलोरो लेकर नेतरहाट थाना में आत्म समर्पण कर दिया। वहीं मृतक के सर और छाती में गंभीर चोट लगी थी जबकि दीपक नगेसिया के सर और मुंह में चोट लगी है घटना मंगलवार की अपराह्न की है। वहीं सदर अस्पताल में सामाजिक कार्यकर्ता आशीष गोप ने घायल को रिम्स भेजने में सहयोग किया।

# रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे सुन कर कांग्रेस जिला अध्यक्ष पहुंचे कसीरा गांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर प्रखंड स्थित कसीरा पंचायत के ग्रामीणों द्वारा कहा गया था कि रोड नहीं तो वोट नहीं इन्हीं बातों को लेकर कोंग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव अपने साथियों के साथ ग्रामीणों से मिलने ग्राम कसीरा पहुंचे। गुमला से राजधानी जाने वाले मुख्य पथ एरोड्राम से ग्राम कुमहरीया भाया मधुवन, कोयंजरा ,ओलमुणडा एवं ओकबा लगभग 30 किलोमीटर रोड की स्थिति क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण कही जाएगी। जब अध्यक्ष चैतु उरॉव उरांव गांव कसीरा पहुंचकर ग्रामीणों से बात करने लगे तभी ग्रामीणों ने उन्हें बतलाया कि उनके गांव की स्थिति आपने तो देखा ही लिया है रोड की स्थिति क्या है बरसात में और उसके बाद में भी



सभी लोगों को आने जाने पर कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हमलोगों ने आवेदन नेताओं से लेकर प्रशासन को दिया पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। साथ ही ग्रामीणों ने गांवों की कई अन्य समस्याओं जैसे आवास , पेंशन योजना,पेयजल, रोड जैसी मुलभुत समस्याओं से अवगत कराया। सभी समस्याओं से अवगत होकर चैतु उरॉव ने कहा सभी ग्रामीणों को परेशानी होती है। आप सभी समय-समय पर ग्रामीणों को एक साथ बैठकर अपने एवं गांव के विकास हेतु चर्चा परिचर्चा करना चाहिए। ग्राम सभा के माध्यम से अपने ग्राम के विकास हेतु कार्य योजना तैयार कर संबंधित विभाग को एवं पदाधिकारी को समर्पित किया जाना चाहिए। जिससे कि गांव का सर्वांगीण विकास हो सके। साथ ही साथ समय-समय पर अपने गांव क्षेत्र में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को एवं पदाधिकारी को भी गांव में बुलाना चाहिए जिससे कि वह क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हो पाए और ग्रामीणों की समस्या को निराकरण हेतु आवश्यक पहल कर सके। आप सभी अपने अधिकार के प्रति जागरूक हों।

मौके पर सदर प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर मंडल अध्यक्ष पूर्वी राजा खड़िया मोहन महली ,गजेंद्र साहू, रामविलास साहू, दयानंद महली उत्तम साहू, बिरसा खड़िया, पतरस मिंस, रामकिशुन बड़ाईक प्रदीप साहू ,बीरबल लोहरा ,प्रेम कुमार लोहरा, महेंद्र साहू, सहरू साहू, बालचंद साहू ,पं अध्यक्ष बिरसा खड़िया, अनिल साहू ,पं सदस्य जयचंद साहू ,विकेनदर साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# केंद्र की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध करनेवाली हैं: इंदु गुप्ता



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कुहीपाट गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो फर्टिलाइजर प्रमोशन, वन अधिकार सहित कई योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। इसके साथ ही कई लाभुकों को केंद्र सरकार के लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच कर लोगों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया । वही बिभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से डेढ़ एकड़ में लगे सरसों व आलू के खेत में दवा का छिड़काव भी किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता ने कहा कि केंद्र की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध करने वाली है और व्यक्ति जीवन में बदलाव के लिए प्रभावकारी भूमिका रखती है आप सभी ग्रामीण आवेदन भरकर संबंधित स्टालों में जमा करें। वही बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार जितनी भी योजनाएं संचालित कर रही है इसका लाभ आम जनता उठाएं। इसके पूर्व भारत को विकसित बनाने के लिए सभी के सहयोग को लेकर संकल्प लिया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में बीडीओ दिनेश कुमार, मुखिया फगुवा उरांव, लक्ष्मी देवी, अशोक कुमार सहित कई पदाधिकारी कर्मी ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# पार्टी मे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का लिया गया निर्णय

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी आदर मंडल युवा मोर्चा की बैठक मंडल अध्यक्ष के आदर गांव स्थित आवास में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पप्पू गुप्ता ने की। बैठक में मंडल सशक्तिकरण पर चर्चा किया गया साथ ही मंडल के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को अधिक से अधिक पार्टी में जोड़ने और पार्टी के नीति सिद्धान्त को लोगो तक बताने के लिए कार्य करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुमार रवि ने कहा कि युवाशक्ति संगठन का मजबूत स्तंभ है आप सभी व आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से लग जाए और पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करे। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों को अवगत कराते हुए लोगों को लाभ दिलाने में प्रयास करें। मौके पर आदर मंडल अध्यक्ष गोपाल गोप, भुनंदन बढ़ाईक, प्रदीप गोप तेजू महतो, वासुदेव महतो, विनोद गोप सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

# तीन वर्षों बाद भी कलिंदर हत्याकांड के आरोपियों तक नहीं पहुंची पुलिस

हिमांशु रंजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** आखिर बसिया पुलिस इतनी संवेदन हीन क्यों है? क्या बसिया थाना पर पुलिस के बड़े अधिकारियों का कोई अंकुश नहीं है? क्या बसिया थाना में पदस्थ्य पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्यों को छोड़ कर दाएं बाएं में अधिक ध्यान दे रहे हैं? ये प्रश्न आजाद सिपाही के नहीं बल्कि बसिया थाना अंतर्गत रह रहे उन मजबूर , बेसहारा लोगों के मन से निकले प्रश्न हैं, जिसका जवाब बसिया थाना प्रभारी के साथ साथ उन तमाम बड़े पुलिस अधिकारीयों को देना चाहिए। जिनके दायित्व के अंदर बसिया थाना आता है। बसिया थाना में एक वृद्ध मां पहुंचती हैं। मां हां वही बदनसीब मां जिसके बेटे की हत्या तीन वर्ष पहले हो चुकी है। और न्याय के लिए दर बदर भटक रही है। मामला कुछ यूं है कि बसिया थाना अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता 30 वर्षीय कलिंदर साहू की तीन वर्ष पहले हत्या कर दी जाती है। इस हत्याकांड का खुलासा बसिया पुलिस द्वारा आज तक नहीं की गई। इस संबंध में मृतक की बूढ़ी माँ मनकुंवर देवी बुधवार को बसिया थाना आई। और थाना प्रभारी छोटु उरांव से मिलकर अपने मृतक पुत्र के हत्यारों की



गिरफ्तारी को लेकर जनकारी ली। मृतक की माँ हत्यारों और उसके हत्या के कारणों की खुलासा की लालसा लिए सैकड़ो बार बसिया थाना का चक्कर लगा चुकी है परतु नतीजा अभी तक सिफर रहा है। इस संबंध में मृतक कलिंदर साहू की माँ ने कहती हैं कि वे अनेकों बार थाना आ चुकी हैं। हमेशा केवल आश्वासन ही मिला है। पुलिस कहती है कि हत्यारो की जल्द गिरफ्तारी हो जाएगी। क्या अब मेरे मरने के बाद हत्यारो की गिरफ्तारी होगी। अगर पुलिस गिरफ्तार नही करेगी तो मुझे लिखकर दे दे।

**क्या है मामला :** विगत 13 नवंबर 2020 को रात्रि लगभग 11 बजे कलिंदर साहू की हत्या उंसके गांव कुलूसेरा में गोली मारकर कर दी गयी थी। कलिंदर साहू भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता था और सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर हिस्सा लेता था।हत्या के बाद दो थानेदारों का स्थानांतरण हो चुका है और अभी छोटू उराँव थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित है। अभी उक्त कांड के जांच पदाधिकारी स्वयं थाना प्रभारी छोटू उराँव ही हैं।हत्या के समय उपेंद्र महतो थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित थे। कम समय मे ही उनका स्थानांतरण हो गया, उंसके उपरांत अनिल लिंडा थाना प्रभारी के रूप में रहे और वर्तमान में एसआइ छोटू उराँव बसिया थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित है।मृतक कलिंदर की माँ आँख में आंसू लिए अपने पुत्र के हत्यारों की गिरफ्तारी और हत्या के कारणों को जानने के लिए अनेकों बार बसिया पुलिस एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी से गुहार लगा चुकी है। लगभग तीन साल बीत जाने के वावजूद कलिंदर की बूढ़ी माँ मनकुंवर देवी को केवल पुलिस से आश्वासन ही मिला है।19 मार्च 2021 को कलिंदर के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर मृतक के परिजनों के साथ ही ग्रामीण महिलाओं ने थाना का घेराव भी किया था उस वक्त भी हत्याकांड का खुलासा का आश्वासन तत्कालीन थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीण महिलाओं दिया गया था।

इस केस के जांच अधिकारी बसिया थाना प्रभारी छोटू उराँव ने बताते हैं कि अभी केस अभियुक्तिकरण स्टेज में है और चार्जशीट तक नहीं हुआ है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


### नव वर्ष पर गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को डीसी की बड़ी सौगात

# नवजात व गर्भवती महिलाओं की हो बेहतर देखभाल : डीसी

## 60 नवजात शिशु देखभाल केंद्र बनकर तैयार, गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन के लिए 50 बेड भी रेडी

**एमएमसीएच में 24 घंटे सातों दिन टोकन सिस्टम लागू करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नव वर्ष 2024 में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिलेवासियों को नया तोफा मिलने जा रहा है। पलामू डीसी शशि रंजन की पहल से गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिये एमएमसीएच में 60 नवजात शिशु देखभाल केंद्र बनकर तैयार है। इसी केंद्र का बुधवार को डीसी शशि रंजन ने निरीक्षण किया।


नव निर्मित अस्पताल का निरीक्षण करते डीसी शशि रंजन।

बतातें चलें कि इसके पूर्व एमएमसीएच में नवजात शिशु देखभाल केंद्र के सिर्फ 12 बेड ही थे। इस दिन एमएमसीएच में पहुंचे डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम व सिविल सर्जन को नये साल से 60 नवजात शिशु देखभाल केंद्र व गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन के लिए 50 बेड क्रियाशील करने का निर्देश दिया। इस दौरान सिविल सर्जन ने डीसी को बताया कि सिजेरियन व सामान्य प्रसव के लिए 50 नये बेड बनकर तैयार हैं। ऑपरेशन थिएटर में भी सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल है।

### हॉस्पिटल के विभिन्न स्थानों पर मौजूद छोटे-छोटे बाउंडरी वॉल हटाने के निर्देश

एमएमसीएच पहुंचे डीसी ने अस्पताल परिसर में मौजूद छोटे-छोटे बाउंडरी वॉल हटाने के निर्देश दिये, ताकि अस्पताल पहुंचने वाले आगंतुकों को तकलीफ न हो। एमएमसीएच में 24 घटें सातों दिन टोकन सिस्टम लागू करने का भी निर्देश दिया। साथ ही मरीज के साथ अस्पताल में अटेंडेंट के रूप में कोई एक ही सदस्य रहने को सुनिश्चित करने पर बल दिया। मौके पर सीएस डॉ अनिल सिंह व डीपीएम हेल्थ दीपक आदि मौजूद थे।

## तालाब के साथ हमीदगंज की भी जांच हो नहीं तो होगा पीआइएल : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सरकार को निश्चित रूप से महिलाओं के लिए निःशुल्क बस का संचालन करना चाहिए जो चार साल में नहीं कर सकी। जहां तक जमीन एंक्रोचमेंट की बात है तो मेरा नाम लेकर टीआरपी बढ़ाने वाले नेता में अगर हिम्मत है तो हमीदगंज एरिया में जहां हजारों लोगों को भू-माफिया परिवार द्वारा डेग से मापी कर एग्रीमेंट में जमीन बेचकर 30-40 वर्षों से दौड़ा रहे हैं जिनके बच्चों की नौकरी के लिए स्थानीयता तक नहीं बन पा रहा है ना ही कोई सरकारी सुविधा मिल पा रही है पहले उसकी जांच करवायें। परिवार को समझा कर उन लाचार लोगों का रजिस्ट्री करवायें। देखें आपका दम, आप कितने जनता के शुभचिंतक हैं। रही बात मेरे घर के बगल तालाब एंक्रोचमेंट की तो पांच-पांच बार जांच हो चुकी है। आपकी सरकार की ओर से जांचोंप्रांत सर्टिफिकेट भी प्राप्त है और अभी भी आपकी सरकार है उसकी पुनः जांच करवायें। अगर एक फिट भी ज्यादा निकले तो आप तुड़वाएं मैं खर्च दूंगी। लेकिन उसी आवेदन में हमीदगंज भूमि घोटाला जांच करने का आवेदन भी दे, देखें कितना दाम है आपमें। श्रीमान सरकार में जाने से आप लोगों की करतूत नहीं छिपने वाली। यथाशीघ्र सभी की रजिस्ट्री करें वर्ना पीआईएल दायर होगा।


प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

## समाज के जरूरतमंद व लाचार लोगों की सेवा जीवन की प्राथमिकता : छेदी खान




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी सह झामुमो नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान व झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह दंत चिकित्सक डॉ एजाज आलम ने बुधवार को हुसैनाबाद शहर के रुद्रा होटल परिसर में सैकड़ों गरीब-असहाय व मेहनतकश मजदूरों के बीच कंबल वितरित किया। झामुमो नेता एजाज हुसैन ने कहा कि समाज के हर वर्ग के बीच कई बर्षो से लगातार कंबल वितरित करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लाचार लोगों की सेवा ही जीवन की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि झामुमो एक जमीनी स्तर की पार्टी है जो समाज के सभी धर्म वर्ग को लेकर चलने एवं विकास की नीति पर कार्य करती है। वहीं, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय सचिव डॉ आलम ने कहा कि गरीब असहाय की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। ठंड के मौसम में गरीबों को गरम वस्त्र का वितरण करना सामाजिक दायित्व का कार्य है। मौके पर नेहाल असगर, समाजसेवी मुन्ना कुमार देव, सद्दाम आदि मौजूद थे।

## सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, लोग परेशान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी स्थित सड़क पर बह रहे नाली के गंदे पानी से लोग परेशान हैं। सड़क नाली में तब्दील हो चुका है। यह सड़क मेन बाजार से मिश्रा कॉलोनी होते हुए बिहार टंडवा की ओर जाती है। यहां घनी आबादी के साथ प्रतिदिन सैकड़ों छोटे स्कूली बच्चे विद्यालय जाते हैं। उन पर गंदे पानी का छिटा पड़ता है। इसकी जानकारी मिलने पर समाजसेवी राजीव रंजन मौके पर पहुंचकर इस समस्या से नगर पंचायत को अवगत कराया है। साथ ही इसका निवारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। मौके पर शशि कुमार मेहता, राजेश रंजन मिश्रा, पप्पू कुमार बिट्टू कुमार, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, ओम प्रकाश मिश्रा, जय राम साव और संजय मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## पंचायत सचिव पर पैसा लेने का आरोप ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव और मुखिया प्रतिनिधि विकास तिवारी के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने सरैया के पंचायत सचिव नंदलाल गुप्ता के खिलाफ बीडीओ अनीता केरकेट्टा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन योजना में अवैध पैसा उगाही करने का आरोप लगाया है। कहा कि योग्य लाभुकों का आवास काटकर अयोग्य लाभुकों का नाम आवास में जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर विकास तिवारी ने कहा कि आवास जांच के लिए चार सदस्यो के टीम का गठन किया गया है। बावजूद पंचायत सचिव अकेले मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर बीडीओ से उन्हें इस कार्य से मुक्त करने की गुहार लगायी है। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। विक्रांत सिंह यादव ने कहा कि आवास के नाम पर एक भी रुपया देने की जरूरत नहीं। पैसा मांगे जाने पर उसकी शिकायत करें। वहीं प्रमुख ने आरोप लगाया गया है कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान पूरे प्रखंड क्षेत्र में यह चर्चा जोरो पर है कि अबुआ आवास के आवेदन भरवाने के नाम पर 200 से 500 रुपए की रकम भोले भाले गरीब लोगों से लिया गया है। बीडीओ अनीता केरकेट्टा से पूछे जाने पर बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि साक्ष्य पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर दिनेश सिंह, विजय सिंह, शंकर पासवान, नीतीश कुमार सिंह, सागर सिंह, भोला सिंह, नसीम अंसारी, प्रमोद सिंह, संजय राम, मनोज राम, गौरव कुमार, रूपदेव भुइया, कपिल देव सिंह, जितेंद्र कुमार गुप्ता, राहुल कुमार, विशाल पाठक, रंजन सिंह, हरिवंश पासवान और दिनेश सिंह आदि शामिल थे।



पंचायत सचिव के खिलाफ हंगामा करते और बीडीओ को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

## करंट लगने से युवक की मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रामपुर में प्रभावित बिजली के तार की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान संदीप कुमार पासवान के रूप में हुई है। वह बिहार सीमा पर स्थित कुटुंबा थाना क्षेत्र के सोहरिडीह (सेवा विगहा) निवासी बिरजू पासवान का बेटा था। ग्रामीणों की मदद से तुरंत युवक को हरिहरगंज सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक विरजू पासवान के तीन पुत्रों में सबसे छोटा था। इसकी सूचना मिलने के बाद हरिहरगंज थाना के एसआई प्रकाश गुप्ता दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

## भाजपाइयों ने फूंका कांग्रेसी नेता का पुतला

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कथित रूप से अपमान करने से नाराज भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने बुधवार को स्थानीय गीता भवन के पास कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन के कुछ प्रमुख दल ( कांग्रेस-तृणमूल कांग्रेस) सदन की गरिमा को नष्ट कर रहे हैं।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## मकरसंक्रांति मेला कमेटी का गठन, वकील सिंह अध्यक्ष और विवेक गुप्ता बने उपाध्यक्ष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दंगवार सोननदी तट स्थित सूर्य मंदिर परिसर में मकर संक्रांति मेला समिति व ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मनोज गुप्ता ने की। बैठक में पूर्व की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से मकरसंक्रांति पर मेला आयोजित करने पर विचार किया गया। मेले के शांति पूर्ण संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया, जिसमें वकील सिंह को अध्यक्ष, विवेक गुप्ता को उपाध्यक्ष, मनोज कुमार गुप्ता को सचिव, राजकुमार मेहता को उप सचिव, संतलाल चौधरी को कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार चौधरी को उप कोषाध्यक्ष, प्रमोद पासवान व सुमंत बैठा को व्यवस्थापक, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, हसन खलीफा, देव नारायण चौधरी, संतोष राम को मुख्य सचेतक के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक के बाद उक्त मेला के अवसर पर सांस्कृतिक दुगोला के साथ-साथ मीना बाजार, झूला आदि के आयोजन पर भी चर्चा की गई।

## संत गाडगे जी का संपूर्ण जीवन समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा : कृष्णा




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जपला धरहरा के सुंदर नगर स्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के आवासीय परिसर में बुधवार को समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की 67वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर किया। अपने संबोधन में हुसैनाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि संत गाडगे महाराज एक व्यक्ति नहीं विचार थे। उनका संपूर्ण जीवन समाजसेवा के लिए समर्पित था। बाबा संत गाडगे अंधविश्वास, सामाजिक कुरीतियों एवं दुर्व्यसनों से समाज को कितनी बड़ी हानि हो सकती है, वह अच्छी तरह जानते थे। इसी कारण उन्होंने समाजिक कुरीतियों का घोर विरोध किया। सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत एवं स्वच्छता अभियान के जनक थे। मौके पर समाजसेवी जयश्री बैठा, श्रवण रजक, जनेश्वर बैठा, सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश बैठा, उमेश बैठा, दीपक मेहता, गुड्डू रजक, शशिरंजन, रामप्रसाद बैठा और रामसेवक विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की स्थिति बदतर हो गई है। बीते एक सप्ताह से क्षेत्र में 24 घंटे में मात्र आठ से 10 घंटे ही बिजली मिल रही है। इससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान हैं। कई उपभोक्ताओं ने कहा कि शाम में बिजली गुल होने के बाद रात 10 बजे आती है। घंटे भर के बाद फिर से कट हो जाती है। विद्युत विभाग की भूमिका केवल बिल उगाही तक सीमित है। मेनडेज कर्मी अलग राग अलापते है। घ्उपभोक्ता गुहार पर गुहार लगा रहे हैं। पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग को चेताया कि अविलंब स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। उधर, स्क्यूटिव रामगोपाल राम ने बताया कि विश्रामपुर क्षेत्र के अंतर्गत हाइवा के टक्कर से 20 से 25 पोल तार की छति हुई है। जिस कारण हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों में बिजली प्रभावित है। उन्होंने आश्वासन दिया की मंगलवार की शाम से नियमित बिजली आपूर्ति की जाएगी।

## पुलिस ने फरार वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पत्थरा ओपी अंतर्गत ढकचा पंचायत के पड़रिया गांव निवासी बिंदेश्वर राम के घर पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बुधवार को इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी हरिहरगंज थाना कांड संख्या 105/2021 का फरार अभियुक्त हैं। बताया कि मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को ढूंढने का काफी प्रयास किया लेकिन वह नहीं मिला। जिसके बाद न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को अभियुक्त के घर पर चिपकाते हुए आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है।

# स्पोर्ट्स



आईसीसी की ताजा रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों को नुकसान हुआ है। शुभमन गिल अब वनडे रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज नहीं हैं। बाबर आजम ने उनसे यह स्थान छीन लिया है।

## वनडे में बाबर ने गिल से छीना नंबर 1 का ताज, शीर्ष पांच में तीन भारतीय

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली ।** आईसीसी की ताजा रैंकिंग में कई बड़े बदलाव हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के बाद भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में काफी बदलाव हुआ है। रवि बिश्नोई को शीर्ष टी20 गेंदबाज का स्थान गंवाना पड़ा है। अब इंग्लैंड के आदिल राशिद दुनिया के नंबर एक टी20 गेंदबाज हैं। वहीं, शुभमन गिल को वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाना पड़ा है। पाकिस्तान के बाबर आजम ने एक बार फिर वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

इंग्लैंड के आदिल राशिद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। इसी वजह से उन्हें रैंकिंग में दो स्थान का फायदा मिला है। अब अफगानिस्तान के राशिद खान दूसरे और भारत के रवि बिश्नोई तीसरे स्थान पर हैं। पिछले तीन सप्ताह में तीन अलग-अलग खिलाड़ी (राशिद खान, रवि बिश्नोई और आदिल राशिद) आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज रह चुके हैं। आदिल राशिद इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया है। एक दशक पहले ग्रीम स्वान यह उपलब्धि हासिल करने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने थे।

टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन और तबरेज शम्सी को भी बड़ा फायदा हुआ है। अकील तीन स्थान ऊपर छठे स्थान पर आ गए हैं और दक्षिण अफ्रीका के समकक्ष तबरेज शम्सी तीन स्थान ऊपर नौवें स्थान पर आ गए हैं।

टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग छह स्थान ऊपर छठे स्थान पर, निकोलस पूरन दो स्थान ऊपर 12वें, रोवमैन पॉवेल 14 स्थान ऊपर 23वें और काइल मेयर्स नौ स्थान ऊपर 33वें स्थान पर आ गए हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और वह अब 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैच में शतक के बाद सूर्यकुमार ने शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की है। दूसरे स्थान पर मौजूद बाबर आजम से वह 100 रेटिंग अंक आगे हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम तीसरे स्थान पर हैं।

## प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट बने डॉ स्नेहांशु साहा



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन के अवसर पर पांच दिवसीय (15 से 19 दिसंबर) के बीच बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में आयोजित 16वां जेड स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का बुधवार को समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग कार्यक्रम में निम्न विजेता एवं उपविजेता रहे। इसमें मास्टर स्नूकर शुभम गुप्ता ने डॉ स्नेहांशु साहा को हरा दिया। जबकि मास्टर सिक्स रेड्स में डॉ स्नेहांशु साहा ने दिव्या ज्योति (टीपू) को पराजित किया। शशांक शर्मा मिनी सिक्स रेड्स में आयुष राज को हराया। संजीत कुजूर ने मिनी स्नूकर जीता। पूल में नील सिन्हा ने आदर्श को हराया। 9बॉल्स में डॉ स्नेहांशु साहा ने चाहत को हराया। राइजिंग प्लेयर का ट्रॉफी ऋग सेनगुप्ता को मिला। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि भाजपा नेता शशांक राज ने विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी और ईनाम राशि देकर उनका उत्साह बढ़ाया। क्लब की ओर से सदस्यता भी दी गई। इस मौके पर डॉ मोहम्मद जाकिर, यश किंगर, इंद्रजीत, खैतान, डिंपू, अरमान, यश दास, सुमित आदि थे।

## युवक लापता, परिजनों ने दर्ज कराया सनहा



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा थाना क्षेत्र के पीपरा गांव निवासी स्व. शिवनंदन राम के पुत्र रंजीत कुमार विगत 16 दिसंबर से लापता है। उसके भाई अजित कुमार ने बुधवार को पीपरा थाना में सनहा दर्ज कराया है। लापता युवक के भाई ने बताया कि विगत रविवार को रंजीत घर से निकला था। तभी से अब तक उसकी कोई खोज खबर नहीं है। काफी तलाश के बाद गुमसुदगी का सनहा दर्ज कराया है। उसने बताया कि रंजीत लाल रंग का स्वेटर पहन कर घर से निकला है। उसने अपील की कि जिसे भी मिले मोबाईल फोन नंबर 7635074153 पर जानकारी दें।

## विधायक प्रतिनिधि को मातृशोक



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विधायक प्रतिनिधि सह रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय की मां शांता पांडेय (65) का मंगलवार की देर शाम निधन हो गया। वो पिछले कई सालों से बीमार चल रही थीं। उन्होंने विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। बुधवार को शिव घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखागणी उनके पति राजपुरोहित पंडित अच्वयुतानंद पांडेय ने दी। अंतिम यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह, युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दूबे, इदरीश हवारी, बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी, विजय कुमार रवि, सोनू पाठक, राजेश मार्शल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू, आनंद चौबे, राजेंद्र केशरी सहित कई लोग शामिल हुए। इधर, निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, जिला पार्षद विजय रविदास, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम और अमरेश तिवारी सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

**नाराजगी : जमादार के गलती स्वीकारने के बाद शांत हुआ मामला**

# जमादार पर भाजपा कार्यकर्ता से दुर्व्यवहार का आरोप, हंगामा

**घटना की खबर सुनते ही थाना पहुंचे विधायक की पत्नी संग दर्जनों भाजपाई, की गई लिखित शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** तीसरा थाने के जमादार सुधीर कुमार सिंह पर भाजपा के बलियापुर पश्चिमी मंडल के उपाध्यक्ष कुलदीप साव के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार करने के आरोप में बुधवार को थाना परिसर घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चला। थानेदार शंकर विश्वकर्मा की मध्यस्थता के बाद आक्रोशित भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं को किसी तरह समझा बुझा कर शांत कराया गया। वहीं, जमादार सुधीर सिंह द्वारा गलती स्वीकारने पर भाजपाई शांत हुआ। मौके पर मौजूद भाजपाईयों ने बताया कि मंगलवार की रात कुलदीप साव चांद कुइयां मोड़ के समीप कार्यकर्ता अशोक महतो के एक मामले में जामदार से बात कर रहे थे। तभी उक्त जमादार ने क्रोध में आकर कुलदीप को जबरन पेट्रोलिंग गाड़ी में बैठा लिटा और उसके साथ मारपीट की। यही नहीं, दो घंटे तक गश्ती के दौरान अपने साथ घुमाते रहे। जबकि कुलदीप बार-बार जमादार से कहता रहा कि वह बलियापुर पश्चिम मंडल भाजपा का उपाध्यक्ष के साथ तीसरा थाना के शांति समिति का सदस्य भी है। इसके बावजूद जमादार ने उसकी एक न सुनी। जमादार सुधीर सिंह का कहना था कि अशोक हमसे बेल करने के पहले क्यों नहीं मिला। सीधे रिकॉल हमको देना था, नेतागिरी बंद करो। कुलदीप का आरोप था कि उसका मोबाइल फोन और पैकेट से पैसा भी ले लिया गया। इधर, घटना के सूचना पाकर जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ता व नेताओं का जुटान बुधवार की सुबह से ही तीसरा थाना परिसर में शुरू हो गया था। दोपहर तक हो हंगामा चलता रहा। इस दौरान जमादार सुधीर सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ता में कई बार नोक झोंक भी हुई। इस दौरान मुख्य रूप से थाने में विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, घनश्याम ग्रोवर, धर्मजीत सिंह, प्रकाश बाउरी, निताई रजवार, आशीष मुखर्जी, मंटू रवानी, विरंची सिंह, सत्येंद्र गुप्ता, कुमार महतो, जयराम रवानी आदि जमे रहे। सभी ने एक स्वर में जमादार की निलंबन की मांग की। ऐसा नहीं करने पर भाजपा के लोग वरीय अधिकारी से मिलकर उनके समक्ष अपनी बात रखने पर अड़ गए। भाजपाईयों का आरोप था कि इसके पूर्व भी सुधीर सिंह पर क्षेत्र में इस प्रकार के कई आरोप लगे हैं। वहीं जमादार सुधीर सिंह ने कहा कि सारे आरोप गलत है। मारपीट नहीं की है। केवल कहासुनी हुई थी। हालांकि इस संबंध में जामदार पर विभागीय कार्रवाई की मांग को लेकर कुलदीप ने थाने में लिखित शिकायत भी की है। वहीं इस संबंध में तीसरा थाना प्रभारी शंकर विश्वकर्मा ने कहा कि दोनों पक्षों की बात सुनी गई है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल मामला शांत करा लिया गया है।



तीसरा थाना के समक्ष हंगामा करते भाजपा कार्यकर्ता।

# भाजपा नेता के घर पर हमला, महिला घायल

**जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जेलगोड़ा 16 नंबर खपड़ा धौड़ा निवासी भाजपा युवा मोर्चा भागा मंडल के उपाध्यक्ष गणेश साव के घर पर पुरानी रंजिश को लेकर दो दर्जन असमाजिक तत्वों ने हथियार से लैस होकर हमला कर दिया। हालांकि गणेश घर में नहीं मिला। आक्रोशित हमलावरों ने घर की महिलाओं के साथ मारपीट की। घर के गेट को भी तोड़ दिया। हमलावर सभी अल्पसंख्यक समुदाय के होने के कारण तनाव की स्थिति बनी हुई है। घायल गणेश की पत्नी रूबी देवी ने बताया कि हमलावरों के हाथ में चाकू, भुजाली, हॉकी स्टिक और लोहे का सरिया था। वे लोग गणेश को खोज रहे थे। कह रहे थे कि गणेश को पकड़ कर हत्या कर देना है। रूबी ने बताया कि मारपीट करने वाले युवकों का नेतृत्व बंटी खान कर रहा था। वहीं, हमलावरों में राजू अंसारी, गुड्डू अंसारी, चुनू अंसारी, बेहरा अंसारी, छोटी अंसारी सहित दो दर्जन युवक शामिल है। हमले में गणेण की पत्नी रूबी देवी के साथ ही दो ननद और एक भतीजी भी घायल है। उनका चासनाला में इलाज जारी है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं0 – RDD/SD/KODERMA /09/2023-24 आमंत्रित किया गया था। जिसका पी0 आर0 सं0 – 313196 है। जिसमें निम्न संशोधन किया जाता है।

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.12.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 22.12.2023 से 02.01.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 03.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा

PR 313864 Rural Work Department(23-24).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः– SPUF/MID/KOD/F2-24/2023-24**

पत्रांकः– दिनांकः–20.12.2023

1. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :–27.12.2023 से 03.01.2024 तक (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–04.01.2024 समय अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.01.2024, 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1)कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा। (2)उप विकास आयुक्त, कार्यालय, कोडरमा। (3)जिला योजना पदाधिकारी, कार्यालय, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड जयनगर हिरोडीह पंचायत के अंतर्गत ग्राम महेशमराय अर0ई0ओ0 रोड़ से देवी मंडप होते हुए पिपरा गोसाई तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 8,67,500.00 | 1250.00 | 17,500.00 | 3 माह |

नोटः– निविदा की शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

PR.NO.313862 Minor Irrigation(23-24):D


## डीआइवाइ बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अकादमिक उत्कृष्टता में भूमिका पर कार्यशाला



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सीएसआइआर-जिज्ञासा कार्यक्रम के माध्यम से अभियान जारी रखते हुए सीएसआइआर-सीआइएमएफआर ने कोडरमा के जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्रों के लिए डीआइवाई बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शैक्षणिक उत्कृष्टता में इसकी भूमिका पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक मानसिकता पैदा करना है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी नरेश कुमार ने किया। परियोजना सहायक मनीष पाठक ने जिज्ञासा कार्यक्रम के इतिहास एवं महत्व के संबंध में चर्चा की। डीआइवाई बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स में, अनंत स्टीफन बेसरा, प्रोजेक्ट असिस्टेंट और अभिनेक अग्रवाल, प्रोजेक्ट असिस्टेंट ने बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स के बारे में चर्चा की और इलेक्ट्रॉनिक्स के मूल सिद्धांतों और उनके वास्तविक समय अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया। विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स किटों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम में सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के संक्षिप्त परिचय, अनुप्रयोग, लाभ, कमियां और भविष्य के तत्वों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक और उत्सुकता से कार्यक्रमों में भाग लिया। मनीष ने छात्रों को बताया कि कैसे व्यक्तिगत शिक्षा और रचनात्मकता और अनुसंधान को प्रोत्साहित करके शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया जा सकता है। यह उनके पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य हिस्सा है। उक्त कार्यक्रम में कुल 207 विद्यार्थियों और तीन शिक्षकों ने भाग लिया।

## दहेज हत्या के दोषी पति को 10 साल सश्रम कारावास

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने राजू कुमार महतो नामक व्यक्ति को दहेज हत्या का दोषी पाए जाने पर उसे 10 साल सश्रण कारावास की सजा सुनाई। बतातें चलें कि नावाडीह थाना अंतर्गत अरगामो निवासी सूचक अनंत लाल चौधरी ने बेरमो थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी बेटी भारती देवी की शादी गांधी नगर थाना क्षेत्र के वेदकारो निवासी राजू महतो के साथ की थी। शादी के बाद बेटी अपने ससुराल में कुछ दिन ठीक से रही। उसके बाद पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। विगत 30 सितंबर 2020 को सूचक की पुत्री के देवर ने फोन कर बताया कि उसकी बेटी ढोरी के करगली रिजनल अस्पताल में भर्ती है। जब वे लोग करगली रीजनल अस्पताल ढोरी पहुंचे तो देखा की बेटी मृत अवस्था में मर्चरी हाउस में पड़ी है। उसके गला, कान, नाक में चोट के निशान है। यह देखने के बाद उन्होंने विश्वास के साथ दावा किया कि बेटी भारती को उसके पति राजू महतो और ससुराल वालों ने मिलकर हत्या की और दिखावे के लिए उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया। उक्त बयान के आधार पर बेरमो थाना में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज द्वितीय अनील कुमार की अदालत में पहुंचा। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश अनिल कुमार ने दहेज हत्या के मामले में राजू महतो को दोषी पाए जाने पर 10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद दोषी राजू को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया।

## तेनुघाट में दामोदर नदी किनारे से मिला अधेड़ का शव

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। बोकारो जिले के तेनुघाट ओपी अंतर्गत तेनुघाट दो नंबर छठ घाट दामोदर नदी किनारे बुधवार को 50 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान परमेश्वर यादव उर्फ डोयां के रूप में की गई है। वह साकिन नैना टांड का रहने वाला था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना जिला कार्यालय, कोडरमा

विज्ञापन संख्या :– 1541/19.12.2023

**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना**

1. राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 3863 दिनांक 10.10.2023 एवं प्रशासी पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 4113 दिनांक 19.10.2023 के आलोक में जिला में संचालित 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला/ पुरूष अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 16.01.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा कार्यालय, समाहरणालय परिसर, राँची पटना रोड, कोडरमा में आमंत्रित किए जाते हैं। जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में निम्नवत् पदों पर संविदा पर चयन किया जाना है –:

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका हिन्दी (भाषा) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, (गणित) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– भौतिकी विज्ञान एवं गणित) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (कम्प्यूटर) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 9 | पूर्णकालिक लेखापाल | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 10 | सपोर्ट स्टाफ (आदेशपाल – एवं रात्रि प्रहरी) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 11 | मुख्य रसोईया | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 12 | सहायक रसोईया | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | कुल | 15 | 13 | 2 | 0 | 0 | 0 | 15 |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा कार्यालय, समाहरणालय परिसर, राँची पटना रोड, कोडरमा में अनिवार्य रूप से दिनांक 16.01.2024 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे ।
3. चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि –

| क्र.सं. | पदनाम | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका हिन्दी (भाषा) | 1. **शैक्षणिक अहर्ता :–** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 एवं 6 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में संबंधित विषय में न्यूनत्तम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है। क्र. सं. 7 से 8 में अंकित पदों हेतु किसी भी विषय में न्यूनत्तम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक हो सकते हैं। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 05 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी। **कम्प्यूटर शिक्षक/शिक्षिका के लिए न्यूनतम अहर्त्ता** BCA/BSc. in Computer Science/Any Graduate with 2 years diploma in computer science from recognized institute of AICTE **होगी ।**<br>2. प्रशैक्षणिक अहर्ता :– मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी. एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। शारीरिक शिक्षिका के लिये Bachelor in Physical Education/ Degree in physical education अनिवार्य होगा।<br>3. शिक्षक पात्रता परीक्षा :–<br>i. राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (NCTE) के द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका हिन्दी भाषा, गणित, जीव विज्ञान एवं रसायन एवं सामाजिक शिक्षा के पदों को कक्षा 1 से 8 हेतु वर्गीकृत किया गया है। अतः इन पदों के लिए अभ्यर्थियों को शिक्षक पात्रता परीक्षा शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा।<br>ii. कक्षा 9 से 10 हेतु वर्गीकृत किए गए पद यथा– पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका विज्ञान विषय समूह (भौतिकी एवं गणित), पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका अंग्रेजी के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) उत्तीर्णता की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी।<br>iii. पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका कम्प्यूटर तथा शारीरिक शिक्षक/ शिक्षिका के पद हेतु JTET की उत्तीर्णता अनिवार्य नहीं होगी।<br>iv. शिक्षक/ शिक्षिकाओं की नियुक्ति एवं परिलब्धि :– शिक्षक/ शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर किया जाएगा तथा उन्हें निर्धारित परिलब्धि प्रदान की जाएगी।<br>v. शिक्षक/ शिक्षिकाओं के पद पर चयन हेतु प्राप्त अभ्यावेदनों में से सर्वाधिक योग्यता एवं प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की मेधा सूची तैयार की जाएगी। प्रत्येक पद के लिए 5 अभ्यर्थियों को अंतर्वीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाएगा तथा उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार चयन समिति के द्वारा मेधा सूची का निर्माण कर मेधा के अनुसार चयन किया जाएगा। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) | | |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, (गणित) | | |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान **(विषय समूह– जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान)** | | |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान **(विषय समूह– भौतिकी विज्ञान एवं गणित)** | | |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) | | |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | | |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (कम्प्यूटर) | | |
| 9 | 01पूर्णकालिक लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1. किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान/विश्वविद्यालय से बी. कॉम प्रतिष्ठा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्णता।<br>2. तकनीकि अहर्ताः– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स में पी.जी.डी.सी.ए./डी.सी.ए./समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्णता।<br>3. हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली साफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। | 3. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 11880/– प्रतिमाह देय होगी।<br>4. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 10 | सपोर्ट स्टाफ (2) | शैक्षणिक अहर्ता – मैट्रिक | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 6000/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 11 | मुख्य रसोईया (1) | शैक्षणिक अहर्ता – 8वीं पास | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 7200/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 12 | सहायक रसोईया (3) | शैक्षणिक अहर्ता – 8वीं पास | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 5400/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |

4. चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं :–

i. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन हेतु निर्धारित अहर्ता रखने वाले अभ्यर्थियों को राज्य कार्यकारिणी की 52वीं एवं 65वीं बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में चयन में प्राथमिकता दी जाएगी जिसके आलोक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों के.जी.बी.भी./ जे.बी.ए.भी./ राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान/ साक्षर भारत/महिला समाख्या में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में उपरोक्त कार्यक्रमों के अधीन पद की कार्यावधि के समतुल्य छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही साथ शैक्षणिक अहर्ता में न्यूनतम 05 प्रतिशत् की छूट 10 वर्ष की सेवा झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् अन्तर्गत उपरोक्त वर्णित कार्यक्रमों किए जाने की स्थिति में प्रदान की जाएगी। इन कर्मियों को राज्य कार्यकारिणी के निर्णय के आलोक में चयन में प्राथमिकता हेतु कार्यरत शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं गैर–शैक्षणिक पदों पर कार्यरत अभ्यर्थियों के समरूप पदों पर ही एक वर्ष के कार्यकाल के 01 वर्ष के आधार पर कुल कार्यकाल की गणना कर परीक्षा में प्राप्त अंक में अतिरिक्त अंक जोड़ा जाएगा।

ii. महिला/पुरूष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

iii. चयनित होने वाले शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा। शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं अन्य गैर शैक्षणिक कर्मियों के कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर संविदा की समाप्ति का निर्णय लेने हेतु भी जिला स्तरीय चयन समिति सक्षम प्रधिकार होगी।

iv. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा। चयन में कार्मिक, प्रशासनिक तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय आरक्षण के नियम का पालन किया जाएगा।

v. सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं लेखापाल को आवासीय परिसर में रहना अनिवार्य होगा।

5. आयु सीमा :–

i. चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होगी।

ii. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में कोटिवार अधिकत्तम उम्र सीमा निम्नवत् होगी :–

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Unreserved Category | 35 |
| 2 | Female (All category -UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 3 | Extremely Backward classes (Annexure I)/ Backward Classes (Annexure II) | 37 |
| 4 | SC/ ST (Male and Female) | 40 |
| 5 | Person with bench mark disability (PwBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

iii. अनुभवी महिला Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

iv. उपरोक्त कंडिका–4 (i एवं ii) के अधीन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पूर्व से दैनिक मानदेय पर अंशकालीन/पूर्णकालीन रूप से कार्यकरत अभ्यर्थी को भी उनके प्रत्येक कार्य वर्ष हेतु एक वर्ष की उम्र सीमा में छूट देय होगी।

v. उम्र की गणना आवेदन करने के वर्ष 01.07.2023 के आधार पर की जायेगी।

6. आवेदन :– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 16.01.2024 के संध्या 5:00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा (SSA) के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।
7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट koderma.nic.in पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे। उपरोक्त जानकारी संबंधित जिलों के NIC के अधिकारिक वेबसाईट पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।
8. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।
9. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।
10. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा जिले के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा को सुरक्षित रहेगा।
11. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।
12. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
13. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–
14. 23 X 10 से.मी. का स्वःपता लिखा हुआ दो लिफाफा ।
15. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न की जाए ।
16. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।
17. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।/–

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 313881 Jharkhand Education Project Council (23-24)_D

## मठ-मंदिर और अल्पसंख्यक पूजा स्थलों का होगा कायाकल्प

# 15.20 करोड़ मंजूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर महानगरीय क्षेत्र में 507 धार्मिक और सांप्रदायिक परियोजनाओं के लिए 15 करोड़ 20 लाख रुपये मंजूर किए हैं। इस लिहाज से भुवनेश्वर उत्तर, एकाम्र भुवनेश्वर और भुवनेश्वर निर्वाचन क्षेत्रों के तहत विभिन्न धार्मिक और सामुदायिक परियोजनाओं का नूतन निर्माण और सुधार किया जायेगा।

गौरतलब है कि विभिन्न मंदिर प्रबंधन समितियों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों और अल्पसंख्यक समुदायों से उनके धार्मिक संस्थानों, सांप्रदायिक संपत्ति, महिला समिति भवन, पूजा मंडप आदि के उन्नति कारण और विकास के लिए याचिकाएं प्राप्त हुई थीं। बीएमसी के अधिकारियों ने उन जगहों का दौरा किया, सर्वेक्षण किया और आवश्यक रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट के आधार पर 5टी और नवीन ओड़िशा के अध्यक्ष वीके पांडियन ने इन सभी कार्यों पर चर्चा की। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री को देने के बाद मुख्यमंत्री ने इन विकास कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी है। गौरतलब है कि स्मार्ट सिटी भुवनेश्वर मंदिर मालिनी सिटी के नाम से मशहूर है। यहां 700 से अधिक मंदिर हैं। यहां कई प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर भी हैं। इन स्थानों पर प्रतिदिन हजारों पर्यटक और तीर्थयात्री घूमने आते हैं। प्राचीन किरताजी सहित सभी धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं सुधार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह राशि स्वीकृत की गयी है। साथ ही समूह संपत्तियों, क्लबों, महिला समिति भवन और पूजा मंडपों का नव निर्माण के साथ विकास किया जायेगा।

# सोआ का अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव जनवरी में

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) की ओर से पहला सोआ अंतरराष्ट्रीय ग्रैंड मास्टर्स शतरंज महोत्सव 28 जनवरी से 4 फरवरी 2024 तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन ऑल ओडिशा शतरंज एसोसिएशन (ओएसीए) द्वारा सोआ अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (आइसीएफ), अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआइसीएफ), भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और ओडिशा सरकार के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 35 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखा गया है। सोआ के दूसरे कैंपस में आयोजित होने वाले इस 8 दिवसीय टूर्नामेंट में 18 से 20 देशों के लगभग 1,500 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद ने बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूचना दी। उन्होंने कहा, अब तक डेनमार्क, नीदरलैंड, ईरान, श्रीलंका, वियतनाम, आर्मेनिया, बेलारूस, इजिप्ट, फिलीपींस, रूस, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, स्लोवाकिया, जिम्बाब्वे और भारत के शतरंज खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सहमत हुए हैं।

# केंद्रीय विद्यालय आइआइटी भुवनेश्वर में मनाया गया वार्षिक क्रीड़ा दिवस





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय विद्यालय आइआइटी भुवनेश्वर में 16 दिसंबर को वार्षिक क्रीड़ा दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि आइआइटी भुवनेश्वर के कुलसचिव बामदेव आचार्य तथा सम्माननीय अतिथि आइआइटी भुवनेश्वर के क्रीड़ा विभाग के संयोजक सत्यजीत पेगू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के स्काउट, गाइड, कब तथा बुलबुल के छात्रों द्वारा मुख्य अतिथि एवं सम्माननीय अतिथि के स्वागत के साथ किया गया तथा छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद छात्रों ने मार्च पास्ट के द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दिया। तदुपरांत विद्यालय के प्राचार्य चक्रधर पृष्टि ने अपने स्वागत भाषण के माध्यम में समस्त गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक आशीष बेहेरा ने क्रीड़ा से संबंधित वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। क्रीड़ा दिवस में दौड़ के साथ साथ अनेक मनोरंजक क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। मुख्य अतिथि बामदेव आचार्य ने प्रतियोगिता के विजेताओं को अपने कर कमलों से मेडल पहनाया तथा अपने आशीर्वचन से सब का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने यह बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम अति आवश्यक है तथा खेलकूद में ही संपूर्ण व्यायाम निहित है। इसके बाद सम्माननीय अतिथि ने भी विजेताओं को मेडल से सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ गौतम मंडल, डॉ किरणमयी लांडू उपस्थित थे। अन्य लोगों में स्कूल के शिक्षक राजेंद्र प्रसाद, बिशाल शर्मा, प्रशांति सुबुद्धि, मिश्री लाल, मानस कुमार घधाई, पल्ली मिश्रा, संतोष कुमार एवं समस्त कर्मचारी शामिल थे।

# स्मार्ट सिटी में हैजा फैल रहा है : मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राउरकेला में फैले डायरिया को लेकर बीजेपी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता मनोज महापात्र ने कहा कि दुनिया से हैजा गायब हो गया है, लेकिन यह शर्म की बात है कि स्मार्ट सिटी राउरकेला में हैजा फैल रहा है। लोग हैजे से मर रहे हैं, उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। मनोज महापात्र ने कहा कि यह नवीन बाबू का सबसे अच्छा तोहफा है। अगर राज्य सरकार स्थिति को नियंत्रित करने में असमर्थ है, तो राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। यदि नहीं, तो केंद्र सरकार से मदद मांगें, तुरंत मदद प्रदान की जायेगी।

## राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए बच्चों को सक्षम बनायें : बामदेव आचार्य



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय विद्यालय, आइआइटी भुवनेश्वर ने अपना वार्षिक समारोह भव्य तरीके से मनाया। आइआइटी भुवनेश्वर के कुलसचिव बामदेव आचार्य ने मुख्य अतिथि के रूप में सूचना प्रौद्योगिकी के युग में बच्चों में रचनात्मकता, नवाचार और आलोचनात्मक सोच विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को भविष्य का सामना करने के लिए तैयार करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सक्षम बनाने का आग्रह किया। डॉ श्रीनिवास भास्कर कारंकी, एसोसिएट प्रोफेसर, आइआइटी भुवनेश्वर इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और छात्रों को प्रेरित किया। चक्रधर पृस्टी, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय, आइआइटी भुवनेश्वर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ गौतम मंडल, डॉ मनस्विनी बेहरा, डॉ किरणमयी लांडू, डॉ ऋषि मिश्रा, डॉ सपना खान, अभियंता रूपेश प्रधान ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय, आइआइटी भुवनेश्वर से राजेंद्र प्रसाद, मानस कुमार घड़ाई, पल्ली मिश्रा, अनन्या षडंगी भी उपस्थित थे।

## 40वीं राज्य रोड साइक्लिंग में किट भुवनेश्वर चैंपियन




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 40वीं राज्य रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप बुधवार को पुरी में संपन्न हुई। किट टीम जूनियर वर्ग में किट-भुवनेश्वर सब जूनियर वर्ग में किट भुवनेश्वर सीनियर वर्ग में और किट-भुवनेश्वर ओवरऑल चैंपियन बन कर उभरा। प्रो अच्युत सामंत संस्थापक किट और किस ने किट टीम को बधाई दी और उन्हें उनकी आगामी चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दीं।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

खुली निविदा बैच संख्या–19/2023 दिनांक : 19.12.2023. आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 11.30 बजे है।

निविदा सं. : 39235878, सामग्री का संक्षिप्त विवरण : (i) ब्रेक कैलिपर यूनिट राइट वर्शन फॉर एचएचबी इओजी कोच इन्क्लूडिंग ब्रेक कैलिपर एंड ब्रेक सिलिंडर टू KBI पार्ट न. 1139691/2 BZA (ii) ब्रेक कैलिपर यूनिट लेफ्ट वर्शन फॉर एलएचबी इओजी कोच इन्क्लूडिंग ब्रेक कैलिपर एंड ब्रेक सिलिंडर टू KBI पार्ट न. 1139691/1 BZA. मात्रा : 8+8 Nos., निविदा जारी करने की तिथि एवं समय : 18 दिसंबर 2023 20:20 बजे। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 15 जनवरी 2024 11:30 बजे।

प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

व. मंडल सामग्री प्रबंधक/ पूमरे/धनबाद

पीआर/01906/डीएचएन/स्टोर/टी/23–24/36

# स्वामला कंपाउंड के नये पैक का अनावरण

- श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड का सबसे प्रीमियम कंज्यूमर ब्रांड

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आयुर्वेद औषधियों के निर्माण में 150 से अधिक वर्षों की परंपरा रखने वाली कंपनी श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड द्वारा दादर (पश्चिम) स्थित कॉरपोरेट कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में मूल्यवान धातु सुवर्ण अर्थात सोने के भस्म पर किये गये आधुनिक संशोधन के बारे जानकारी दी गयी। अंतिम उपभोक्ता तक पूरी तरह से मानकीकृत और सुरक्षित सुवर्ण भस्म पहुंचे, यह सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अनुसंधान किया गया है। सुवर्ण भस्म की सुरक्षितता से संबंधित अध्ययन प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध संस्थाएं जैसे नेशनल सेंटर फॉर प्रीक्लिनिकल रिप्रोडक्टिव एंड जेनेटिक टॉक्सिकोलॉजी, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन रिप्रोडक्टिव हेल्थ, मुंबई और आइआइटी पवई, मुंबई में किया गया है। यह अध्ययन जागतिक स्तर पर प्रशंसित, पीअर रिव्यूव्ड जर्नल्स जैसे टॉक्सिकोलॉजी जर्नल्स, जर्नल ऑफ इथनोफार्माकोलॉजी, जर्नल ऑफ एविडेंस बेस्ड इंटीग्रेटिव मेडिसिन सेज जर्नल्स, जर्नल ऑफ आयुर्वेद एंड इंटीग्रेटिव मेडिसीन आदि में प्रकाशित हुए हैं। सुवर्ण युक्त उत्पादों में से एक बसंत कुसुमाकर रस, जो प्रमेह के इलाज के लिए आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा उपयोग में लाया जानेवाली एक ग्रंथोक्त दवा है। इस पर हुए फार्माकोलॉजिकल स्टडीज से नर्वस, किडनी जैसे अवयवों पर होनेवाले दुष्परिणाम को रोकने के संबंध में सकारात्मक प्रभाव दिखायी दिया। आयुर्वेद चिकित्सक की निगरानी में ही विशेषतः प्रमेह के रुग्णों में इसका उपयोग करने का सुझाव कंपनी देती है।

कंपनी ने अपने प्रमुख उत्पादों में से एक स्वामला कंपाउंड के नये पैक का अनावरण किया है। यह सुवर्ण, रजत आदि की भस्म से समृद्ध च्यवनप्राश है। 60 वर्षों से अधिक समय से यह उत्पाद बाजार में स्थापित है और पूरे देश में कई परिवारों के पसंदीदा च्यवनप्राश में से एक है, जो दशकों से इसका सेवन कर रहे हैं। स्वामला कंपाउंड गाय के शुद्ध घी और शहद के साथ उत्तम गुणवत्ता वाले आंवले और अन्य वनस्पतियों से तैयार किया जाता है। यह संपूर्ण वर्ष प्रतिदिन सेवन किया जानेवाला सर्वोत्तम प्राकृतिक पारिवारिक स्वास्थ्यवर्धक है। यह व्याधिक्षमत्व को बढ़ाने में भी मदद करता है, जो स्वस्थ व्यक्तियों पर किये गये पायलट स्टडी में भी साबित हुआ है।

विश्व स्तर पर स्वीकृत शोध अध्ययन और एविडंस बेस्ड विज्ञान के साथ कंपनी आज के आधुनिक युग में सही रास्ते पर अग्रेसर है। स्वास्थ्य सुख और आयुर्वेद को हमेशा स्थापित करने के एकमात्र इरादे से शास्त्रोक्त, मानकीकृत सुरक्षित और उपयुक्त आयुर्वेद दवाइओं के निर्माण के प्रति पुराणिक परिवार के सदस्यों का 150 से अधिक वर्षों का समर्पण अत्यधिक सराहनीय है। इस कार्य को देखते हुए कंपनी को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति के हाथों दो बार नागार्जुन पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

**कंपनी के बारे में जानकारी** : श्री धूतपापेश्वर लि. कंपनी की स्थापना 1872 में पनवेल में हुआ। यह कंपनी 150 सालों से भी अधिक काल आयुर्वेद क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है। श्री धूतपापेश्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयुर्वेदिक एवं आधुनिक निकषों पर औषधियों को प्रमाणित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए www.sdlindia.com वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। सौ. सोनाली कोकाटे (कम्युनिकेशन एक्जिक्यूटिव) इमेल- sonali.kokate@teamsdl.in या 022-69715000 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# उदय अनंत काओले एमसीएल के नये अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर (ओडिशा)।** उदय अनंत काओले ने कोल इंडिया लिमिटेड की सर्वाधिक कोयला उत्पादक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार ग्रहण किया। बुधवार को एमसीएल मुख्यालय पहुंचने पर सीएमडी श्री काओले का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया और सुरक्षा सेवाओं ने औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। एमसीएल में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण करने से पूर्व श्री काओले भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, धनबाद में निदेशक के रूप में पदस्थापित थे।

श्री काओले, कोयला खनन क्षेत्र में 36 वर्षों का वृहद तकनीकी और प्रशासनिक अनुभव रखते हैं। उन्हें चुनौतीपूर्ण भूमिगत खनन कार्यों के साथ-साथ खुली खदानों में काम करने का अनुभव प्राप्त है। जूनियर माइनिंग इंजीनियर के रूप में श्री काओले कोल इंडिया लिमिटेड में 1987 में नियुक्त हुए और वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समेत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में विभिन्न महत्वपूर्ण पद पदवी में रहकर कई उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं। उन्हें नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग में स्नातक की उपाधि तथा प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक योग्यता प्रमाणन प्राप्त है। इसके साथ ही श्री काओले के पास नागपुर विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और एलएलबी की भी उपाधि प्राप्त है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**